

दैनिक सुप्रभात रायपुर आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी · प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी · वर्ष : 25 · अंक : 230 रायपुर, गुरुवार, 18 सितम्बर 2025 · पृष्ठ : 12 · मूल्य ` 2.00 · RNI NO. CHH HIN/2001/05596


3 पीएम मोदी के जन्मदिन ...

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444

बिग बॉस से बाहर ... 4

सूचना - जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...

## विकसित भारत की नींव चार स्तंभों पर टिकी है : पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुरू हुई स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान विकसित भारत की ठोस नींव साबित होगी : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के धार जिले से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी आज राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि मंडपम से हजारों महिलाओं के साथ इस कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर इन अभियानों के शुभारंभ के साक्षी बने। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और पोषण कैलेंडर का विमोचन किया।





प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार योजना का देशव्यापी

प्रधानमंत्री ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि विकसित भारत की यात्रा नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान, इन चार स्तंभों पर टिकी है और यह अभियान इस लक्ष्य को नई मजबूती देगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें टीबी, एनीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों की मुफ्त जांच व दवाई उपलब्ध होगी। उन्होंने माताओं–बहनों से अपील की कि वे इन शिविरों में जरूर जाएं ताकि किसी भी महिला को जानकारी के अभाव में गंभीर बीमारी का सामना न करना पड़े।

प्रधानमंत्री ने पीएम मित्र पार्क और पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी साझा करते हुए कहा कि इससे लाखों रोजगार सृजित होंगे और छोटे कारीगरों को नई पहचान मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर उन्होंने स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जो भी खरीदें, वह स्वदेशी हो, ताकि पैसा देश में रहे और विकास की गति तेज हो।

### प्रधानमंत्री की नेतृत्व ने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और नेतृत्व ने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है। नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान को विकसित भारत के चार स्तंभ मानकर जो योजनाएं उनके नेतृत्व में शुरू की गई हैं, वे देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं की टीबी, एनीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों की मुफ्त जांच व दवाई उपलब्ध कराई जाएगी। यह मातृशक्ति के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान और सिकल सेल एनीमिया मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे करोड़ों महिलाओं और आदिवासी भाई–बहनों का जीवन सुरक्षित हुआ है। इसी तरह पीएम मित्र पार्क और पीएम विश्वकर्मा योजना लाखों युवाओं और कारीगरों को रोजगार व पहचान दिला रही है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों के परिणामस्वरूप 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आए हैं, जो उनके संवेदनशील नेतृत्व का प्रमाण है। श्री साय ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर प्रधानमंत्री का स्वदेशी अपनाने का आह्वान हर भारतीय के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर प्रारंभ हुई ये योजनाएं विकसित भारत के संकल्प की ठोस नींव हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के कृषि मंडमप में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ के अवसर पर पोषण माह कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मेधावी छात्राओं को सम्मानित भी किया।

## मुख्यमंत्री साय ने मेडिकल कॉलेज में सफाई कर स्वच्छता का संदेश आमजन तक पहुँचाया

### मुख्यमंत्री साय ने कचरा कलेक्शन वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रायपुर नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों की स्वच्छता को समर्पित डोर–टू–डोर कचरा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।







मुख्यमंत्री ने स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर परिसर की सफाई की और स्वच्छता का संदेश आमजन तक पहुँचाया। उन्होंने कहा कि अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे और इसमें सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और स्वप्रेरणा से जुड़ाव समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सदैव स्वच्छता की बात करते हैं और उन्होंने देश को स्वच्छ बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है। हमें इसे आगे बढ़ाने के लिए अपनी जिम्मेदारी प्राथमिकता से निभानी चाहिए।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने स्व–सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके आजीविका मूलक कार्यों और गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0, सीएसपीडीसीएल, क्रेडा की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, कचरा संग्रहण एवं उसके प्रबंधन की प्रक्रिया संबंधी मॉडल तथा स्व–सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टालों का भी अवलोकन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने खुशियों का ठेला के अंतर्गत महिला वेंडर्स को भी प्रोत्साहित किया और उन्हें ऑनलाइन लेन–देन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यूपीआई साउंड बॉक्स डिवाइस प्रदान किया।

## पंजाब में राहुल गांधी को सिरोपा देने वाले ग्रंथी की सेवाएं समाप्त, दो निलंबित



एजेंसी, चंडीगढ़

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पंजाब दौरे के समय सिरोपा भेंट किए जाने के मामले में शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सख्त कार्रवाई की है। गुरु मर्यादा के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए चार कर्मचारियों व अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। इनमें से दो को निलंबित कर दिया है, जबकि एक की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। एक अधिकारी का तबादला किया गया है।

राहुल गांधी बीती 15 सितंबर को पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने के लिए आए थे। इस दौरान वह अमृतसर स्थित बाबा बुड्ढा साहिब जी के गुरुद्वारा साहिब भी गए, जहां प्रबंधकों ने उन्हें सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद विवाद खड़ा हो गया और कई सिख जत्थेबंदियों ने एसजीपीसी के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई। इस पर एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंद्र सिंह धामी ने एक कमेटी गठित की। कमेटी ने बुधवार सुबह इस मामले में रिपोर्ट सौंप दी, जिसके बाद एसजीपीसी अध्यक्ष ने कार्रवाई की है।

एसजीपीसी के सचिव प्रताप सिंह के मुताबिक कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब जी रमदास में आने के समय मर्यादा का उल्लंघन हुआ था, जिसकी जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आज ही कार्रवाई कर दी गई है। कथावाचक भाई पलविंद्र सिंह तथा सेवादार भाई हरविंद्र सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

## सशस्त्र बलों के संयुक्त कमांडर सम्मेलन में किया भविष्य की रणनीति पर विमर्श

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 15– 17 सितम्बर तक संयुक्त कमांडर सम्मेलन–2025 के समापन पर बुधवार को सशस्त्र बलों ने भविष्य की रणनीति और सुधारों पर गहन विमर्श किया।



इस तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय सुधारों का वर्ष : भविष्य के लिए परिवर्तन था। यह मंच रक्षा मंत्रालय और तीनों सेनाओं के शीर्ष स्तर के निर्णयकर्ताओं को एक साथ लाता है, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों तथा सेनाओं की क्षमता विकास पर चर्चा की जाती है। आयोजित सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल थे। इसके अलावा रक्षा प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, एनएसए अजीत डोभाल, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, आर्मी जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भी मौजूद रहे। उन्होंने सशस्त्र बलों के समर्पण की सराहना करते हुए आत्मनिर्भरता तथा तकनीकी नवाचार पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में संयुक्तता, आत्मनिर्भर भारत और नवाचार को सेनाओं की मजबूती का आधार बताया।

### ईवीएम बैलेट पेपर होगा रंगीन और अधिक स्पष्ट : चुनाव आयोग

## ईवीएम पर लगेंगे उम्मीदवार के रंगीन फोटो

एजेंसी, नई दिल्ली

चुनाव आयोग ईवीएम बैलेट पेपर को अधिक स्पष्ट और पढ़ने योग्य बनाने के लिए अब से बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों के रंगीन फोटोग्राफ और बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर छापेगा। चुनाव आयोग इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से करेगा। इसके लिए EC ने एक गाइडलाइन जारी की है। बिहार से इसकी शुरुआत होगी।

चुनाव आयोग ने एक विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आयोग का कहना है कि इन बदलावों से मतदाताओं को सुविधा होगी और अधिक



पारदर्शिता आएगी।

नए नियमों में अब उम्मीदवारों की तस्वीरें रंगीन होंगी। वहीं अंक भी बड़े और बोल्ड अक्षरों में होंगे। आयोग का कहना है कि यह भी पिछले छह महीनों में उठाए गए 28 सुधारात्मक कदमों की ही तरह हैं।

आयोग ने स्पष्ट किया कि सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम समान फॉन्ट और बड़े आकार में लिखे जाएंगे। बैलेट पेपर 70 जीएसएम कागज़ पर छपेंगे। विधानसभा चुनावों के लिए विशेष आरजीबी मानकों वाले गुलाबी रंग के कागज़ का उपयोग किया जाएगा।

निर्वाचन नियम, 1961 के नियम 49B के तहत EVM बैलेट पेपर की डिजाइन और प्रिंटिंग संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया है, ताकि उनकी स्पष्टता और पठनीयता को बढ़ाया जा सके।

## बीजापुर-कांकेर में मुठभेड़ 4 नक्सली ढेर, शव बरामद





**बीजापुर/ कांकेर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़–महाराष्ट्र बॉर्डर पर जवानों ने 2 महिला नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं बीजापुर में भी 2 नक्सली मारे गए हैं।

प्रदेश में बुधवार को जवानों ने एनकाउंटर में 4 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें बीजापुर में 2 नक्सली और गढ़चिरौली में 2 महिला नक्सली शामिल हैं। चारों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। खुफिया इनपुट पर जवानों ने ऑपरेशन चलाया। डीआईजी कमलोचन कश्यप ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

डीआईजी ने बताया कि बीजापुर के गंगालूर इलाके में मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। अभी ऑपरेशन रुका नहीं है। दोनों ओर से गोली–बारी जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। जवानों से डिटेल मिलने पर अपडेट दे पाएंगे।

## मणिपुर में कई उग्रवादी गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामद



एजेंसी, इंफाल

मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने राज्य के विभिन्न जिलों में प्रतिबंधित संगठनों के कई उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में न केवल कई गिरफ्तारियां हुईं, बल्कि हथियारों, संगठनात्मक मुहरों, संदिग्ध दस्तावेज़ों और अन्य सामग्री का बड़ा जखीरा भी बरामद किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कांगलेपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के तीन कैडर – थांगजम याइफबा मैतेई (31), संज़ामबम लोहा मैतेई (29) (दोनों इंफल ईस्ट) और टोंजम हेमोन सिंह (46) (तांगखाम मक्ला लैकाई) को इंफल ईस्ट के खाबाम लामखाई बाजार और हाटा कांगजेइबुंग इलाकों से पकड़ा गया। इनके पास से मोबाइल फोन, आधार कार्ड, संगठनात्मक सील, केसीपी लेटरहेड और नकद बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह बैंकों में दबाव बनाकर ऋण मंजूर कराने और वसूली में लगा हुआ था।

थौबल जिले के खांगाबोक जिला अस्पताल के पास से यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ–कोइरेंग गुट) के दो कैडर गिरफ्तार किए गए। उनकी पहचान हुइद्रोम संगबा (40) (इंफल ईस्ट) और निंगोम्बम बिर्बन मैतेई (43) (चुराचांदपुर) के रूप में हुई।





## नसलियों के पास आत्मसमर्पण ही एक मात्र रास्ता : उपमुयमंत्री शर्मा

**जगदलपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

**17 सितंबर (हि.स.)। नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की ओर से जारी पत्र में पहली बार हथियार छोड़कर शांति वार्ता की बात कही गई है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के इस शांति वार्ता के प्रस्ताव को संदिग्ध बताया है।**







उनका कहना है कि माओवादी प्रवक्ता 'अभय' के पत्र की शैली, फोटो और ईमेल आईडी की सत्यता पर संदेह है, इसलिए सुरक्षा बलों की कार्रवाई पर कोई रोक नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट रुख है कि नक्सलियों के लिए मुख्यधारा में लौटने का एक मात्र रास्ता आत्मसमर्पण ही है, न कि कोई शर्त आधारित बातचीत। उन्होंने कहा कि बंदूक थामने वाले हाथों को अब कारोबार संभालना चाहिए।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि यह पत्र एक माह पहले 15 अगस्त को जारी किया गया है। यदि नक्सलियों का उद्देश्य संघर्ष विराम ही था, तो हाल ही में शिक्षादूतों और ग्रामीणों की हत्याएं व आइईडी विस्फोट क्यों हुए? साथ ही गृहमंत्री ने कहा कि जहां तक वीडियो कॉल से चर्चा की बात है, यह प्रस्ताव हम पहले ही दे चुके हैं, पर आज तक नक्सली संगठन की ओर से कोई पहल नहीं हुई। यदि कोई नक्सली या नक्सलियों का समूह वार्ता या समर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ना चाहता है, तो इसके लिए हमारे पास बेहतर पुनर्वास नीति बनी हुई है।

गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने देश में सबसे अच्छी पुनर्वास नीति तैयार की है, जिससे आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को न सिर्फ आवास और रोजगार बल्कि उद्यमी बनने तक का अवसर मिले। हाल ही में जगदलपुर में हुए 'बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट' कार्यक्रम के जरिए आत्मसमर्पित नक्सलियों को व्यापार की राह पर लाने की पहल की गई है। सरकार ने अतिरिक्त सब्सिडी का प्रावधान किया है, जिससे आत्मसमर्पित नक्सली उद्यम शुरू करें तो लाभ मिलेगा, बल्कि ऐसे उद्यमी भी प्रोत्साहन पाएंगे जो उन्हें रोजगार देंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प से मार्च 2026 तक नक्सलियों के समूल सफाए को लेकर प्रदेश में चल रहे अभियान से नक्सली संगठन दबाव में हैं। केवल छत्तीसगढ़ में ही बसव राजू समेत चार केंद्रीय समिति सदस्य और 463 से अधिक नक्सली मारे गए हैं, जबकि 1500 से अधिक आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**Email ID-rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र./24393/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 17/09/2025

इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 24393**

**वार्ड का नाम -1-वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR801O00318 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT SHARMISHTHA AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती VIKASH AGRAWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ASHOK SAINI पिता/पति श्री/श्रीमती MUKTI LAL SAINI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**Email ID-rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र./24387/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 17/09/2025

इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 24387**

**वार्ड का नाम -1-वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR801O00378 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती M/S RAJA VATIKA DUWARA SARDAR SHREE AMOLAK SINGH , INDRAPAL SINGH , GURJEET SINGH S/O HARVANSH SINGH , BHUPENDRA SINGH S/O SURJEET SINGH BHATIYA SUBHAM ADHLKHA पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती CHANDRALEKHA AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती NAVIN KUMAR AGRAWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**Email ID-rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र./24392/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 17/09/2025

इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 24392**

**वार्ड का नाम -1-वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR801O00263 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHOBHA AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती OMPRAKASH AGRAWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती DEEPAK KUMAR पिता/पति श्री/श्रीमती SANWAR MAL SAINI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**Email ID-rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र./24342/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 17/09/2025

इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 24342**

**वार्ड का नाम -21-शहीद भगत सिंह वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR813C00368 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BASANT TANK S/O HARI BHAI TANK , DILIP BHAI TANK S/O HARI BHAI TANK पिता/पति श्री/श्रीमती S/O के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. REETA CHANDRAKAR W/O KAMTA PRASAD CHANDRAKAR 2. SURYAKANT CHANDRKAR S/O KAMTA PRASAD CHANDRKAR पिता/पति श्री/श्रीमती 3. LOVE CHANDRAKR S/O KAMTA PRASAD CHANDRAKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**Email ID-rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र./24397/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 17/09/2025

इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 24397**

**वार्ड का नाम -1-वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR801O00323 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती M/S SHREE RAM VIHAR PATNER. PAVAN KUMAR AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती LT. RAMKUMAR AGRAWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती VIJAY KUMAR CHOUHAN पिता/पति श्री/श्रीमती BAGDA RAM CHOUHAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. / /अ/6अ/2024–25
ग्राम– मुड़पार, प.ह.नं. 42

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका (1) किरन बाई धोबी पति कल्याण सिंग धोबी (2) गीता बाई निर्मलकर पिता भगवती निर्मलकर (3) कुमारी नर्मदा पिता तिलक राम निर्मलकर (4) पार्वती धोबी पिता कल्याण सिंह निवासी ग्राम मुड़पार थाना व तहसील खरोरा के द्वारा आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत कर ग्राम मुड़पार प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. बंगोली तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 203/4, शामिल खसरा नंबर 203/5, 203/6, 204/2 का भाग रकबा 0.722 हे. भूमि है जो भू–राजस्व अभिलेख के ऑनलाईन कृषि बी–वन खाता क्रमांक 384 एवं जारी ऋण पुस्तिका क्र. पी 0813625 में आवेदकगण के नाम दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि पर (1) किरन बाई धोबी पति कल्याण सिंह धोबी, (2) गीता बाई निर्मलकर पिता भगवती निर्मलकर, (3) कुमारी नर्मदा पिता तिलक राम निर्मलकर, (4) पार्वती धोबी पिता कल्याण सिंह सभी निवासी ग्राम मुड़पार तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज करते हुए अभिलेख दुरुस्त किये जाने की मांग किया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 24/09/2025 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
खरोरा
जिला–रायपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**

मामले की श्रेणी :– राजस्व

संदर्भ :– जिला रायपुर तहसील–रायपुर प.ह.न.–00042 आमासिवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक– RD202425440724200039

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम आमासिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी श्री खेमचंद माखिजा पिता/पति–स्व. श्री शामनदास माखिजा पता–सिविल लाइन रायपुर, श्री शीतल दास माखिजा पिता/पति–स्व. श्री रेलुमल माखिजा पता–स्व. श्री शामनदास माखिजा, श्री कन्हैया माखिजा पिता/पति–स्व. श्री शामनदास माखिजा पता–सिविल लाइन रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 123/7(0.4740) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ध्रुव माखीजा पिता/पति संजय माखीजा पता–रायगढ़ बाड़ा, सिविल लाईन रायपुर छग, श्री शीतल दास माखिजा पिता/पति–स्व. श्री रेलुमल माखिजा पता–सिविल लाइन रायपुर, श्री खेमचंद माखिजा पिता/पति–स्व. श्री शामनदास माखिजा पता–सिविल लाइन रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार: राममूर्ति दीवान
मुहर
तहसील रायपुर

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र. क्रमांक / 202509115600021/ अ–6/2024–2025

रायपुर, दिनांक 15/09/2025

ग्राम–गुढियारी, प.ह.नं.– 49,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदक पुरषोत्तम साहू पिता श्री थुकेल साहू निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नं. 18 कृष्ण नगर राम सागर पारा, रायपुर, (छ.ग.), द्वारा इस न्यायालय में धारा–110 छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम गुढियारी प.ह.नं. 49, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1058/1,2,4 का भाग रकबा 600 वर्गफुट भूमि को क्रय किया था वर्तमान में राजस्व परिवर्तित अभिलेख पर विक्रेता का नाम दर्ज है उपरोक्त वर्णित भूमि को आवेदक ने विक्रेता 01. श्री लक्ष्मीदास पिता वेरशी भाई 02. यशोदा पति लक्ष्मीदास 03. निर्मला पति किशोर सभी निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर सभी द्वारा मुख्तयार आम किशोर कुमार पिता लक्ष्मी दास निवासी देवेन्द्र नगर पति श्री रामनारायण पटेल निवासी डंगनिया रायपुर (छ.ग.), से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.08.2025, के माध्यम से पंजीकृत विलेख कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 29/09/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 29/09/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

---

# राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज (5980) का मनोनीत केंद्रीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बेमेतरा के गांधी मैदान में अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के प्रति निष्ठा और सेवा की शपथ ली। इस महत्वपूर्ण अवसर पर समाज के अध्यक्ष ठाकुर चंद्रशेखर सिंह चौहान ने बेमेतरा में एक सामाजिक भवन के निर्माण हेतु जमीन की मांग प्रमुखता से उठाई, जिस पर मुख्य अतिथि ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ठाकुर चंद्रशेखर सिंह चौहान ने बताया कि यह समारोह बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा जी, पार्षद माननीय गौरव साहू जी एवं विकास तंबोली जी की गौरवमयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री विजय सिन्हा जी ने अपने उद्बोधन में राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज की प्रशंसा करते हुए वीर सम्राट पृथ्वीराज चौहान की गौरव गाथा का स्मरण कराया और समाज के सामने उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज को सशक्त बनाने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

इसी अवसर पर समाज के पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष श्री सिन्हा को बेमेतरा में सामाजिक भवन हेतु भूमि स्वीकृत करने के लिए एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए जल्द ही स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय श्री पीला सिंह चौहान जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और समाज के लिए उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों को नमन किया गया। इस अवसर पर उनके सैनिक पुत्र श्री सूर्य सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

समारोह का शुभारंभ माननीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर, मां भवानी एवं सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पण और मां भवानी की आरती के साथ किया गया। समाज के वरिष्ठजनों एवं बुद्धिजीवियों ने भी सभा को संबोधित करते हुए अपने बहुमूल्य विचार रखे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जाने–माने कलाकार भाई प्रेमानंद जी चौहान और दुर्ग के टीवी कलाकार मोहन सिंह चौहान द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने उपस्थित समाज प्रेमियों एवं अतिथियों का मन मोह लिया।

श्री विजय सिन्हा द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इनमें प्रदेश संरक्षक के रूप में ठाकुर सतानंद जी चौहान, प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर चंद्रशेखर सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर मोहन सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री ठाकुर दाऊराम सिंह चौहान, प्रदेश सचिव ठाकुर देवेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश कोषाध्यक्ष ठाकुर बेनू सिंह चौहान तथा न्याय एवं विकास मंत्री के रूप में ठाकुर नागेश्वर सिंह चौहान ने शपथ ग्रहण किया।

इस अवसर पर विभिन्न अन्य पदों पर भी पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया, जिनमें ठाकुर भगवान सिंह चौहान (प्रदेश संगठन मंत्री), नंदकुमार चौहान (प्रदेश सह संगठन मंत्री), ठाकुर सूर्य चौहान (इंडिया प्रभारी), ठाकुर डी.एस. चौहान (मीडिया प्रभारी) तथा ढाल सिंह चौहान एवं बलराम सिंह चौहान (प्रमुख सलाहकार) शामिल हैं।




**समाज के विस्तार और संगठन को मजबूती देने के क्रम में, प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर चंद्रशेखर सिंह चौहान ने क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं पद्मश्री से सम्मानित श्री अनुज शर्मा जी से भी मुलाकात कर रायपुर के निकट बिहरही में एक सामाजिक भवन के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने की मांग की।**

# पीएम स्वनिधी योजना अंतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक लगेगा लोक कल्याण मेला

**सूरजपुर, प्रतिदिन राजधानी।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अंतर्गत लोक कल्याण मेले का आयोजन मंगल भवन में आज बुधवार को सूरजपुर में किया गया। इस योजना अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक लोक कल्याण मेला का आयोजन जिले के सभी नगरीय निकाय में किया जा रहा है।

इस लोक कल्याण मेला के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभाकर शुक्ला एवं मिशन मैनेजर प्रवीन घोष ने बताया कि, पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत अब ऋण स्लैब में बदलाव किया गया है। पहले प्रथम चरण में दस हजार रुपये के ऋण राशि को बढ़ाकर अब 15 हजार रुपये किया गया है। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 20 हजार रुपये की रकम को बढ़ाकर अब 25 हजार किया गया है। अंतिम चरण की राशि पचास हजार रुपये यथावत रहेगा।

ऋण की पूरी अदायगी करने वाले हितग्राहियों को बैंक की तरफ से क्रेडिट कार्ड भी दिया जायेगा। जो पथ विक्रेता एफएसएसएआई का लाइसेंस बनवाना चाहते हैं, उन्हें सहयोग भी किया जायेगा।

# धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती कई स्थानों पर स्थापित की गई है मूर्ति

**धमतरी, प्रतिदिन राजधानी**



भगवान विश्वकर्मा की जयंती 17 सितंबर को उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। निर्माणी श्रमिकों और कारीगरों के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा की जयंती को लेकर उत्साह का माहौल रहा। शहर के अलग–अलग स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा की गई। शहर में मकई चौक के पास मजदूर यूनियन ने मूर्ति स्थापित कर पूजा की। इसी तरह बाम्बे गैरेज लाइन सोरिद में मोटर मेकेनिक संघ ने भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की यहां पूजा अर्चना की गई। बीते कुछ सालों से भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का चलन बढ़ा है। शहर के अलावा आसपास के गांवों में भी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई। इसी तरह से विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर श्रमिक संघ द्वारा घड़ी चौक में मूर्ति स्थापित की गई। आयोजन में सभी राज मिस्त्री, पेटी ठेकेदार, रेजा, कुली सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष तिलक देवांगन, सचिव बंसी साहू, चंद्रहास यादव, छगन लाल, रमेश साहू, राजेंद्र साहू, सरस पटेल, शांति लाल सिन्हा, सतीश साहू, राजू रुपेश देवांगण, मोहन ध्रुव, संतोष, राजेश, रेखू धनराज, बल्लू साहु, विद्यासागर, उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत देमार स्थित ओम इंजीनियरिंग वर्क्स शाप में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पंडित की अगुवाई में विधि विधान से मूर्ति स्थापना के बाद पूजा अर्चना की गई। अंत में सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। मालूम हो कि इस दिन कल कारखानों में मशीनों की विशेष पूजा की जाती है। इस दिन विश्वकर्मा भगवान की पूजा कर उनसे कारोबार में उन्नति का वरदान मांगा जाता है। दरअसल, भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है और यही वजह है कि विश्वकर्मा पूजा के दिन उद्योगों और फेक्ट्रियों में मशीनों की पूजा की जाती है। हिंदू धर्म में विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। मान्यता है कि सोने की लंका का निर्माण उन्होंने ही किया था। इस अवसर पर संतोष सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आगाज

**धमतरी, प्रतिदिन राजधानी**



लोकसभा क्षेत्र महासमुंद की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने 17 सितंबर को जिला अस्पताल परिसर में आयोजित हेल्थ कैंप एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ''स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान'' का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग नेहरू निषाद, पूर्व विधायक रंजना साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि ''स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की नींव है।'' इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सकारात्मक बदलाव लाना है। एनीमिया नियंत्रण, क्षयरोग उन्मूलन, रक्तदान, टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता को जन–जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सहभागिता निभा रहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया है। वहीं लोकल फार वोकल के जरिए देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दूसरे जिलों के मरीज धमतरी जिला अस्पताल में आकर अपना इलाज करवा रहे हैं, यह यहां के डॉक्टरों के संवेदनशीलता का परिचय है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती (दो अक्टूबर) तक चलने वाला यह अभियान सेवा और जनजागरण का प्रतीक है। सांसद ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं एवं सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा यूएल कौशिक ने अभियान की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 2 अक्टूबर तक जिले में सतत् चलाया जाएगा। यहां प्रतिदिन 600 से 700 मरीजों की ओपीडी जांच, रक्त परीक्षण, एक्स–रे, विशेषज्ञ परामर्श और छोटी शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएं नियमित रूप से की जा रही है। पूर्व विधायक रंजना डिपेन्द्र साहू ने कहा कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य और उनके सशक्तिकरण के लिए महत्त्वपूर्ण कदम है। महापौर रामू रोहरा ने केंद्र शासन और प्रधानमंत्री कार्यकाल में किए जा रहे विकास कार्यों के साथ स्वास्थ्य में किए जा रहे कार्यों को बताया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जानकारी दी कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। जिला अस्पताल में शीघ्र ही ट्रॉमा सेंटर एवं मातृ–शिशु अस्पताल की सुविधा प्रारंभ होगी। वनांचल क्षेत्रों नगरी व सिहावा में एम्बुलेंस सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य पर संदेशास्प्रद प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी जिला चिकित्सालय की ओर प्रदान किया गया। जिला कार्यकम प्रबंधक प्रिया कंवर, सिविल सर्जन डा अरूण टोंडर, जिला मलेरिया अधिकारी डा आदित्य सिन्हा, चिकित्सा अधिकारी डा राकेश सोनी, जिला प्रबंधक गिरीश कश्यप एवं अन्य विभागीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

# टीबी के पीछे छिपा होता है फेफड़ों का कैंसर और इससे लोगों की जान जा रही है : डॉ. दीपक गुप्ता

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

डॉ. दीपक गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट – पल्मोनोलॉजिस्ट, अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर ने बताया भारत में, अगर किसी को बहुत ही ज़िद्दी खांसी हो रही है तो उसे सबसे पहले पल्मोनरी ट्यूबरकुलोसिस ही समझा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि दुनिया के कुल टीबी के मामलों में से 27प्रतिशत भारत में हैं, और हर साल हर 100,000 लोगों में से लगभग 134 नए संक्रमण होते हैं – जो कि ज़्यादातर देशों की कल्पना से कहीं ज़्यादा है।

एक ओर टीबी का निदान ऑटोमैटिक हो जाता है, तभी फेफड़ों के कैंसर के निदान में देरी हो जाती है, जिसकी बहुत भारी कीमत मरीज़ों को चुकानी पड़ती है। चार टीचिंग अस्पतालों में किए गए एक ऑडिट में पाया गया कि 18प्रतिशत फ़िज़िशियन ने शुरूआत में फेफड़ों के कैंसर के लिए ''टीबी'' लिखा, और उनमें से लगभग दस में से नौ डॉक्टरों ने पूरी तरह से एंटी–टीबी थेरपी शुरू कर दी। एम्स–दिल्ली की एक क्लासिक सीरीज़ में भी कुछ ऐसा ही दिखाया: 70 में से 14 फेफड़ों के कैंसर के मरीज़ों (20प्रतिशत) ने बायोप्सी करने की सूचना मिलने से पहले कई महीनों तक टीबी की की दवाएं ली थीं, जिससे उनकी ज़िन्दगी के लगभग चार से पांच कीमती महीने बर्बाद हो गए।

भारत में फेफड़ों के कैंसर से बचने की संभावना बहुत कम होती है, ऐसे में इतने महीने बहुत मायने रखते हैं। कैंसर–रजिस्ट्री डेटा की सबसे बड़ी वैश्विक समीक्षा में, भारत में आयु–मानकीकृत पांच साल तक जीवित रहने की दर सिर्फ 3.7प्रतिशत (2010–2014) दर्ज की गयी है, जो उन लेखकों द्वारा देखे गए किसी भी जगहों से सबसे कम है। कारण स्पष्ट है: ट्यूमर अभी भी प्रारंभिक, रिसेक्टेबल चरण में होने पर निदान किए जाने वाले मरीज़ों की संख्या भारत में दस में से एक से भी कम है; बाकी मरीज़ बीमारी बहुत ही गंभीर हो जाने पर ही निदान तक पहुंचते हैं, जहां इलाज दुर्लभ है।

व्यस्त टर्शियरी सेंटरों में भी टीबी और कैंसर के बीच मिक्स–अप होना इतना आम क्यों है? दोष कौशल में नहीं; संरचना में है। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी रोधी दवाएं मुफ्त हैं, जो निक्षय डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मिनटों में वितरित की जाती हैं, जबकि सीटी–गाइडेड बायोप्सी या ब्रोंकोस्कोपी के लिए अभी भी जेब से भुगतान करना पड़ता है, शहर में जाना पड़ता है और उसके लिए काम, मज़दूरी का नुकसान होता है। जिला अस्पतालों में से एक–छठे से भी कम में ऑन–साइट पैथोलॉजी सेवाएं हैं, इसलिए टिश्यू कन्फर्मेशन वास्तव में ग्रामीण भारत के अधिकांश लोगों की पहुंच से बाहर है। इन बाधाओं का सामना करते हुए, मरीज़ और क्लिनिशियन अक्सर कम से कम रेसिस्टेंस का रास्ता चुनते हैं – पहले टीबी का इलाज शुरू करें और देखें कि एक्स–रे ठीक हो जाता है या नहीं।

# स्कूल शिक्षा मंत्री करेंगे विभागीय कामकाज की समीक्षा

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव की अध्यक्षता में आज सुबह 11:00 बजे से मंत्रालय, महानदी भवन में आयोजित की जाएगी।

बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में भवन विहीन एवं डिस्मेन्टल योग्य शालाओं की स्थिति, लघु मरम्मत कार्य, शौचालयों की मरम्मत, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं सायकल वितरण, लंबित पेंशन और वेतन निर्धारण, सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों को हितलाभ भुगतान, न्यायालयीन प्रकरण की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की जाएगी । इसी प्रकार छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता कार्यक्रम, रजत जयंती कार्यक्रम तथा सेजेस भर्ती की अद्यतन स्थिति पर विशेष रूप से विचार–विमर्श किया जाएगा।

इसके साथ ही स्थापना, वित्त, लेखा शाखा में लंबे समय से पदस्थ क्लेरिकल स्टाफ की जानकारी, आगामी 03 वर्षों की कार्ययोजना, पी.एम. ई–विद्या चौनल एवं दीक्षा पोर्टल के प्रचार–प्रसार, नवीन डाइट सूरजपुर एवं गरियाबंद में पदस्थापना की कार्यवाही तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की सतत मॉनिटरिंग जैसे विषय भी एजेंडा में शामिल हैं।

बैठक में लोक शिक्षण संचालनालय, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के वरिष्ठ अधिकारी,सभी संभागीय संयुक्त संचालक ,समस्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त जिला मिशन समन्वयक सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ ही आगामी वर्षों के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने पर विशेष जोर रहेगा।

---

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**संभाग–02 रायपुर**
**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**
**विज्ञापन क्र.–358**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग–02 रायपुर के अंतर्गत छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र कार्यालय, वृत्त, सिविल संभाग, विद्युत संभाग एवं संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र, सहायक अभियंता कार्यालयों के कार्य संपादन करने के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से विभिन्न श्रेणी के मानव संसाधन उपलब्ध कराने के कार्य हेतु निर्धारित पात्रता रखने वाले प्लेसमेंट/मैनपावर एजेंसियों से **द्वितीय बार** ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत निविदा विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग–02 रायपुर में संपर्क कर सकते है।

S-45273/4

कार्यपालन अभियंता
मो.नं. 9424209041

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (बाजार) रायपुर (छ.ग.)**
**फोन नं.:–2535780, 90,**
**फैक्स : 0771–2227395**
**Website-www.nagarnigamraipur.nic.in**

**ईश्तहार/किरायेदार परिवर्तन की सूचना**

नामांतरण प्र.क्र......
वार्ड का नाम– नवीन बाजार
दिनांक 30/08/2025

एतद् द्वारा सूचित किया जता है कि गोलबाजार गांधी बाजार (अ)+(ब) स्थित दुकान क्रमांक 28 मांग पंजी (किरायादार पंजी), में श्री/श्रीमती श्री संजय कुमार जहांगीर आलम पिता इम्तियाज अहमद के नाम से दर्ज है, जिसका श्री/श्रीमती शहिदा आलम पति स्व. जहांगीर आलम ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारानामा / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नामातरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त किरायेदार परिवर्तन में हक या दावा रखते है तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण कमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सचूना जाने
सहायक राजस्व अधिकारी
बाजार/नजूल
नगर पालिक निगम, रायपुर

सार-समाचार

## आईटीआई में प्रवेश 21 रात्रि 11.59 बजे तक होगा पंजीयन

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में प्रवेश के लिए सातवें और आठवें चरण की कांउसलिंग का शेडयूल जारी कर दिया गया है। आईटीआई में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 21 सितंबर 2025 को रात्रि 11:59 बजे तक भरे जा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी यदि अगले चरण की कांउसलिंग में शामिल होना चाहते हैं तो उन्हें अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड से अपने प्रोफाईल, संस्था-व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम का चयन पुन: करना होगा।

इसके बिना उन्हें अगले चरण की कांउसलिंग में शामिल नहीं किया जायेगा। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा जारी कांउसलिंग शेडयूल के अनुसार 21 सितंबर तक अभ्यर्थियों का पंजीयन ऑनलाईन किया जायेगा। 22 सितंबर को मेरिट सूची जारी की जायेगी। सातवें चरण की काउंसलिंग के लिए 23 सितंबर को चयन सूची जारी होगी और 24 से 25 सितंबर तक अभ्यर्थियों को संस्थाओं में प्रवेश दिया जायेगा।

इसी प्रकार आठवें चरण की काउंसलिंग के लिए 26 और 27 सितंबर को चयन सूची जारी की जायेगी और 29 से 30 सितंबर तक अभ्यर्थियों को संस्थाओं में प्रवेश दिया जायेगा।

## सीएम साय ने पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** साय ने मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। ङ्ग पोस्ट में साय ने लिखा, विकसित भारत के स्वप्नदृष्टा, विकास और विश्वास के प्रतीक, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, भारत माता के सच्चे सपूत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपको जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं। प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ, सुदीर्घ एवं मंगलमय जीवन की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं. इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया. जिसमें मोदी को जन्मदिन की हार्दिक अपने असाधारण नेतृत्व से परिश्रम की पराकाष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आपने देश में महान लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार किया है.

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर विधायक अनुज कार्यालय मे हुए विभिन्न कार्यक्रम

### विधायक अनुज के साथ 75 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान व 54 लोगों को मिला आवास

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन और सेवा दिवस के अवसर पर धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत खरोरा में सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया गया जिसमें धरसींवा विधायक अनुज शर्मा शामिल हुए7

इस दौरान विधायक कार्यालय में विधायक अनुज शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संदेश सुना साथ ही रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 अंगीकार 2025 जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया7 रक्तदान शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 अंगीकार 2025 के तहत 54 लाभार्थियों को गृहप्रवेश कराया, साथ ही खरोरा के पी एम श्री शास.नवीन प्राथमिक शाला खरोरा में





अतिरिक्त कक्ष एवम शौचालय निर्माण कार्य लागत राशि 9.8 लाख रु व खरोरा के वार्ड क्रमांक 06 के मुक्तिधाम में विकास कार्य लागत राशि 5 लाख रु का भूमिपूजन किया गया7 इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि विश्व में भारत को नई पहचान देने वाले, आधुनिक भारत के रचयिता, राष्ट्र सेवक, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री हड्डुह्लद्गठ्ठस्रह्लड्ड स्र्भ्रस्रद्ब जी को मैं जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ और ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल जीवन की मंगलकामना करता हूँ। माननीय प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा देश निरंतर विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और सबका साथ-सबका विकास का संकल्प आज सार्थक हो रहा है।हमारे प्रधानमंत्री जी सदैव स्वच्छता की बात करते हैं और उन्होंने देश को स्वच्छ बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसे आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी प्राथमिकता से निभाएं7 हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे देश के गरीब परिवार की चिंता हमारे प्रधानमंत्री जी करते हैं इसलिए गरीबों का सपना पूरा करने के लिए गरीब परिवार को पक्के आवास दे रहे हैं7 आज के इस रक्तदान शिविर में हमारे सभी कार्यकर्ता भाई-बहनो ने हिस्सा लिया क्योंकि हमारे द्वारा किये गये रक्तदान से मरीजों को एक नया जीवन मिलता है और समाज में सेवा और सहयोग की भावना बढ़ती है।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा सहित मंडल अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, पार्षद, जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की बहनें, नगरवासी एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।



## राजभवन में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** राजभवन में आज विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। राज्यपाल रमेन डेका एवं राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी ने भगवान विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश के खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना एवं राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधायक मूणत, महापौर मीनल एमआईसी सदस्य, पार्षदगण सहित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुभारभ दिवस पर हुए समिलित

### सुलभ शौचालय के पास श्रमदान कर की सफाई, रायपुरा स्कूल के विद्यार्थियों सहित स्वच्छता के प्रति नागरिकों को बनाया जागरूक

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** आज नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के शुभारम्भ अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 के अंतर्गत महादेवघाट रायपुरा में रखे गए आयोजन में प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे नगर निगम की एमआईसी सदस्य श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय, माधव राव सप्रे वार्ड पार्षद महेन्द्र औसर, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी, सामाजिक कार्यकर्त्ता नवीन शर्मा सहित नगर निगम जोन 8



कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अनुराग पाटकर, उप अभियंता लोचन प्रसाद चौहान, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा सहित रायपुरा स्कूल के विद्यार्थियों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, आमजनों, नवयुवकों सहित सम्मिलित हुए और नागरिकों के मध्य स्वच्छता को लेकर जनजागरण किया.रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने महादेवघाट में श्रीहनुमानजी के मन्दिर के समीप भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ माँ के नाम रोपित किया. रायपुर पश्चिम विधायक और महापौर ने एमआईसी सदस्य और वार्ड पार्षदों सहित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के शुभारम्भ दिवस पर महादेवघाट में सुलभ शौचालय के समीप झाडू लगाकर कचरा उठाकर स्वच्छता कायम कर नागरिकों सहित स्वच्छ शौचालय का जन - जन को सकारात्मक स्वच्छता सन्देश दिया.

# आम आदमी पार्टी की रणनीति अब अलग, जमीनी लड़ाई लड़ने के लिए 90 प्रभारी नियुक्त

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी का प्रदेश में संगठन विस्तार जारी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि प्रदेश में अगले विधानसभा चुनावों में अभी 3 साल से ज्यादा का समय बाकी है लेकिन हमारी पार्टी का संगठन विस्तार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और पार्टी ने अभी से ही प्रदेश की सभी 90 विधानसभा के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है।प्रदेश के सभी बड़े नेताओं को जमीन पर काम करने के लिए लगाया गया है और इसके लिए व्यापक तैयारी भी की गई है प्रदेश के सहप्रभारी व दिल्ली सुल्तानपुर मांजरा के विधायक मुकेश अहलावत ने लगातार दो दिन तक प्रदेश के पदाधिकारियों की मैराथन बैठक हुई जिसमें उन्होंने एक अलग रणनीति पर चर्चा की जिसमे प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश के सभी बड़े नेता उक्त रणनीति पर कार्य करने की सहमति बनायें।

प्रदेश संगठन महासचिव उत्तम जायसवाल और प्रदेश संगठन महासचिव देवलाल नरेटी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर बताया कि चरणबद्ध तरीके से पूरे चुनाव तक का कार्यक्रम हमे मिला हुआ है प्रदेश प्रभारी, प्रदेश सह प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में ज़ोन,जिला, विधानसभा, ब्लॉक स्तर, वार्ड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन की टीम तैयार करने की रुपरेखा तैयार कर ली गयी है। पार्टी द्वारा जल्द ही नए सदस्यों को जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में व्यापक अभियान चलाया जायेगा।सभी कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी की नीतियों, विचारधारा और सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित कर दिया गया है।

प्रदेश महासचिव (मीडिया, सोशल मीडिया प्रभारी, मुख्य प्रवक्ता) सूरज उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार आंदोलन कर रही है। विधानसभा के प्रभारियों को पार्टी की रणनीति और खास मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी 90 विधानसभा प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में 21 सितंबर 2025 को मीटिंग लेंगे और उसमें उनकी विधानसभा की 10 प्रमुख मुद्दे होंगे या जनसमस्या होंगी उसको चिन्हांकित करने का काम करेंगे और 5 ऐसे प्रमुख मुद्दे तय करेंगे जिससे प्रदेश में पार्टी का संगठन और तेजी से बढ़े। विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति होने पर प्रदेश के सभी विधानसभा के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल बना हुआ है। प्रदेश महासचिव (मीडिया, सोशल मीडिया प्रभारी, मुख्य प्रवक्ता) सूरज उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पार्टी जनता से आंदोलन कर रही है। विधानसभा के प्रभारियों को पार्टी की रणनीति और खास मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी 90 विधानसभा प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में 21 सितंबर 2025 को मीटिंग लेंगे और उसमें उनकी विधानसभा की 10 प्रमुख मुद्दे होंगे या जनसमस्या होंगी

# आदि सेवा पर्व के अवसर पर जिल में 308 आदि सेवा केन्द्रों का शुभारम्भ

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** जनजातीय समुदायों के उत्कर्ष एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित अभियान आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आज जिले में आदि सेवा केंद्रों को शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर जिले के 308 ग्रामों में ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं अन्य शासकीय स्थानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिकों की उपस्थिति में आदि सेवा केन्द्रों का शुभारम्भ किया गया। महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम डूमरपाली में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सेवा केन्द्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय, सीईओ जनपद पंचायत महासमुंद बी एस मंडावी, खंड प्रभारी आदिवासी विकास महेंद्र टंडन, जिला मास्टर ट्रेनर निलेश खांडे, सभापति जनपद पंचायत महासमुंद श्री बलविंदर सिंह एवं सरपंच ग्राम पंचायत डुमरपाली यमुना ठाकुर मौजूद थे।इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से अभियान के उद्देश्य एवं सेवा केन्द्र की स्थापना के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ग्राम की स्थिति एवं विकास हेतु आवश्यक चर्चा करते हुए ग्राम में स्वच्छता कार्य हेतु कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन पर चर्चा की तथा कमाने खाने बाहर जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित होती होती है, इसलिए पढ़ने लिखने वाले बच्चों का पलायन न हो इस पर समझाईश दी। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण एवं प्रशासन दोनों एक ही विकास की गाड़ी के दो पहिए है दोनों को साथ मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने आदि सेवा अभियान अंतर्गत विकास योजना बनाने में महिलाओं की विशेष भागीदारी पर जोर दिया। ग्राम के सभी आवश्यक अक्टूबर के विशेष ग्राम सभा में विलेज एक्शन प्लान को अनुमोदन करने सभी को बैठक में किया।

### सभी जोनों के विद्युत कार्यों की समीक्षा

# स्ट्रीट लाईट फिटिंग सहित आवश्यक सामग्रियां जोनो को उपलब्ध करवाने निर्देशित

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने आज नगर निगम विद्युत विभाग के सभी 10 जोनो के कार्यों की समीक्षा कर शहर में स्ट्रीट लाईट प्रबंधन के संबंध में सुधार के आवश्यक निर्देश दिये है।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम विद्युत एवं अभियांत्रिकीय विभाग की अध्यक्ष श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय सहित अधीक्षण अभियंता श्री संजय बागडे, प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री संदीप शर्मा, सभी जोनों के विद्युत विभाग उपअभियताओ की बैठक लेकर दीपावली के पूर्व पुख्ता स्ट्रीट लाईट प्रबंधन को लेकर आवश्यक बैठक निवास कार्यालय में ली एवं अधिकारियों को निर्देशित किया । महापौर ने दीपावली के पूर्व राजधानी शहर के अनुरूप रायपुर की स्ट्रीट लाईट प्रबंधन व्यवस्था को सुधारकर सुचारू बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। महापौर ने समुचित तरीके से स्ट्रीट लाईट सिस्टम टाईमर सेट करने



के निर्देश दिये ताकि कही भी दिन में स्ट्रीट लाईट जलती ना दिखे। महापौर ने निर्देश दिये कि दुर्गोत्सव एवं विजयादशमी के दौरान शहर में अच्छी स्ट्रीट लाईट प्रबंधन व्यवस्था दी जाये और दीपावली के पूर्व शहर की सभी स्ट्रीट लाईट जलाया जाना पूरी तरह प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाये।

महापौर ने जोनवार जोन विद्युत उपअभियंताओ से स्ट्रीट लाईट संधारण कार्य प्रबंधन की जानकारी ली एवं अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर ने अधीक्षण अभियंता एवं प्रभारी कार्यपालन अभियंता को निगम मुख्यालय विद्युत विभाग से प्राथमिकता से व्यवहारिक आवश्यकता के अनुसार सभी जोनो को स्ट्रीट लाईट फिटिंग और आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये एवं जोन विद्युत विभागों की टीमों को भेजकर मुख्य मार्गों एवं वार्डो की स्ट्रीट लाईट प्रबंधन व्यवस्था सुधारकर नागरिको के लिए सुविधायुक्त बनाने निर्देशित किया। महापौर ने स्ट्रीट लाईट से सबंधित प्राप्त सभी जनशिकायतो का प्राथमिकता से त्वरित निदान करने के निर्देश दिये।

# प्रोजेक्ट संस्कृति के ज़रिए उभरेगी रायपुर की सांस्कृतिक पहचान

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** छत्तीसगढ़ की लोक कला, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट संस्कृति की शुरुआत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर की गई है। इस दिशा में कलेक्टर




डॉ गौरव सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की शुरुआत कलेक्टर डॉ. सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह को काव्य संग्रह पुस्तक भेंट कर की गई। यह भेंट संस्कृति और साहित्य के प्रति सम्मान का प्रतीक रही। बैठक में प्रोजेक्ट संस्कृति को और प्रभावशाली बनाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के ऐसे विद्यार्थी और नागरिक, जिन्हें लेखन, पठन, गायन एवं नृत्य में रुचि है, उन्हें इस सांस्कृतिक अभियान से जोड़ा जाए। इसके तहत एक विशेष टीम गठित की जाएगी जो प्रोजेक्ट संस्कृति के सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी। बैठक में स्वदेशी जागरण मंच और छत्तीसगढ़ हार्मोनिका क्लब के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और इस अभिनव पहल को सफल बनाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए।

सम्पादकीय

## संतुलनकारी हस्तक्षेप

वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का केंद्र सरकार और विपक्ष दोनों ने ही स्वागत किया है। एक संवेदनशील संतुलन बनाते हुए न्यायालय ने अधिनियम के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगा दी है। जिसमें एक वह खंड भी शामिल है, जो यह निर्धारित करता है कि पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले लोग ही किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित कर सकते हैं। हालांकि, न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि 'अनुमान हमेशा किसी कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होता है।' बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिये एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिये नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिये किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके।

दरअसल, विगत में विपक्ष आशंका जताता रहा है कि यह अधिनियम ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे सकता है और सांप्रदायिक सद्भाव के लिये खतरा बन सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायालय का अंतिम आदेश कानून से जुड़ी ऐसी तमाम आशंकाओं का समाधान कर सकेगा। देश के मौजूदा परिदृश्य में सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये वक्फ की समृद्ध क्षमता का दोहन करने पर राजनीतिक और धार्मिक सहमति बनाने की आवश्यकता है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह से तार्किक आधार रखता है, जिसे संतुलन के हस्तक्षेप की संज्ञा दी जा रही है। जिससे मुस्लिम पक्ष की कतिपय आशंकाओं को दूर करने का ही प्रयास हुआ है।

# पूर्वोत्तर मे मोदी : शांति एवं विकास की नई सुबह की आहट

**प्रधानमंत्री ने यह संकल्प व्यक्त किया कि पूर्वोत्तर को सड़क, रेल और हवाई सेवाओं से देश के हर हिस्से से जोड़ा जाएगा। 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत पड़ोसी देशों से भी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में हिंसा, अशांति और अलगाव की जगह अब शांति, विकास और विश्वास का नया युग शुरू हो रहा है। उन्होंने इन राज्यों के युवाओं को शिक्षा, स्टार्टअप और खेलकूद के लिए विशेष योजनाओं का लाभ देने का वादा किया। मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर की विविध संस्कृति और परंपराएं भारत की असली शक्ति हैं। इनकी पहचान और गौरव को सुरक्षित रखते हुए विकास होगा। इन तीनों राज्यों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह केवल चुनावी वादे नहीं, बल्कि आने वाले 'नए भारत' का रोडमैप है। उनका यह संदेश भी महत्वपूर्ण रहा कि जब पूर्वोत्तर मजबूत होगा, तभी भारत आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा और तभी नये भारत, विकसित भारत का सपना आकार लेगा।**

ललित गर्ग।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिज़ोरम, मणिपुर और असम की यात्रा के दौरान हुई घोषणाएं केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व की दृष्टि से युगांतरकारी मानी जा सकती हैं। मोदी की घोषणाओं और उद्बोधनों से उनका संकल्प साफ झलकता है कि पूर्वोत्तर को भारत की विकास धारा में सशक्त स्थान दिलाया जाएगा। मोदी की ये यात्राएं पूर्वोत्तर की राजनीति और समाज में एक एक नई करवट, नई सुबह साबित हो सकती हैं। मिज़ोरम में उनका संदेश कि पूर्वोत्तर प्रगति का प्रवेशद्वार है, असम में उनका कथन कि पूर्वोत्तर भारत की आत्मा है, और मणिपुर में उनका आत्मीयता- हार्दिक स्पंदन का मरहम ये तीनों मिलकर एक नई दृष्टि, नई दिशा एवं नये संकल्प प्रस्तुत करते हैं।

हालांकि तीनों ही राज्यों की यात्राएं महत्वपूर्ण थीं, परंतु मणिपुर की यात्रा का महत्व विशेष रहा। पिछले डेढ़ वर्ष से हिंसा और अशांति झेल रहे मणिपुर में प्रधानमंत्री की उपस्थिति केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं थी, बल्कि एक संवेदनशील हस्तक्षेप एवं आत्मीय मरहम थी। दरअसल,राज्य में स्थायी शांति के मार्ग में जो एक सबसे बड़ी बाधा है, वह है पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय और घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लोगों के बीच लगातार कम होता विश्वास। ऐसे में सरकार का दायित्व बनता है कि दोनों समुदायों की आकांक्षाओं में संतुलन बनाए। ताकि दोनों समुदायों की चिंता और शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा सके। ऐसा करते हुए मोदी ने दोनों समुदायों की पीड़ा सुनी, संवाद का सेतु बनाया और यह भरोसा दिलाया कि मणिपुर की त्रासदी केवल एक क्षेत्रीय संकट नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चुनौती है। यह यात्रा विश्वास बहाली की शुरुआत साबित हुई। लंबे समय से लोगों को शिकायत रही कि उनकी बात दिल्ली तक नहीं पहुँचती। प्रधानमंत्री की उपस्थिति ने इस दूरी को कम किया और संकेत दिया कि शांति और विकास दोनों को साथ लेकर ही मणिपुर का भविष्य गढ़ा जाएगा। मणिपुर में उनका संकल्प था कि यहां की मातृशक्ति और युवा शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग देगी। फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि मणिपुर और पूर्वोत्तर में शांति की राह आसान नहीं है। विस्थापितों का पुनर्वास, न्याय की प्रक्रिया और आपसी विश्वास का पुनर्निर्माण अभी अधूरा है। यदि इन चुनौतियों को ठोस नीतियों और निरंतर संवाद से नहीं सुलझाया गया, तो यह यात्रा केवल प्रतीकात्मक बनकर रह जाएगी। राजनीतिक दलों और सामुदायिक नेतृत्व की भूमिका भी यहाँ अहम है। यदि वे केवल वोट-बैंक की राजनीति तक सीमित रहेंगे तो शांति की प्रक्रिया बाधित होगी। इसके लिए सामूहिक दृष्टिकोण और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता आवश्यक है। यह एक ऐसा विवादास्पद मुद्दा था, जिसने कुकी-जो समुदाय के लोगों में असुरक्षा व अशांति पैदा कर दी। जिसे दूर किए जाने की सख्त जरूरत है। दरअसल, कुकी एवं मैतेई समुदायों के हिंसक संघर्ष ने राज्य में मतभेदों को मनभेद में बदल दिया है। कुकी-जो विधायकों के एक समूह, जिसमें भाजपा के भी सात विधायक शामिल हैं, ने कहा है कि 'दोनों पक्ष केवल अच्छे पड़ोसियों के रूप में शांति से रह सकते हैं,लेकिन फिर कभी एक छत के नीचे नहीं।' उनकी मांग रही है कि गैर-मैतेई समुदायों के लिये अलग विधायिका सहित अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाए। यह सोच दोनों समुदायों के बीच गहरे मतभेद को उजागर करती है, जिसने मणिपुर को गहरी क्षति पहुंचायी है। इन स्थितियों में मोदी ने जोर देकर कहा कि पूर्वोत्तर में अब हिंसा, अलगाव और अशांति का युग समाप्त होना चाहिए। मणिपुर में उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि शांति ही विकास का आधार है और जब तक सौहार्द स्थापित नहीं होगा, भारत की प्रगति अधूरी रहेगी। यह संदेश न केवल मणिपुर, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर के लिए विश्वास बहाली का माध्यम बना। पूर्वोत्तर केवल सांस्कृतिक और भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मणिपुर और अन्य राज्यों की स्थिरता का सीधा संबंध पड़ोसी देशों से भारत के रिश्तों और राष्ट्रीय सुरक्षा से है। इसलिए यहाँ की शांति केवल स्थानीय आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अनिवार्यता है। मणिपुर पिछले डेढ़ वर्ष से एक त्रासद संघर्ष का साक्षी रहा है। हिंसा, आगजनी, पलायन और खून-खराबे ने राज्य की आत्मा को झकझोर दिया। समाज का संतुलन टूट गया, आपसी विश्वास खंडित हो गया और सामुदायिक संबंधों में ऐसी दरारें पड़ गईं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। लंबे समय तक राज्य अशांत और असुरक्षित बना रहा। हिंसा के कारणों को समझना ज़रूरी है।

सरकार ने समय-समय पर स्थिति को संभालने की कोशिश की, सुरक्षा बल तैनात किए, कर्फ्यू लगाए और संवाद की पहल भी की, परंतु गहरी दरारें मिटाने में ये प्रयास अपर्याप्त साबित हुए। असली चुनौती थी- मनभेदों को मिटाना। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का महत्व यहीं बढ़ जाता है। उन्होंने राज्य में पहुँचकर दोनों समुदायों की पीड़ा को प्रत्यक्ष रूप से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को उच्चतम स्तर पर समझा जा रहा है। उनका यह संदेश कि शांति ही विकास का आधार है और भारत की प्रगति का सपना तब तक अधूरा है जब तक मणिपुर जैसे राज्यों में सौहार्द नहीं लौटता-जनमानस में गहराई से उतरा है। मोदी की इस यात्रा ने सबसे पहले विश्वास बहाली की प्रक्रिया को गति दी। उन्होंने स्पष्ट संकेत दिया कि मणिपुर की त्रासदी केवल एक क्षेत्रीय समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चुनौती है। दूसरा बड़ा प्रभाव यह रहा कि विकास का एक ठोस रोडमैप सामने आया।

मोदी ने राज्य के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की दिशा में नई परियोजनाओं की घोषणा की। इस प्रकार उन्होंने शांति और विकास को एक-दूसरे के पूरक के रूप में प्रस्तुत किया। यह दृष्टिकोण मणिपुर को केवल शांति की ओर नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और प्रगति की ओर भी ले जाने की क्षमता रखता है। तीसरा और शायद सबसे महत्त्वपूर्ण परिणाम यह है कि इस यात्रा ने पूरे उत्तर-पूर्व के लिए एक सशक्त संदेश दिया। लंबे समय तक उत्तर-पूर्व को 'दूरस्थ' और 'सीमांत' मानकर उसकी समस्याओं को राष्ट्रीय विमर्श में हाशिये पर रखा गया। मोदी ने अपने संदेश से यह स्पष्ट कर दिया कि उत्तर-पूर्व भारत की विकास यात्रा का अभिन्न अंग है।

# जीएसटी दरों को सरल बनाना अच्छा कदम लेकिन असली प्रतिस्पर्धा के लिए और सुधार जरूरी

एम गोविंद राव।




**अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवों को देखा जाए तो यह अंदाजा होता है कि मूल्यवर्धित कर (वैट) के लिए सभी के लिए मुफीद होने वाली एकसमान व्यवस्था नहीं है। हर देश राजनीतिक स्वीकार्यता और सुविधा के आधार पर वैट का एक अलग रूप अपनाता है। हालांकि, यदि इसमें कुछ खराब पहलू जैसे कि बड़े पैमाने पर छूट, बहुत अधिक या कम सीमाएं, या कई दरें शामिल हो जाती हैं तो बाद में इन्हें हटाना बहुत मुश्किल हो जाता है।**

वस्तु एवं सेवा कर परिषद की इस बात को लेकर सराहना होनी चाहिए कि इसने जीएसटी दरों की संख्या को कम करके और बदलाव लाकर 'यथास्थिति बनाए रखने की जड़ता' खत्म की है। प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के भाषण के बाद से ही लोगों को कर की दरें कम होने, एक सरल संरचना और कर भुगतान में आसानी की उम्मीद बढ़ गई थी क्योंकि उन्होंने दीवाली के तोहफे के तौर पर, कर बोझ कम करने का वादा किया था। जीएसटी परिषद के अध्यक्ष के रूप में इसका श्रेय केंद्रीय वित्त मंत्री को जाता है कि उन्होंने सदस्यों को सर्वसम्मति से इस फैसले को स्वीकार के लिए राजी किया। इस फैसले के तहत, अधिकांश वस्तुओं को 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी स्लैब में ले जाया गया। साथ ही, पंजीकरण की रफ्तार बढ़ाने और रिफंड जल्दी सुनिश्चित करने के उपाय भी किए गए। लेकिन, अगर कर का बोझ कम करने के लिए इसमें बदलाव किया जाता है तो उसे सभी का समर्थन मिलता है। इसलिए, दरों की संख्या कम करने के फैसले का सभी ने स्वागत किया है। गैर-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों को राजस्व घाटे की आशंका थी लेकिन वित्त मंत्री ने उनके डर को दूर कर दिया है। वैसे भी, ये राज्य खुद को इस प्रक्रिया में बाधा डालने वालों की तरह नहीं दिखना चाहते थे। आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, इस सुधार से इस वित्त वर्ष में लगभग 48,000 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा होने की उम्मीद है। यह प्रतिमाह लगभग 8,000 करोड़ रुपये होगा जो बहुत अधिक नहीं है। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि जिन वस्तुओं पर अब 5 फीसदी कर लगेगा, उनकी खपत कुछ हद तक बढ़ने की संभावना है जिससे इस नुकसान की भरपाई होगी क्योंकि इस श्रेणी की अधिकांश वस्तुओं की खपत में कीमत का बहुत असर होता है। वैसे भी, 12 फीसदी स्लैब वाली वस्तुओं से कुल राजस्व का केवल 5 फीसदी ही आता था ऐसे में दर कम करने से केवल मामूली असर पड़ेगा। हालांकि, 28 फीसदी की श्रेणी को केवल 'अहितकर वस्तुओं' तक सीमित करने से, विशेष रूप से निर्माण सामग्री, वाहनों और उनके कलपुर्जों पर दरों में कमी से राजस्व पर असर पड़ सकता है। ऐसे में कोई हैरानी की बात नहीं है कि गैर-राजग शासित राज्यों ने अपनी आशंकाएं जताई हैं। कुछ मामलों में, यह उनके राजकोषीय संतुलन या पूंजीगत व्यय को प्रभावित कर सकता है और यह देखना बाकी है कि वे कैसे इसे कैसे समायोजित करेंगे। जीएसटी में केवल दो मुख्य दरों को बरकरार रखना एक महत्त्वपूर्ण कदम है, लेकिन यह ध्यान देना जरूरी है कि यह तंत्र अब भी समस्याओं से घिरा हुआ है। आदर्श रूप से छूट के अलावा, एक ही दर पर जीएसटी लगाने से कई प्रशासनिक और अनुपालन संबंधी समस्याएं खत्म हो जाती हैं और इसके कारण विकृतियां भी कम हो जाती हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि 2000 के बाद से किसी न किसी रूप में वैट अपनाने वाले 81 फीसदी देशों ने एकल दर को प्राथमिकता दी है।

# विदेश नीति का बदलता रुख : भारत में अमेरिकी विरोध बढ़ा, क्या नेहरूवादी जड़ों की ओर हो रही वापसी?

मिहिर एस शर्मा।



**अशोक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एनालिसिस ऑफ नेटवर्क डेटा एंड इनसाइट डेरिवेशन के एक अध्ययन ने दिखाया है कि यूक्रेन युद्ध के शुरुआती कुछ महीनों में ही भारत के ट्विटर उपयोगकर्ता बहस में रूस का पक्ष रखते हुए नजर आने लगे थे। यह पूरी तरह सोशल मीडिया द्वारा निर्मित अवधारणा भी नहीं थी।**

दो दशक पहले यह विश्वास करना संभव था कि भारत के वैश्विक रुख के निर्धारण में आगे स्वतः स्फूर्त अमेरिका विरोध निर्णायक भूमिका नहीं निभाएगा। परंतु हाल के महीनों और वर्षों में यह स्पष्ट हो गया है कि पश्चिम के प्रति अविवेकी अविश्वास, तर्कसंगत स्तर तक कम होने के बजाय, भारतीय राजनीति में एक प्रमुख कारक बना हुआ है। वास्तव में यह कम होने के बजाय बढ़ता हुआ प्रतीत हो रहा है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की वजह से नहीं है, न ही पिछले कुछ महीनों के दौरान बार-बार भारत को उनके द्वारा अनुचित रूप से निशाना बनाए जाने की वजह से है। यह तो फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के तुरंत बाद ही भारत के सार्वजनिक जीवन में एक स्पष्ट कारक के रूप में नजर आने लगा था। यूगव द्वारा तकरीबन छह माह पहले कराए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया था कि ज्यादा भारतीय यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए रूस से अधिक पश्चिम को जिम्मेदार मानते हैं।

एक शोध ने प्राइमटाइम टेलीविजन की सामग्री का विश्लेषण किया और पाया कि 'सबसे प्रमुख विषय जो इन आख्यानों से उभरता है, वह यह है कि अमेरिका को युद्ध का सबसे बड़ा लाभार्थी दिखाया गया।' इसलिए, पिछले कुछ महीनों में अमेरिका विरोधी भावना में आई वृद्धि को केवल ट्रंप के अनुचित व्यवहार से पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। वास्तव में, ट्रंप के कार्यकाल में बने तनावपूर्ण माहौल ने केवल उस भावना के लिए एक नया मंच प्रदान किया है, जो पहले से ही दिखाई दे रही थी। कुछ मायनों में 2004 से 2024 के बीच के दो दशकों को स्वतंत्र भारत के इतिहास में अपवाद माना जा सकता है। केवल इसी अवधि में भारत के नेताओं ने खुद को एक हद तक यह इजाजत दी कि वे इस क्षेत्र में या दुनिया में अमेरिका को एक कारक मानते हुए सहज नजर आएं। यह भुलाना आसान है कि यह असहजता कभी कांग्रेस के नेतृत्व से सबसे अधिक जुड़ी हुई थी जिसने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान पार्टी चलाने वाली अभिजात्य पीढ़ी (ऑक्सफर्ड-कैम्ब्रिज में पढ़ी) से अमेरिकी अशिष्टता के प्रति एक प्रकार की उपेक्षा को विरासत में पाया था। यह याद रखना होगा कि उस दौर की पीढ़ी में अमेरिका में पढ़ा केवल एक ही व्यक्ति उल्लेखनीय था और वह थे डॉ. आंबेडकर। 1956 तक भी इस विचार का समर्थन करना कठिन था कि गुटनिरपेक्षता का अर्थ शीत युद्ध के दोनों ध्रुवों से समान दूरी बनाए रखना है। भारत द्वारा स्वेज संकट में एंग्लो-फ्रांसीसी दुस्साहस की निंदा और हंगरी पर सोवियत संघ के आक्रमण के प्रति अपनाए गए रुख के स्वर में अंतर ने यह बात स्पष्ट कर दी थी। इसका अधिकांश हिस्सा उस व्यक्ति के व्यक्तित्व और पसंद से जुड़ा था, जिसे अच्छा या बुरा जैसा भी कहा जाए, वह अब तक भारत पर सबसे बड़ा प्रभाव छोड़ने वाला नेता रहा है। वाल्टर क्रॉकर ने भारत के पहले प्रधानमंत्री पर अपने नोट्स में लिखा है कि नेहरू की सजगता के कारण उन्हें कुछ प्रकार के अमेरिकियों और अमेरिकी तौर-तरीकों से असहजता महसूस होती थी। वहीं डेनिस कुक्स का मानना है कि नेहरू की नीति में ब्रिटिश अभिजात वर्ग की अमेरिका-विरोधी सामाजिक पूर्वाग्रह और ब्रिटिश लेबर पार्टी के वामपंथी धड़े की अमेरिका-विरोधी नीतिगत सोच की झलक दिखाई देती है।

बॉलीवुड समाचार

## ऑस्कर अवॉर्ड विनर डायरेक्टर रॉबर्ट रेडफोर्ड का निधन

### ट्रंप से लेकर लियोनार्डो डिकैप्रियो तक ने जताया दुख अनिल कपूर और प्रियंका चोपड़ा भी हुए भावुक



हॉलीवुड एक्टर और डायरेक्टर रॉबर्ट रेडफोर्ड का निधन हो गया। ऑस्कर अवॉर्ड विनर डायरेक्टर 89 साल के थे। रॉबर्ट की पब्लिसिटी फर्म रॉजर्स एंड कोवन पीएमके की चीफ एग्जीक्युटिव सिंडी बर्गर ने उनके निधन की पुष्टि की। हालांकि, मौत का कारण अभी सामने नहीं आया है। रेडफोर्ड के निधन के बाद हॉलीवुड और उनके चाहने वालों ने उन्हें याद किया। अमेरिकी एक्ट्रेस और एक्टिविस्ट जेन फोंडा ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा, जब मैंने पढ़ा कि बॉब (रॉबर्ट रेडफोर्ड) अब नहीं रहे तो मुझे गहरा झटका लगा। मैं रोना बंद नहीं कर पा रही हूं। वह मेरे लिए बहुत मायने रखते थे। वह हर तरह से एक बेहतरीन इंसान थे। वह उस अमेरिका के लिए खड़े रहते थे जिसके लिए हमें लगातार लड़ना होगा। वहीं, एसोसिएटेड प्रेस के साथ बातचीत में एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो ने कहा, यह हमारी कम्युनिटी के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। वह न केवल एक शानदार एक्टर थे, बल्कि वो एक बेहतरीन डायरेक्टर भी थे। उनकी फिल्में जैसे 'क्विज शो' इसका उदाहरण हैं। वह उन शुरुआती लोगों में थे जिन्होंने पॉलिटिकल थ्रिलर बनाई। उनकी फिल्में 'थ्री डेज ऑफ द कोंडोर', 'ऑल द प्रेसिडेंट्स मेन' इसका सबूत है। उन्होंने इस तरह की फिल्मों का रास्ता खोला। सबसे बढ़कर वह पर्यावरण संरक्षण और इंडीजिनस अधिकारों के लिए लगातार काम करते रहे। आज हमने एक लीजेंड को खो दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनके निधन पर रिएक्ट करते हुए कहा, रॉबर्ट रेडफोर्ड बेहतरीन एक्टर थे।

# बिग बॉस से बाहर आने के बाद इनसिक्योर हुईं नगमा

## बोलीं- तान्या अवेज पर डोरे न डाले, अमाल के बिजनेस वाले बयान पर भी रिएक्शन



बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट और सोशल मीडिया स्टार नगमा मिराज हाल ही में शो से एविक्ट हो गईं। शो में उनके बॉयफ्रेंड अवेज दरबार के साथ उनकी लव स्टोरी को लेकर दर्शकों के बीच काफी चर्चाएं रहीं। कुछ लोग इसे फेक कह रहे हैं, तो कुछ इसे सिर्फ एक गेम प्लान मान रहे हैं। लेकिन इस एक्सक्लूसिव बातचीत में नगमा ने सब कुछ साफ कर दिया। उनका रिश्ता, उनका गेम, घर के कंटेस्टेंट्स को लेकर राय, बाहर की दुनिया से मिला रिएक्शन और अब आगे का उनका प्लान।

**आपको क्या लगता है कि बिग बॉस के घर से आपका एविक्शन इतनी जल्दी क्यों हुआ?**

मेरे एविक्शन की सबसे बड़ी वजह मेरी तबीयत रही। जब मैं बिग बॉस के घर में थी, तब मेरी तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही थी। मुझे कुछ दवाइयां लेनी पड़ रही थीं जिनकी वजह से मुझे पूरे दिन भारीपन और नींद महसूस होती थी। इस वजह से मैं गेम में अपनी पूरी एनर्जी नहीं दे पाई और शायद यही वजह बनी कि मुझे बाहर होना पड़ा। मैं अब भी पूरी तरह ठीक नहीं हूं, लेकिन जो कुछ भी सीखा और अनुभव किया, वो मेरे जीवन का हिस्सा बन चुका है।

**क्या बिग बॉस के घर में अवेज दरबार के साथ दिखाया गया प्यार सिर्फ एक गेम स्ट्रैटेजी थी?**

नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं है। अगर ये प्यार फेक होता, तो अवेज दरबार पूरे देश के सामने मुझे प्रपोज नहीं करते। हम दोनों शो में आने से पहले ही एक सीरियस रिलेशनशिप में थे और हमारे परिवार तक को हमारी रिलेशनशिप की जानकारी थी। हम शादी की भी प्लानिंग कर रहे थे और बहुत जल्द आप सबको इसकी अनाउंसमेंट भी मिल जाएगी। अगर ये सिर्फ कोई गेम की स्ट्रैटजी होती, तो मैं बिग बॉस के घर में इतने इमोशंस के साथ कभी नहीं जुड़ती।

**क्या यह सच है कि बिग बॉस से पहले आपके और अवेज दरबार के रिश्ते में दरारें आ चुकी थीं?**

हां, ये बात सही है कि हम दोनों एक-दूसरे को करीब 10 सालों से जानते हैं, लेकिन ये रिश्ता हमेशा एक जैसा नहीं रहा। कभी हमारी बातचीत बंद हो जाती थी, तो कभी फिर से शुरू हो जाती थी। हमने अपने रिश्ते में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन यही हर सच्चे रिश्ते की पहचान होती है। हमने उन सब मुश्किलों को पार किया और आज हम पूरी तरह से एक-दूसरे के लिए कमिटेड हैं।

**बिग बॉस के घर में जाने से पहले और अब, आप अपने अंदर कितना बदलाव महसूस करती हैं?**

बिग बॉस के घर का अनुभव मेरे लिए बहुत गहरा और भावनात्मक था। मैं वहां सिर्फ 22 दिन रही, लेकिन हर दिन ने मुझे कुछ न कुछ नया सिखाया। घर के अंदर रहकर मैंने जाना कि सिर्फ दिल से नहीं, दिमाग से भी सोचने की जरूरत होती है। मैं बहुत जल्दी लोगों पर भरोसा कर बैठी, और शायद ये मेरे गेम के लिए नुकसानदायक रहा। अब बाहर आकर सोचती हूं कि कई बार मुझे खुद के लिए आवाज उठानी चाहिए थी, जो मैंने नहीं की।

**बिग बॉस का ऐसा कौन-सा कंटेस्टेंट है, जिससे आप अवेज दरबार को सावधान रहने की सलाह देंगे?**

मैं चाहूंगी कि अवेज दरबार अमाल मलिक से थोड़ी दूरी बनाकर रखें। शो के पहले हफ्ते में अमाल ने कहा था, हम उनसे इसलिए पंगा नहीं लेते क्योंकि वो हमें बिजनेस देते हैं। यह सुनकर मैं चौंक गई थी। मुझे नहीं लगा था कि दोस्ती या प्रोफेशनल रिलेशनशिप को इस तरह से शो में इस्तेमाल किया जाएगा। अगर मैं दोबारा बिग बॉस के घर में गई, तो मैं साफ तौर पर अवेज को कहूंगी कि अपनी पर्सनल बातें अमाल से साझा न करें।

**बिग बॉस के कंटेस्टेंट बशीर ने आपके और अवेज के रिश्ते को गेम बताया, उस पर आपका क्या कहना है?**

बशीर ने कहा कि अवेज मेरे पीछे-पीछे घूमते हैं, लेकिन उस समय मैं खुद बीमार थी। ऐसे में अवेज मेरे लिए गेम क्यों खेलते? उन्होंने मेरी केयर की और हमेशा मेरे साथ खड़े रहे। अवेज ने उसे जवाब भी दिया था कि तू भी नेहल और फरहाना के साथ ऐसे ही घूमता है। किसी भी रिश्ते को गेम कहना बहुत आसान है, लेकिन उसकी गहराई को समझना मुश्किल होता है। बशीर खुद भी बहुत सेफ गेम खेलते हैं, ये बात फराह मैम ने भी कही थी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक मां वंदे का ऐलान, उन्नी मुकुंदन निभाएंगे मुख्य भूमिका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 साल के हो गए हैं। इस खास मौके पर उनकी बायोपिक फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम मां वंदे है। इस फिल्म में मलयालम सिनेमा के जाने-माने अभिनेता उन्नी मुकुंदन मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। मुकुंदन फिल्म में प्रधानमंत्री का किरदार अदा करने के लिए काफी उत्साहित हैं। मां वंदे के निर्देशन की कमान क्रांति कुमार सीएच ने संभाली है, वहीं वीर रेड्डी एम इस फिल्म का निर्माण करने वाले हैं।

**इन भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म :** मां वंदे का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें वह एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करते दिख रहे हैं। मुकुंदन प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका में खूब जंच रहे हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे आप हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में देख पाएंगे। खास बात यह है कि इस फिल्म को अंग्रेजी भाषा में भी बनाया जाएगा। इस फिल्म में मोदी के व्यक्तिगत और राजनीतिक सफर की घटनाओं और उपलब्धियों को दिखाया जाएगा।



'स्वच्छता ही सेवा' और 'अंगीकार-2025' अभियान, प्रधानमंत्री स्वनिधि

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नगरीय प्रशासन विभाग के स्वच्छता, आवास और लोक कल्याण उत्सव में हुए शामिल

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के स्वच्छता, आवास और लोक कल्याण उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने राजधानी रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' और 'अंगीकार-2025' अभियान तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 एवं लोक कल्याण मेला का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 11 हजार लाभार्थियों को गृहप्रवेश भी कराया। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकद्वय राजेश मूणत और सुनील सोनी तथा रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।



मुख्यमंत्री साय और अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय स्वच्छता सुपर लीग के टूल-किट का विमोचन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत हितग्राहियों को उनके स्वीकृत आवासों के भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र तथा पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। उन्होंने रायपुर नगर निगम के दिवंगत कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र भी दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने रायपुर नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों में स्वच्छता को समर्पित डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि देश को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ा काम किया है। स्वच्छता अब लोगों की आदत में शुमार हो गया है। उन्होंने कहा कि घर के अंदर और बाहर साफ-सफाई केवल महिलाओं का ही दायित्व नहीं है, बल्कि यह पुरूषों का भी काम है। उन्होंने देश में स्वच्छता को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में छत्तीसगढ़ को सात राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। बीस हजार से कम आबादी वाले देश के 100 सबसे स्वच्छ शहरों में अकेले छत्तीसगढ़ के 58 शहर शामिल हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए नगरीय निकायों में काम कर रहे स्वच्छता दीदियों, सफाई कर्मियों और वहां के नागरिकों को धन्यवाद देते हुए रैंकिंग में आगे और भी सुधार करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत बनाने के लिए अपने विजन डॉक्युमेंट-2047 के अनुरूप काम कर रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 11 वर्षों में देश के एक-एक व्यक्ति की चिंता की है। 'सबका साथ सबका विकास' के ध्येय पर चलते हुए देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 में 'अंगीकार-2025' अभियान के तहत हर पात्र परिवार तक आवास पहुंचाने का काम किया जा रहा है। स्ट्रीट वेंडर्स को आगे बढ़ाने और उनके कल्याण के लिए भारत सरकार प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 लेकर आई है। आज से पूरे प्रदेश में यह लागू हो रहा है।



## सीएम साय से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी से छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण तथा बच्चों के पोषण और शिक्षा से संबंधित चल रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर इन क्षेत्रों में और अधिक प्रभावी कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा उपस्थित थीं। विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय महिला एवं बाल सशक्तिकरण तथा बच्चों के पोषण और शिक्षा से संबंधित चल रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।

## निगम आयुक्त के निर्देश पर 26 भवन स्वामियों द्वारा रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं किये जाने एफडीआर राशि को राजसात करने की कार्यवाही की

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा ने जानकारी दी है कि नगर पालिक निगम रायपुर जोन 7 अंतर्गत भवन निर्माण अनुज्ञा प्राप्त करते समय भूमि भवन स्वामियों द्वारा रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित किये जाने हेतु निर्धारित सुरक्षा राशि को एफडीआर के रूप में जोन कार्यालय में जमा करवाया गया था, किंतु उक्त संबंधित 26 भूमि भवन स्वामियों द्वारा निर्धारित समय समयावधि के उपरांत भी अपनी भूमि भवन पर रैन वाटर सिस्टम स्थापित करके जमा एफडीआर को मुक्त करने हेतु जोन क्रमांक 7 के कार्यालय में आवेदन जमा नहीं किया गया। नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर ने जानकारी दी है कि नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 के नगर निवेश विभाग द्वारा नगर निगम जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत कुल 26 भवन भूमि स्वामियो की अपने भवन भूमि में रैन वाटर स्थापित सिस्टम स्थापित करने भवन निर्माण अनुज्ञा प्राप्त करते समय 4 लाख 22 हजार 632 रू. राशि की कुल जमा एफडीआर राशि को राजसात करने की कार्यवाही की गयी गयी है, अब नगर निगम जोन 7 नगर निवेश विभाग द्वारा शासन के अधिनियम के प्रावधान के अनुसार राजसात की गयी एफडीआर राशि से सम्बंधित 26 व्यक्ति/ संस्था के सम्बंधित स्थल पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने की कार्यवाही की जाएगी।

## 2196आवारा पशुओं को गौठानों में भेजा गया

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशो के अनुरूप नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर और आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा प्रतिदिन नियमित अभियान चलाकर सभी जोन क्षेत्रों के भिन्न वार्डों के विभिन्न मुख्य मार्गों में मानिटरिंग करके सड़को पर आवारा पशुओं की धरपकड़ कर उन्हें गौठानों में काउकेचर वाहन से भेजे जाने की कार्यवाही तेज गति से सतत निरंतर प्रगति पर इस क्रम में आज दिनांक 17 सितम्बर 2025 को नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा 35 आवारा पशुओं की विभिन्न सड़क मार्गो से धरपकड़ कर उन्हें काऊकैचर वाहन की सहायता से गौठानों में भेजा गया। धरपकड़ अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा सभी 10 जोनो के विभिन्न मुख्य मार्गो में सघन अभियान चलाकर राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विगत 46 दिनों में विभिन्न मुख्य सड़क मार्गो से 2196 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर उन्हें गौठानों में भेजा गया है. यहां उल्लेखनीय है कि प्रतिदिन सतत चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान की नियमित मॉनिटरिंग महापौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष, आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय और स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती प्रीति सिह द्वारा की जा रही है

## चोरी की ट्रैक्टर के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

चोरी की ट्रैक्टर के साथ दो गिरफ्तार हुए है। चंद्रकेश सिंह पिता शिवपूजन सिंह उम्र 49 वर्ष निवासी राम जानकी मंदिर के पास वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 14. 09.2025 को शाम 6ः00 बजे अपना स्वराज 735 कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 पीसी-5068 ट्रॉली सहित को ड्राइवर रमेश पटेल प्रतिदिन की तरह अजय सोनकर के घर तार फिनिशिंग के अंदर खड़ी कर गेट का ताला लगाकर चला गया था कि दिनांक 15.09.25 के सुबह करीबन 7ः00 बजे अजय सोनकर फोन कर बताया कि ट्रैक्टर जो ड्राइवर रमेश पटेल खड़ी कर गया था वहां नहीं है गेट कार्ड ताला टूटा हुआ है कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कबीर नगर में अपराध क्रमांक 205/2025 धारा 331(4), 305(ए) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना कबीर नगर पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी लगातार अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर चिन्हांकित करने के प्रयास किया जा रहा था। इसी दरम्यान मुखबिर से सूचना मिला कि मुकेश साहू नामक व्यक्ति चोरी का ट्रैक्टर को वेदांत वाटिका तरफ लेकर जा रहा है मुकेश साहू को पता तलाश कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मुकेश साहू से घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर अलग-अलग स्थानों से 04 नग ट्रैक्टर एवं 07 नग मोटर साइकिल चोरी करना बताया कुम्हारी के हरजीत सिंह उर्फ रिंकू को विक्रय करना बताया एवं एक नग ट्रैक्टर को वेदांत वाटिका तथा 03 नग मोटरसाइकिल अपने घर में छुपा कर रखना बताया। जिसे आरोपी मुकेश आरोपी हरजीत सिंह उर्फ रिंकू का पता तलाश कर आरोपी रिंकू से 03 नग ट्रैक्टर एवं 04 मोटर साइकिल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## छत्तीसगढ़ का गौरव पं. रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय को NAAC A+ ग्रेड बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने पं. रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय को NAAC A+ ग्रेड प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ एवं कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर IQAC टीम और विभिन्न क्राइटेरिया कॉर्डिनेटर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि, यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, मंजिल नहीं। अब हमारा लक्ष्य ++ ग्रेड हासिल करना होना चाहिए। यह केवल विश्वविद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण है। मैं स्वयं इस विश्वविद्यालय का छात्र रहा हूं और इस संस्थान से अब तक 40 लाख से अधिक विद्यार्थी निकल चुके हैं। यह उपलब्धि संयुक्त प्रयास का परिणाम है, और संयुक्त प्रयास कभी असफल नहीं होते, उनका फल अवश्य मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के समर्पित योगदान के कारण आज विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का वातावरण लगातार बेहतर होना चाहिए और विश्वविद्यालय केवल एक दिन के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों और समाज को गढ़ने का कार्य करता है। विश्वविद्यालय से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।



अब तक 58,500 आवेदन, 6,500 स्थापना व 17,000 स्थापना प्रक्रियाधीन

## पीएम सूर्यघर योजना में डबल सब्सिडी से डबल हुई आवेदन और स्थापना की गति

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

हॉफ बिजली बिल से मुफ्त बिजली की ओर तेजी से बढ़ रहा आकर्षण सस्ती बिजली हेतु सरकारी योजना के बदले लोग चाहने लगे आत्मनिर्भरता प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत केन्द्र की तर्ज पर राज्य सरकार द्वारा भी सब्सिडी देने से आवेदनों तथा रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट की औसत मासिक संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। प्रदेश के बिजली उपभोक्ता हॉफ बिजली बिल से शून्य बिजली बिल की ओर कदम बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर तैयार हो रहे हैं, जिसका असर आने वाले महीनों में बड़ी उपलब्धि के रूप में दिखाई पड़ेगा। शासन की मंशानुसार उपभोक्ताओं का रुझान अब सस्ती बिजली हेतु सरकारी योजना के बदले आत्मनिर्भरता की तरफ बढने लगा है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा एक किलोवाट के लिए 30,000 रूपये, दो किलोवाट के लिए 60,000 रूपये तथा तीन किलोवाट के लिए 78,000 रूपये सब्सिडी प्रदान की जा रही थी। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 18 जून, 2025 को आयोजित राज्य मंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से भी सब्सिडी देने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत एक किलोवाट के लिए 15,000 रूपये, दो किलोवाट के लिए 30,000 रूपये तथा तीन किलोवाट के लिए भी 30,000 रूपये सब्सिडी देने की घोषणा की गई। जिससे एक से लेकर तीन किलोवाट तक कुल सब्सिडी क्रमशः 45,000 रूपये, 90,000 रूपये तथा 1,08,000 रूपये हो गई है। मार्जिन मनी के लिए बैंकों से 10 वर्षों के लिए 6 प्रतिशत की ब्याज दर पर आसान ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।



मुख्यमंत्री श्री साय की विशेष पहल पर राज्य सब्सिडी का प्रदाय जल्दी से जल्दी करने के निर्देश दिये गये। जिसके कारण 8 सितम्बर को आयोजित एक कार्यक्रम में 618 हितग्राहियों के बैंक खाते में 1.85 करोड़ रूपये की सब्सिडी उनके बैंक खातों में अंतरित कर दी गई। साथ ही यह व्यवस्था की गई है कि अब स्थापना के एक माह के भीतर स्टेट सब्सिडी दे दी जाएगी। इस तरह उपभोक्ताओं का विश्वास तथा उत्साह तेजी से बढ़ा है। राज्य सब्सिडी घोषित होने के पूर्व औसत मासिक आवेदनों की संख्या 1,607 थी तथा स्थापनाओं को स्टेट सब्सिडी घोषित होने के बाद आवेदनों की औसत मासिक सख्या 3,906 हो गई है

## बृजमोहन अग्रवाल ने साफ-सफाई कर श्रमदान किया



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर से स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा शुभारंभ के मौके पर परिसर की साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इस अवसर पर रायपुर नगर निगम सहित अन्य नगरीय निकायों की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छ भारत का संकल्प तभी सार्थक होगा जब हम सभी श्रमदान और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे। आइए, मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध रायपुर तथा नए छत्तीसगढ़, नए भारत के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में विधायक राजेश मूणत , सुनील सोनी , महापौर मीनल चौबे समेत गणमान्यजन उपस्थित रहे।

महापौर के प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बीएसयूपी योजना परिसरो की सफाई व्यवस्था सुधारने पृथक सफाई गैंग बनाने प्रस्ताव देने के निर्देश

## महापौर मीनल ने कार्यों की समीक्षा पार्षदो सहित कर दिये आवश्यक निर्देश

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 10 कार्यालय में पहुंचकर जोन अध्यक्ष सचिन बी मेधानी, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, पार्षद श्रीमती गायत्री नौरंगे, विनय पंकज निर्मलकर, मनोज जांगडे, श्रीमती सुषमा तिलक साहू, विनय प्रताप सिंह ध्रुव सहित जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, सहायक अभियंता योगेश यदु सहित जोन अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक लेकर जोन के सभी 7 वाडों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 10 क्षेत्र के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना और बीएसयूपी योजना परिसर की सफाई व्यवस्था सुधारने वहां स्वच्छता कायम करने जोन से पृथक सफाई गैंग बनाने अतिरिक्त सफाई कामगार लगाने आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र देने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिये। महापौर ने जोन 10 के वार्डो में जलभराव की समस्या दूर करने गंदे पानी का सुगम निकास कायम करने वार्डो में नई नालियों और नालो के निर्माण का व्यवहारिक आवश्यकता के अनुसार प्रस्ताव बनाकर शीघ्र सक्षम स्वीकृति लेने नगर निगम मुख्यालय में भेजे जाने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिये। वार्ड 49, 50, 52, 53, 54, 55 के क्षेत्रो में नाली नाला निर्माण के आवश्यक कार्य शीघ्र करने प्रस्ताव देने के निर्देश महापौर ने जनहित में दिये। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने अधिकारियों को वार्डो में जलभराव की समस्या को शीघ्र दूर करने को प्राथमिकता देने निर्देशित किया।



महापौर ने सभी वार्ड पार्षदों से चर्चा कर वार्डो की जनसमस्याओं की जानकारी ली एवं जनसमस्याओं का त्वरित निदान करने आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

## शेफस किचन की स्वच्छता का निरीक्षण कर सीलबंद

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

नगर निगम जोन 3 ने तेलीबाँधा मुख्य मार्ग में शेफस किचन की स्वच्छता का निरीक्षण जनशिकायत मिलने पर किया, गन्दगी मिलने और नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज नहीं मिलने पर तत्काल किया सीलबंद0

रायपुर - रायपुर नगर पालिक निगम में प्राप्त गन्दगी सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए गए आदेशानुसार और जोन 3 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग की टीमों द्वारा जोन 3 क्षेत्र अंतर्गत तेलीबाँधा मुख्य मार्ग स्थित शेफस किचन दुकान की स्वच्छता का वस्तुस्थिति की जानकारी लेने स्थल पर प्रत्यक्ष निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान गन्दगी पायी गयी और नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज नहीं पाया गया. जनशिकायत सही पायी गयी, जिस पर जोन 3 जोन कमिश्नर के निर्देश पर सम्बंधित दुकान शेफस किचन को ताला लगाकर तत्काल सीलबंद करने की कार्यवाही की गयी.






# आइटीबीपी 38 वी वाहिनी का आयोजन

**नारायणपुर , प्रतिदिन राजधानी**
नारायणपुर जिले के ओरछा तहसील के अंतर्गत आने वाले गाँव एडजूम में 38 वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के नए कैम्प एडजूम में प्रथम बार मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के सेनानी श्री रोशन सिंह असवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में लगभग 50 से अधिक स्थानीय गाँव के निवासियों जिसमें युवा स्त्री, पुरुष, वृद्ध और बच्चो की मुफ्त चिकित्सीय जाँच कर दवाईयों का वितरण किया गया। जैसा कि विदित हो कि 1 सितंबर को ही 38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल एवं छत्तीसगढ़ पुलिस प्रशासन द्वारा नक्सल विरोधी अभियान और नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत एडजूम गाँव में एक नए कैम्प को खोला गया है। नए कैम्प के खोले जाने से यहाँ के स्थानीय निवासियों में खुशी एवं उत्साह की लहर है और सभी स्थानीय निवासियों द्वारा नए कैम्प का हार्दिक स्वागत किया। सुबह से ही स्थानीय निवासी चिकित्सा शिविर हेतु कैंप में पहुँच गए थे, जो कि सुरक्षा बलों के प्रति उनके विश्वास को जाहिर करता है। चिकित्सीय जाँच एवं दवाईयों के वितरण के साथ-साथ गाँव वालों को कैंप खोले जाने का उद्देश्य, भारत सरकार की इन क्षेत्रों के लिए बनाई गई योजनाओं और सार्थक प्रयासों से अवगत कराते हुए सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में स्थानीय लोगों को जागरूक किया ।

## खनिज विकास निधि से सर्वांगीण विकास - सांसद

**दंतेवाड़ा प्रतिदिन राजधानी**
दंतेवाड़ा के जावंगा स्थित ऑडिटोरियम में जिला खनिज न्यास निधि के 10 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। वक्ताओं ने खनिज न्यास निधि की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र, महेश कश्यप का कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्वागत किया। सांसद महेश कश्यप ने अपने संबोधन में जिला, खनिज न्यास निधि की जानकारी दी । उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिक्षा और अधो संरचना के क्षेत्र में खनिज न्यास निधि का योगदान सर्वोपरि है। इसके
फलस्वरुप जन कल्याण की अवधारणा साकार स्वरूप ले रही है। सांसद श्री कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा किए गए कार्यों की उपयोगिता से अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी द्वारा उद्बोधन राहत दिए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा जिले में बाढ़ पीड़ितों को त्वरित राहत दी गई थी। इसके फलस्वरूप पीड़ितों को बड़ी सुविधा मिली। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले में संचालित विकास कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# एनएचएम कर्मचारी इच्छा मृत्यु के लिए मजबूर
## राज्यपाल को कलेक्टर के माध्यम से पत्र लिखा

**सुकमा, प्रतिदिन राजधानी**
छग एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी नियमितिकरण एवं 10 सूत्रीय मांगों के साथ 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे हैं। हड़ताल के एक माह पूरा होने पर भी शासन जहां वार्ता को तैयार नहीं है, वहीं प्रदेश के 16000 कर्मियों को बर्खास्त कर नयी भर्ती हेतु आदेश निकालकर दमनकारी नीति अपना रही है। इसका विरोध एवं मजबूर होकर एनएचएम कर्मियों ने आज इच्छा मृत्यु के लिए राज्यपाल को कलेक्टर के माध्यम से पत्र लिखा।
साथ ही दो थाली नाटक के माध्यम से एनएचएम कर्मचारियों का दुख दर्द भी दिखाया कि आधा रोटी आधा पेट जीवन संविदा की चढ़ गया भेंट। और समान काम समान वेतन के लिए शासन से पुन: निवेदन किया। संघ का कहना है कि जब हम पिछली बार कांग्रेस सरकार में हड़ताल में थे तब आज के मंत्री उस समय हमें समर्थन देने मंच पर आए थे एवं सरकार बनने के



बाद 100 दिन के अंदर नियमितीकरण हेतु कमिटी बनाकर नियमित करने का आश्वासन दिया था। अब जब सत्ता में है तो 20 महीनों में हमने 160 ज्ञापन शासन के हर मंत्री,विधायक एवं प्रशासन को दिया।
दो दिवस का सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया और 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल में है।
मंत्रीजी ने पहले कहा- नियमितीकरण केंद्र सरकार का मामला है जब संयुक्त सचिव के पत्र एवं सूचना के अधिकार से ये स्पष्ट हो गया कि राज्य सरकार नियमितकरण कर सकती है तो कमिटी बनाने का आश्वासन दे रहे और पांच मांगे पूरी होने की भ्रामक जानकारी दे रहे जबकि कोई आदेश जारी नही हुआ है।
साथ में दमनकारी नीति अपनाते हुए संघ के 25 कर्मचारियों के बर्खास्तगी का आदेश निकाला और अब सभी को नौकरी से निकालकर नई भर्ती करने का आदेश निकाल दिया ।
शासन के दमनकारी नीति के खिलाफ पहले ही ह।।रू कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है और अब उग्र आंदोलन और आर पार की लड़ाई करने पर आ गये हैं।
सुकमा एनएचएम जिला अध्यक्ष डॉ. वेद साहू, उपाध्यक्ष रीना नायडू एवं प्रवक्ता डॉ. मुकेश बख्शी ने बताया कि अगर लिखित में सभी मांगे पूरी नही हुई तो भूख हड़ताल और आमरण अनशन तक जाएंगे।
मध्यप्रदेश में 62 साल की जाब गारंटी,ग्रेड पे एवं अनुकंपा जैसी सुविधायें ह।।रू कर्मचारियों को दी जा रही है फिर यहां भी डबल इंजन की सरकार होने के बाद अपने ही किये वादे को सरकार क्यों पूरा नही कर पा रही है।



# केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के कोंडागांव आगमन पर स्वागत

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के कोंडागांव आगमन पर वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप और बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वन मंत्री ने डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव जिले के ग्राम गोलावंड में आयोजित भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में लगभग 01 करोड़ 69.52 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी।साथ ही ग्राम गोलावंड में शीतला माता मंदिर निर्माण के लिए पाँच लाख और सामुदायिक कार्य हेतु बीस लाख रूपए के शेड निर्माण की घोषणा की।
वन मंत्री ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे यह सरकार की मंशा है। हमारी प्राथमिकता में ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पुल पुलिया का विकास है,



जिससे सभी गांव विकासखंड और जिला मुख्यालय से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गांव गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की गई थी। क्योंकि पक्की सड़क मार्ग बन जाने से गांव में विकास पहुंचती है। वन मंत्री ने ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।
उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और महतारी वंदन योजना, लखपति दीदी जैसे कई योजनाओं से गांव की महिलाएं भी आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड जैसे योजनाओं से शत प्रतिशत लाभ पहुंचाए। साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए भी प्रेरित किया।
कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी,जनपद अध्यक्ष अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य यशोदा कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, दीपेश अरोरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम में वन मंत्री श्री कश्यप ने क्षेत्रवासियों को 01 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी, जिसमें ग्राम खण्डाम में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास से 3 लाख रुपए की लागत से अतरिकोट पारा में रंगमंच निर्माण, मयूरडोंगर में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास से 4.50 लाख रुपए की लागत से गोविन्द घर के पास पुलिया निर्माण, कार्य शामिल है।



# अभियंताओं के पदोन्नति कोटे में कटौती का विरोध

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में कनिष्ठ अभियंताओं के पदोन्नति कोटे में कटौती कर 70 से 40 फीसदी करने तथा सहायक अभियंता के पदों पर सीधी भर्ती का प्रतिशत बढ़ाते हुए रिक्तियों को ऑल इंडिया लेवल पर खोलने के आदेश का डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है।
एसोसिएशन का कहना है कि इस निर्णय से छत्तीसगढ़ प्रदेश के बेरोजगार इंजीनियर युवाओं के रोजगार अवसरों में भारी कमी आएगी। आदेश को पुन: संशोधित कर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दिए जाने की मांग को लेकर आज डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों ने विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम को ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन सौंपने वालों में सहायक अभियंता एल.एस. टेकाम, पी.एल. अहिरवार तथा कुमार, सत्तार बैग, विकास साहू, राजेश कोमा, भागवत पोया और प्रयास वोडितेलवार शामिल रहे विधायक श्री टेकाम ने इस विषय पर सार्थक प्रयास एवं आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# महिलाओं को सशक्त बनाने निरंतर काम कर रही भाजपा सरकार- विभा अवस्थी



**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**
भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी आज सोमवार को दो दिवसीय बस्तर प्रवास पहुँची। प्रथम बस्तर आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने भाजपा महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक ली और अपने संबोधन में भाजपा को मजबूत करने व संगठन के कार्यों को गति देने महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को सशक्त भूमिका निभाने कहा।
भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि विगत 11 वर्ष से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा की सरकार है। प्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं ज़मीनी स्तर पर फलीभूत हो रही है। करोड़ों की संख्या में बैंकों में जन धन खाता मातृशक्ति के नाम से खोला गया है। प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना महिलाओं को समर्पित है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिये महतारी वंदन योजना आरंभ की। जिसका आर्थिक लाभ प्रत्येक माह लाखों महिला बहनों को मिल रहा है। विभा अवस्थी ने कहा कि महिलाओं को मजबूत बनाने भाजपा की सरकारें दिनरात कार्य कर रही है। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्तायें कर्मठता व समर्पण भाव से संगठन के कार्य योजनाओं को विस्तार दें एवं शासन की ही, इसके लिये सतत् प्रयास करें। नवनियुक्त भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। जिला कार्यकारिणी की बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भी संबोधित करते हुये महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को जनता के मध्य जाकर निरंतर कार्य करने कहा।

# प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस से अश्लील बात का आरोप
## सीआरपीएफ के 2 जवान हिरासत में, जांच जारी

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**
महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव ने सीआरपीएफ के दो जवानों पर फोन पर अश्लील बाते करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार की शाम को कोतवाली में जाकर मामला दर्ज कराया है।
मामले की जानकारी देते प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस शायमा अशरफ ने बताया कि कुछ दिनों से अज्ञात नंबरों से लगातार फोन आ रहे थे इसके अलावा रात करीब 1 से 2 बजे के बीच एक कॉल आया, जहां उसने दोस्त बताते हुए बात करना शुरू किया, जिसके बाद कॉल को काट दिया, उसके बाद फिर एक नंबर से फोन आया और अश्लील बातें करने लगे, जिसके बाद मामले की शिकायत कोतवाली थाना में दिया गया।
वहीं जब दोनों को पकड़ा गया तो दोनों युवक दोस्त होने के साथ ही सीआरपीएफ के जवान है। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।वही उन जवानों का कहना था कि यह नंबर बस स्टैंड के शौचालय में नंबर लिखा हुआ था, जबकि इन दोनों जवानों के अलावा अन्य किसी का भी फोन नहीं आया है, मामले की शिकायत दर्ज कर दी गई है, वहीं पूछताछ की जा रही है,

# खनिज संपदा के दोहन को लेकर सीपीआई ने सौंपा ज्ञापन, सहकारी समितियों के माध्यम से उत्खनन की



**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
बस्तर संभाग की खनिज संपदा को स्थानीय लोगों के हित में सुरक्षित करने और उसके दोहन पर नियंत्रण की मांग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोण्डागांव ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित था।
ज्ञापन में कहा गया कि बस्तर अंचल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां की जल, जंगल और जमीन जीवन और संस्कृति का आधार है। ऐसे में खनिज उत्खनन से संबंधित सभी गतिविधियों पर निर्णय लेने का अधिकार ग्राम सभाओं को दिया जाना चाहिए, ताकि स्थानीय समुदाय अपनी सहमति या असहमति स्वतंत्र रूप से व्यक्त कर सकें। पार्टी ने मांग की है कि खदानों का संचालन केवल सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से हो और किसी भी प्रकार की लीज से पहले ग्राम सभा की अनुमति अनिवार्य बनाई जाए। निजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को खदानें लीज पर देने की व्यवस्था पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ ही पहले से हुए एमओयू को तत्काल निरस्त करने की भी मांग रखी गई है।सीपीआई ने आगे कहा कि खनिज कार्य केवल स्थानीय सहकारी समितियों के माध्यम से कराया जाए और इसकी निगरानी राज्य खनिज निगम करे। साथ ही खनिज सर्वेक्षण के नाम पर ग्रामीणों को प्रताड़ित करने की घटनाओं को तत्काल रोका जाए। पार्टी ने एनएमडीसी नगरनार स्टील प्लांट और अन्य खदानों व उद्योगों के निजीकरण पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं में ठेकेदारी प्रथा को तत्काल समाप्त किया जाए। राज्य परिषद सदस्य तिलक पांडे के निर्देश पर शैलेष, जयप्रकाश, दिनेश, सोमारु, रामचंद सहित कई कार्यकर्ताओं ने यह ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय में सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन न्यायसंगत मांगों पर शासन-प्रशासन ने सकारात्मक कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी को उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा,



# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कृषि अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन
### 23 को होगा जिला स्तरीय सांकेतिक प्रदर्शन

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला कोण्डागांव द्वारा अपनी लंबित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 15 सितंबर को मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव को ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही जिले के सभी पांचों ब्लॉकों केशकाल, फरसगांव, बड़े राजपुर, माकड़ी और कोण्डागांव से संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं सदस्यों ने भी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और तहसीलदारों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को रखा।
ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया में जिला अध्यक्ष संतू राम सोरी, कोषाध्यक्ष लच्छीन मौर्य, प्रवक्ता आलोक यादव, सुरेन्द्र उसेंडी, दिनेश नेताम, खोमेश्वर साहू, कन्हैयालाल जैन सहित संघ के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे। इसके अलावा माकड़ी ब्लॉक अध्यक्ष तेजलाल यादव, केशकाल ब्लॉक अध्यक्ष नवल मरकाम, बड़े राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश नाग, फरसगांव ब्लॉक अध्यक्ष मेघनाथ साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि यदि 9 सूत्रीय मांगों की पूर्ति शीघ्र नहीं की गई, तो आगामी 23 सितंबर को प्रांतीय आह्वान पर जिला स्तर पर एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर कोण्डागांव को मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम जिला स्तरीय ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## युवा प्रत्याशी ने की वोट की अपील

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
आज बस्तर संभाग के कोंडागांव में राज्य विधिज्ञ परिषद निर्वाचन के लिए युवा प्रत्याशी अधिवक्ता रवि सिंह राजपूत (प्रत्याशी क्रमांक 74 )ने समस्त अधिवक्तागण से वोट की अपील की।



इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार 11 साल बाद चुनाव हो रहा है, जिसमें युवा प्रत्याशी रवि सिंह राजपूत को चौतरफा समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। अधिवक्ता रवि सिंह राजपूत के समर्थन में अधिवक्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है, जो उनके प्रति विश्वास और समर्थन को दर्शाता है।


# अभियंताओं ने विश्वेश्वरैया की मनाई जयंती, किया याद



**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के द्वारा लोक निर्माण विभाग के प्रांगण में स्थित सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया।
विभाग द्वारा भारत के प्रसिद्ध सिविल इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती 15 सितंबर को इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है। इस जयंती में समारोह में कार्यपालन अभियंता ए आर मरकाम एवं अनविभागीय अधिकारी आर एन उसेंडी एस के सरदार जीवन नेताम इंजीनियर प्रमोद नेताम हरीश नेताम गुलशन ठाकुर ऐश्वर्या लक्ष्मी ठाकुर जितेंद्र साहू आरके बाजपाई दीपक प्रधान जीएस सिवान लोकेश पटेल रमेश कश्यप परमेश्वर नेताम खेमेश्वर साहू हेमंत सरोज वीरेंद्र बघेल आर आर पटेल ठेकेदार ज्ञान सिंह चंदेल अमित पटेल मनीष देवांगन अजय लाल एवं लोक निर्माण विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।
कार्यपालन अभियंता ए आर मरकाम एवं अनुविभागीय अधिकारी ने कहा कि सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने भारत की बांधों सड़कों और उद्योगों को बेहतर बनाने में बेहतरीन योगदान दिया था, जिसके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितंबर 1861 को कर्नाटक के चिक्का बल्लापुर जिले में हुआ था उन्हें भारतीय इंजीनियरिंग जगत में क्रांति के लिए याद किया जाता है। कर्नाटक का प्रसिद्ध कृष्णा राज सागर बांध हैदराबाद है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत में भी काम किया। वर्ष 1912 से 1918 तक वे मैसूर रियासत की दीवान रहे, जहां उन्होंने शिक्षा रेलवे और औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा दिया। देश के लिए उनके द्वारा किए गए योगदान के लिए भारत सरकार ने 1955 में उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

## शिक्षिका राधिका दीवान को डॉ. अब्दुल कलाम सम्मान

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**
प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य अलंकरण 2025 का भव्य आयोजन 8 सितम्बर को प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन , अकादमिक भवन कुरुद, जिला धमतरी में किया गया।



इस अवसर पर प्रदेश के चुनिंदा 100 शिक्षकों, समाजसेवियों , और 10 बाल वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया । जिसमें कोंडागांव जिले के प्राथमिक शाला देवखरगांव की शिक्षिका राधिका दीवान को डॉ. अब्दुल कलाम सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार , कला, संस्कृति, प्रकृति शिक्षण, समाज सेवा, अंधविश्वास निर्मूलन, रूढ़िवाद उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रदान किया गया।
राज्य अलंकरण से सम्मानित शिक्षिका राधिका दीवान ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष परंपरा के तहत चयनित शिक्षकों का दूध मिश्रित जल से चरण प्रक्षालन किया गया इसके बाद तिलक चंदन महाआरती मोमेंटो, मेडल और प्रशस्ती पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया । जिस तरह से शिक्षकों का सम्मान किया गया वह अपने आप में अद्भुत , अद्वितीय रहा । सम्मान पाकर हृदय में एक अलौकिक आत्मिक सुखद अनुभव हो रहा है ।

# भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की आगामी सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान, चंद्रपॉल की वापसी

**नई दिल्ली।**

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। विंडीज की टीम में पूर्व क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपॉल के बेटे तेजनारायण चंद्रपॉल के साथ ही एलिक अथानाजे की वापसी हुई है। ये सीरीज 2 से 14 अक्टूबर तक अहमदाबाद और दिल्ली में खेली जाएगी। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाने वाली ये सीरीज भारत और वेस्टइंडीज दोनों के लिए ही अहम है। बता दें कि 2018 के बाद वेस्टइंडीज की टीम पहली बार टेस्ट सीरीज के लिए भारत के दौरे पर आ रही है। ये टीम 24 सितंबर को अहमदाबाद पहुंचेगी।




### गुडाकेश को आराम

चंद्रपॉल और अथानाजे को शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए शामिल किया गया है, जबकि पियरे को वेस्टइंडीज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में दूसरे विशेषज्ञ स्पिनर के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने वेस्टइंडीज चैंपियनशिप सर्वाधिक 41 विकेट लिए थे। चयन समूह ने आगामी सीमित ओवरों के कार्यक्रम की मांगों को देखते हुए लाल गेंद की सीरीज के लिए गुडाकेश मोटी को आराम देने का फैसला किया है, जिसका मुख्य आकर्षण अगले साल फरवरी और मार्च में होने वाला आईसीसी टी20 विश्व कप है।

### उपमहाद्वीप में खेलना हमेशा एक चुनौती : सैमी

हेड कोच सैमी ने बताया कि उपमहाद्वीप में खेलना हमेशा एक चुनौती होती है और हमने इन परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धी होने के लिए एक टीम चुनी है। टेस्ट टीम के रूप में यह हमारी दूसरी सीरीज होगी, लेकिन एक बार जब हम अपने ब्रांड और टीम की योजनाओं के प्रति प्रतिबद्ध हो जाते हैं तो हम पहले ही दिखा चुके हैं कि एक इकाई के रूप में हम क्या कर सकते हैं।

### खैरी पियरे पहली बार दूसरे स्पिनर के रूप में शामिल

सैमी ने कहा कि हाल ही में संघर्षों को देखते हुए चंद्रपॉल की वापसी शीर्ष क्रम में हमारी किस्मत बदलने में मददगार साबित होगी और स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ उनकी ताकत और गुणों के कारण अथानाजे को भी टीम में शामिल किया गया है। खैरी पियरे को पहली बार हमारे दूसरे स्पिनर के रूप में शामिल किया गया है, क्योंकि हमें उम्मीद है कि परिस्थितियां मददगार होंगी।

### भारत के टेस्ट दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम

रोस्टन चेज (कप्तान), जोमेल वारिकन (उपकप्तान), केवलन एंडरसन, एलिक अथानाजे, जॉन कैंपबेल, तेजनारायण चंद्रपॉल, जस्टिन ग्रीव्स, शाई होप, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एंडरसन फिलिप, खैरी पियरे, जेडन सील्स

### वेस्टइंडीज का भारत दौरा

- **पहला टेस्ट** : 2 से 6 अक्टूबर 2025 – नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद
- **दूसरा टेस्ट** : 10 से 14 अक्टूबर 2025 – अरुण जेटली स्टेडियम, नई दिल्ली

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीन स्वीप

# वरुण टॉप बॉलर, पहली बार एक ही टीम और उसके खिलाड़ी सभी 4 कैटेगरी में नंबर-1

**नई दिल्ली।**

आईसीसी की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में ही भारतीय खिलाड़ी टॉप पर हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर है। ऐसा पहली बार हुआ है कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फॉर्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। पहली बार वरुण चक्रवर्ती टॉप बॉलर बने हैं। वरुण टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बनने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर हैं। उनसे पहले जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। बैटर अभिषेक शर्मा अपने करियर की हाईएस्ट रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं।

**वरुण चक्रवर्ती का एशिया कप में शानदार प्रदर्शन जारी :** 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन जारी है। उन्होंने यूएई के खिलाफ दो ओवर में सिर्फ 4 रन देकर 1 विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर 1 झटका था। उन्होंने रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़ा।



**अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार :** बैटिंग में अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 31 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दो स्थान के फायदे के साथ 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम 10 स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंड्या पहले नंबर पर :** भारतीय स्टार हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब चार स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर और अभिषेक चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# नीरज चोपड़ा वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे, पहले प्रयास में 84.85 मीटर भाला फेंका

**टोक्यो।**

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने ग्रुप ए में अपने पहले ही प्रयास में 84.85 मीटर भाला फेंका। एक अन्य भारतीय सचिन यादव डायरेक्ट क्वालिफिकेशन मार्क तो हासिल नहीं कर सके, हालांकि वे रैंकिंग के आधार पर क्वालिफिकेशन की रेस में हैं। सचिन ने पहले प्रयास में 80.16 मी, दूसरे प्रयास में 83.67 और तीसरे में 82.63 मीटर स्कोर किया। इस ग्रुप से जर्मनी के जुलियन वेबर (87.21 मीटर) और पोलैंड के डेविड वेगनर (85.67 मीटर) ने क्वालिफिकेशन मार्क से ज्यादा थ्रो किया। नीरज डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन हैं।

उन्होंने 2023 में हंगरी में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में 88.17 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड जीता था। वहीं, अरशद डिफेंडिंग ओलिंपिक चैंपियन हैं। उन्होंने पेरिस ओलिंपिक में 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड जीता था। तब नीरज ने सिल्वर जीता था।



**इस स्टेडियम में ओलिंपिक गोल्ड जीत चुके हैं नीरज :** जेवलिन थ्रो इवेंट टोक्यो के जापान नेशनल स्टेडियम में हो रहा है। इसी स्टेडियम में नीरज ने 2020 टोक्यो ओलिंपिक का गोल्ड जीता था। तब उनका बेस्ट थ्रो 87.58 मीटर का रहा था। अरशद उस इवेंट में 84.62 मीटर थ्रो के साथ पांचवें नंबर पर रहे थे।

# स्मृति मंधाना से ठोका दूसरा सबसे तेज शतक, ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को जमकर कूटा, लगाई रिकॉर्ड की झड़ी

**नई दिल्ली।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुक़ाबला मंगलवार को खेला गया। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में भारतीय खब्बू सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने एक बार फिर जोरदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा है।

### स्मृति मंधाना ने मात्र 77 गेंद में ठोका शतक

स्मृति ने पहले मैच के अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए मात्र 77 गेंद पर शतक ठोक डाला। इस मैच में स्मृति ने 91 गेंद पर चार छक्के और 14 चौके की मदद से 117 रनों की पारी खेली। यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा लगाया गया दूसरा सबसे तेज वनडे शतक है। भारत के लिए सबसे तेज शतक भी स्मृति ने ही ठोका है। उन्होंने इसी साल आयरलैंड के खिलाफ मात्र 70 गेंद पर शतक पूरा किया था।

### स्मृति के वनडे करियर का 12वां शतक

यह स्मृति के वनडे करियर का 12वां शतक है। इसी के साथ वे महिला वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में इंग्लैंड की टैम्सिन बीअमोंट के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के नाम वनडे में सबसे ज्यादा शतक हैं। लैनिंग ने अपने करियर में 15 शतक लगाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर 13 शतक के साथ न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स हैं।




**वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50 + स्कोर बनाने का रिकॉर्ड :** मंधाना महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा 50 + स्कोर करने वाले दुनिया की पांचवीं बल्लेबाज बन गईं हैं। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट को पछाड़ दिया है। मंधाना ने अबतक 44 बार 50 + स्कोर बनाए हैं। वहीं, लौरा वोल्वार्ड्ट ने अपने वनडे करियर में 43 बार ऐसा किया है। महिला वनडे में सबसे ज्यादा 50+ का स्कोर पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज के नाम है। मिताली ने 71 बार ऐसा किया है।

# संजू सैमसन को मिडिल ऑर्डर में खिलाना 'नाइंसाफी' मैनेजमेंट की जिद शुभमन गिल को टीम में फिट करना

**नई दिल्ली।**

भारत ने एशिया कप 2025 में पाकिस्तान को हराकर एक बार फिर अपना दबदबा बनाए रखा है। लेकिन, इस जीत के बीच सबसे बड़ा सवाल बना रहा– संजू सैमसन को मिडिल ऑर्डर में भेजने का फैसला। जहाँ एक ओर रोमांच से भरे इस मुकाबले में टीम इंडिया ने बड़ी ही आसानी से पाकिस्तान को मात दी, वहीं भारत के सबसे दमदार बल्लेबाज सैमसन को एक भी गेंद खेलने का मौका नहीं मिला, जिसने उनके फैन्स को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या टीम उसकी असली ताकत का सही इस्तेमाल कर रही है।

**सैमसन की खामोशी के आगे एशिया कप का रोमांच फीका :** एशिया कप के इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में टीम इंडिया की बैटिंग का जिम्मा टॉप ऑर्डर ने बखूबी निभाया। शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और अभिषेक शर्मा ने शानदार शुरुआत दी और भारत ने एक मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में पाकिस्तान जब बल्लेबाजी करने उतरा, तो भारतीय गेंदबाजों ने पूरे मैच पर पकड़ बनाए रखी और बड़ी ही आसानी से जीत का पलड़ा अपनी तरफ कर लिया। लेकिन, इस जीत के बीच सबकी नजरें टिक गईं संजू सैमसन पर। टीम के सबसे खतरनाक बल्लेबाज माने जाने वाले सैमसन को ओपनिंग की बजाए नंबर पाँच पर भेजा गया, वह पोजिशन जिसमें वे टी20 इंटरनेशनल में अभी तक पूरी तरह सेट नहीं हुए हैं।



**गौतम गंभीर की पसंद : गिल को मिली ओपनिंग, सैमसन पीछे :** शुभमन गिल को स्थायी ओपनर बनाने का फैसला कहीं न कहीं गौतम गंभीर की पसंद को दर्शाता है। टीम मैनेजमेंट ने गिल को लगातार टॉप पर उतारना चुना है, चाहे संजू सैमसन का रिकॉर्ड कितना ही शानदार क्यों न रहा हो। सैमसन का बतौर ओपनर रिज्यूमे अपने आप में काबिल-ए-तारीफ है। सिर्फ इस साल ही उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में 522 रन जड़े हैं, जिसमें तीन शतक शामिल हैं। उनका औसत 32.63 रहा है और स्ट्राइक रेट 178.77, जो इस फॉर्मेट में किसी भी बल्लेबाज को खास बना देता है। सबसे अहम बात यह है कि पॉवरप्ले के ओवर्स में वह गेंदबाजों पर सीधा हमला बोल सकते हैं और यही उन्हें टॉप ऑर्डर का नैचुरल और मजबूत दावेदार बनाता है। ऐसे में, सैमसन जैसे बल्लेबाज को नीचे खिसकाना उनके टैलेंट और टीम की जरूरत दोनों के साथ नाइंसाफी जैसा लगता है। फिर भी, टीम मैनेजमेंट की जिद गिल को टॉप पर खिलाने की है, और इसका नतीजा यह हो रहा है कि सैमसन को ऐसी पोजिशन पर उतारा जा रहा है, जहाँ न तो वह अपनी असली ताकत दिखा पा रहे हैं और न ही खेल में खुलकर सहज हो पा रहे हैं। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में खिलाड़ियों से लचीलापन जरूर अपेक्षित होता है, लेकिन एक स्पेशलिस्ट टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज को मिडिल ऑर्डर में धकेलना कई बार उल्टा असर डाल सकता है। ऐसा करने से न तो टीम को पूरा फायदा मिलता है और न ही खिलाड़ी का आत्मविश्वास उसी स्तर पर रह पाता है।

**मिडिल-ऑर्डर का दाव: क्या सैमसन आगे रन बरसा पाएंगे :** आँकड़ें साफ दिखाते हैं कि मिडिल ऑर्डर में सैमसन की मुश्किलें कैसी रही हैं। नंबर 4 से 7 पर खेली गईं 67 पारियों में उनका टी20 इंटरनेशनल औसत गिरकर 19.27 रह गया है, जबकि स्ट्राइक रेट भी सिर्फ 124.80 तक सीमित रह गया है, जो टॉप ऑर्डर की तुलना में काफी कम है। बाउंड्री लगाने की रफ्तार पर भी असर पड़ता है, जहाँ उनके सिर्फ 54.17% रन चौकों-छक्कों से आते हैं, जबकि टॉप ऑर्डर में यह आँकड़ा 63.21% है। मिडिल ऑर्डर का खेल अलग तरह की स्किल्स माँगता है, जैसे कि तेजी से रन गति बढ़ाना, दबाव भरे हालात में स्ट्राइक रोटेट करना और अक्सर कम ओवर बचे होने पर बैटिंग करना। हालाँकि, सैमसन बेहद प्रतिभाशाली हैं, लेकिन इस पोजिशन पर उनके अनुभव की कमी बड़े मुकाबलों में तब भारत के लिए मुश्किल बन सकती है, खासकर जब टॉप ऑर्डर जल्दी ढह जाए।

**एशिया कप की चुनौतियां सामने :** यूएई जैसी कमजोर टीमों के खिलाफ भारत के एक्सपेरिमेंटल प्लेइंग-इलेवन से काम चल सकता है, लेकिन पाकिस्तान, श्रीलंका या बांग्लादेश जैसी मजबूत टीमों के सामने मिडिल ऑर्डर की यह कमजोरी साफ उजागर हो सकती है। यदि सैमसन इस भूमिका में सेट नहीं हो पाए, तो भारत को कम अनुभवी बल्लेबाजों पर भारी दबाव डालना पड़ेगा।


# पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की धमकी वापस ली

## आईसीसी से अपने मैचों से रेफरी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की

**दुबई।**

पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की अपनी धमकी वापस ले ली है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मंगलवार 16 सितंबर की देर शाम पीसीबी ने आईसीसी को दूसरा मेल भेजा, इसमें रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को पाकिस्तान के सभी मैचों से हटाने की मांग की गई है। बोर्ड ने कहा है कि टीम के बाकी बचे मैचों के लिए जिम्बाब्वे के पाइक्रॉफ्ट की जगह रिची रिचर्डसन को नियुक्त किया जाए, लेकिन अभी तक आईसीसी ने इस पर कोई सहमति नहीं जताई है। 14 सितंबर को पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ था। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम हमले के विरोध में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पीसीबीने भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार को खेल भावना के विपरीत बताया था और पाइक्रॉफ्ट पर ठीक से काम न करने का आरोप लगाया था। मंगलवार रात पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द कर दी। इससे पाकिस्तान के टूर्नामेंट से हटने की चर्चाओं को और हवा मिलने लगी। फिर टीम के खिलाड़ी प्रैक्टिस करने मैदान पर उतर आए।

**मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को आराम दिया जा सकता है :** एशिया कप से जुड़े सूत्रों ने भास्कर को बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाइक्रॉफ्ट को पूरे टूर्नामेंट से हटाने की कड़ी मांग की थी, लेकिन ऐसा होना मुश्किल लग रहा है। हालांकि इस मैच में उन्हें आराम देने की संभावना है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पाइक्रॉफ्ट पाकिस्तान के बाकी मैचों में रेफरी होंगे या नहीं। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) से इस पर कोई जवाब नहीं आया है।



**किस बात को लेकर है विवाद :** 14 सितंबर को पाकिस्तान का सामना टीम इंडिया से हुआ था। भारतीय खिलाड़ियों ने इस मैच के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। टॉस के वक्त भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। इसके बाद पाकिस्तान ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के सामने भारतीय टीम की शिकायत दर्ज कराई थी। पाइक्रॉफ्ट ने कोई एक्शन नहीं लिया तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी के सामने मैच रेफरी को बाहर करने की डिमांड रखी थी। आईसीसी ने यह डिमांड रिजेक्ट कर दी। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि अगर पाइक्रॉफ्ट को नहीं हटाया गया तो पाकिस्तान एशिया कप से हट जाएगा।

**पाकिस्तान ने रेफरी को हाथ न मिलाने का जिम्मेदार ठहराया :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का आरोप था कि रेफरी ने टॉस के बाद दोनों कप्तानों को हाथ न मिलाने के लिए कहा था और यह भारतीय टीम के दबाव में किया गया। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा था, पीसीबी ने पाइक्रॉफ्ट को तत्काल बाहर करने की मांग की है।

# आरपी सिंह-प्रज्ञान ओझा सेलेक्शन कमेटी में शामिल होंगे

## दावा-बीसीसीआई ने दोनों को आवेदन करने के लिए कहा, सुब्रतो बनर्जी और एस शरथ बाहर होंगे

**नई दिल्ली।**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नेशनल सिलेक्शन कमेटी में बदलाव की तैयारी कर ली है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज रुद्र प्रताप सिंह और बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा को नेशनल सिलेक्शन कमेटी में शामिल किया जाएगा। आरपी सिंह और प्रज्ञान ओझा को चयनकर्ता पद के लिए आवेदन करने को कहा गया है। क्रिकेट सलाहकार समिति के बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक से पहले इन दोनों के नामों को मंजूरी देने की संभावना है। मौजूदा सिलेक्शन कमेटी में से सुब्रतो बनर्जी और एस शरथ को हटाया जाएगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजीत अगरकर चीफ सेलेक्टर हैं। आरपी सिंह सेंट्रल जोन से चयनकर्ता बनेंगे।

**बीसीसीआई ने पिछले महीने चयनकर्ताओं के पद के लिए आवेदन मांगे थे :** बीसीसीआई ने पिछले महीने दो नेशनल सिलेक्टर्स के पदों के लिए आवेदन मंगाए थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिलेक्टर बनने के लिए किसी भी बड़े चेहरे ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने पद के लिए आवेदन किया था। उनके अलावा उत्तर प्रदेश के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष विंस्टन जैदी और हिमाचल प्रदेश के शक्ति सिंह सेंट्रल जोन से अन्य उम्मीदवार थे।



**आरपी सिंह 2007 टी-वर्ल्ड कप जीतने वाले टीम के सदस्य थे :** आरपी सिंह भारत की 2007 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने 82 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 124 विकेट लिए। इनमें 14 टेस्ट, 58 वनडे और 10 टी-20 शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने 2016-17 में पार्थिव पटेल की कप्तानी में गुजरात की रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा भी रहे थे।

# सीपीएल 2025 : निकोलस पूरन ने की गगनचुंबी छक्कों की बारिश, नाइट राइडर्स की क्वालीफायर-2 में धमाकेदार एंट्री

**नई दिल्ली।**

त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के क्वालीफायर-2 मुकाबले में अपनी जगह बना ली है। इस टीम ने बुधवार को एलिमिनेटर मैच में एंटीगुआ एंड बारबुडा फाल्कंस के खिलाफ 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी फाल्कंस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए। इसके जवाब में नाइट राइडर्स ने 15 गेंद शेष रहते एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। नाइट राइडर्स के कप्तान निकोलस पूरन मैच के हीरो रहे, जिन्होंने सिर्फ 53 गेंदों पर 3 चौके और 8 छक्कों की मदद से 90 रन की विस्फोटक पारी खेली।

**जांगू और गौस के बीच 108 रन की साझेदारी :** मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी एंटीगुआ एंड बारबुडा फाल्कंस ने 8 विकेट खोकर 166 रन बनाए। आमिर जांगू और रहकीम कॉर्नवाल के बीच पहले विकेट के लिए 21 रन की साझेदारी हुई। कॉर्नवाल महज 6 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद आमिर जांगू ने एंड्रीस गौस के साथ दूसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूती दी। आमिर 49 गेंदों में तीन छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से 55 रन बनाकर आउट हुए।



**नेत्रवलकर ने चटकाए तीन विकेट :** टीम के लिए एंड्रीस गौस ने 45 गेंदों में सर्वाधिक 61 रन बनाए। उनकी इस पारी में 3 छक्के और 5 चौके शामिल थे, जबकि शाकिब ने 9 गेंदों में नाबाद 26 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से सौरभ नेत्रवलकर ने सर्वाधिक 3 शिकार किए, जबकि उस्मान तारिक और आंद्रे रसेल को 2-2 सफलताएं हाथ लगीं।

**पूरन और हेल्स के बीच 143 रन की अटूट पार्टनरशिप :** इसके जवाब में त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 17.3 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। कॉलिन मुनरो और एलेक्स हेल्स के बीच 3.1 ओवरों में 25 रन की साझेदारी हुई। मुनरो 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यहां से कप्तान निकोलस पूरन ने एलेक्स हेल्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 143 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई।

**पूरन ने खेली कप्तानी पारी :** कप्तान पूरन ने 53 गेंदों में 8 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 90 रन बनाए, जबकि एलेक्स हेल्स ने 40 गेंदों में 54 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम से एकमात्र विकेट रहकीम कॉर्नवाल के हाथ लगा। त्रिनबागो नाइट राइडर्स की टीम 19 सितंबर को क्वालीफायर-2 खेलेगी, जहां उसका सामना सेंट लूसिया किंग्स और गुयाना अमेजन वॉरियर्स के बीच क्वालीफायर-1 मुकाबला हारने वाली टीम से होगा।

# लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 313 अंक चढ़कर 82,694 पर बंद, निफ्टी में 91 अंक का उछाल


नई दिल्ली।

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद और अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों में नरमी आने के संकेतों के कारण बाजार का सेंटीमेंट मंगलवार को मजबूत होता हुआ नजर आया। मंगलवार को कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। पूरे दिन के कारोबार में खरीदारों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही। इसके बावजूद शेयर बाजार लगातार मजबूती के साथ हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



मंगलवार को दिनभर के कारोबार के दौरान सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे अधिक तेजी बनी रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में भी लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर मेटल, एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में मंगलवार को लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी मंगलवार को आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ मंगलवार को कारोबार का अंत किया। मंगलवार को शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब दो लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन मंगलवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 464.82 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.87 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को मंगलवार को कारोबार से करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। मंगलवार को दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,328 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,415 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,740 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 173 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में मंगलवार को 2,804 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,602 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान और 1,202 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स मंगलवार को 125.71 अंक की मजबूती के साथ 82,506.40 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण पूरे दिन इस सूचकांक की चाल ऊपर-नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 361.26 अंक की तेजी के साथ 82,741.95 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 82,490.47 अंक तक गोता भी लगाया। राहत की बात यही रही कि बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद ये सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 313.02 अंक की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने मंगलवार को 37.50 अंक उछल कर 25,276.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद पूरे दिन इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होता रहा। दिन में कई बार बिकवालों ने दबाव बनाने की कोशिश भी की, लेकिन ये सूचकांक लगातार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार करता रहा। दिनभर के कारोबार के बाद निफ्टी 91.15 अंक की तेजी के साथ 25,330.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 4.05 प्रतिशत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 3.08 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 2.31 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 1.46 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा 1.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ मंगलवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, बजाज फिनसर्व 1.12 प्रतिशत, टाइटन कंपनी 0.95 प्रतिशत, आईटीसी 0.92 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 0.81 प्रतिशत और एचडीएफसी लाइफ 0.81 प्रतिशत की कमजोरी के साथ मंगलवार को टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## स्टॉक मार्केट में अर्बन कंपनी की जोरदार एंट्री, मुनाफे में आईपीओ निवेशक




नई दिल्ली।

होम और ब्यूटी सर्विसेज मुहैया कराने वाला ऑनलाइन मार्केटप्लेस अर्बन कंपनी के शेयरों ने मंगलवार को स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 103 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। मंगलवार को बीएसई पर इसकी लिस्टिंग करीब 56 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 161 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 162.25 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से इस शेयर की चाल में और तेजी आ गई। पूरे दिन का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 167.05 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 62.18 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। अर्बन कंपनी का 1,900.24 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 12 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 108.98 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 147.35 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 77.82 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 41.49 गुना और एंप्लॉयीज के लिए रिजर्व पोर्शन 42.55 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 472.24 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 13,86,40,774 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ के तहत नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नई टेक्नोलॉजी और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर एक्वायर करने, ऑफिस का लीज पेमेंट करने, मार्केटिंग करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 312.48 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 92.77 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2024-25 में स्थिति और सुधरी, जिसके कारण कंपनी को 239.77 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 31 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 1,260.68 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस की बात करें, तो वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी में ये 2,402.82 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी में बढ़ कर 2,404.69 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 के आखिरी में उछल कर 2,646.12 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## जीएसटी दरों में बदलाव से हरित ऊर्जा को मिलेगी गति, 1.5 लाख करोड़ तक की होगी बचत

नई दिल्ली।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर को युक्तिसंगत बनाये जाने से देश में स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को गति मिलेगी। मंत्रालय के तय लक्ष्य के मुताबिक 2030 तक 300 गीगावाट क्षमता और जोड़ने पर 1.5 लाख करोड़ रुपये तक की बचत हो सकती है। संशोधित जीएसटी दरें 22 सितंबर, 2025 से लागू होंगी।




मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में जीएसटी दरों को 12 से 5 फीसदी तक युक्तिसंगत बनाने से स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की लागत कम हो जाएगी, जिससे बिजली ज्यादा सस्ती हो जाएगी और घरों, किसानों, उद्योगों एवं डेवलपर्स को सीधे लाभ होगा। यह सुधार अगले दशक में 5-7 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगारों को बढ़ावा दे सकता है, जिससे भारत का स्वच्छ ऊर्जा औद्योगिक इकोसिस्टम मजबूत होगा। मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने से पीएम सूर्यघर के तहत रूफटॉप सोलर: मुफ्त बिजली योजना 3 किलोवाट सिस्टम के लिए 9,000-10,500 रुपये तक सस्ती हो जाएगी। पीएम-कुसुम के तहत किसान जीएसटी कटौती के साथ 10 लाख सौर पंपों पर 1,750 करोड़ रुपये बचाएंगे। इसके अलावा जीएसटी में कमी से मॉड्यूल और घटक लागत में 3-4 फीसदी की कमी आएगी, जिससे आरई उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने बताया कि यह भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को देखते हुए महत्वपूर्ण है। 31 अगस्त 2025 तक बड़े जलविद्युत संयंत्रों को छोड़कर लगभग 193 गीगावाट स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता थी। इसमें 123 गीगावाट सौर ऊर्जा और लगभग 53 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। इस ऐतिहासिक निर्णय से लाखों उपभोक्ताओं, किसानों, डेवलपर्स और निर्माताओं को सीधा लाभ होगा, साथ ही यह हरित विकास और ऊर्जा स्वतंत्रता के दोहरे लक्ष्यों में भी योगदान देगा।

## श्रृंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र की स्टॉक मार्केट में मजबूत शुरुआत

नई दिल्ली।

ज्वैलरी बनाने वाली कंपनी श्रृंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र के शेयरों ने मंगलवार को स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 165 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। मंगलवार को बीएसई पर इसकी लिस्टिंग करीब 14 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 187.70 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 188.50 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 191 रुपये तक पहुंचा, वहीं बिकवाली होने पर ये लुढ़क कर 182.45 रुपये के स्तर तक आ गया। पूरे दिन का कारोबार होने के बाद




कंपनी के शेयर 184.85 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 12.03 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। श्रृंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र का 401 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 12 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 60.29 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके साथ ही कंपनी ने आईपीओ खुलने से एक दिन एंकर इनवेस्टर्स से लगभग 120.18 करोड़ रुपये जुटाए थे। इस आईपीओ के तहत 2.43 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के तहत नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 23.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 31.11 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 61.11 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस की बात करें, तो वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी में ये 94.62 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी में बढ़ कर 125.72 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के आखिरी में ये मामूली गिरावट के साथ 123.72 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## डॉलर की तुलना में 26 पैसे की मजबूती के साथ बंद हुआ रुपया



नई दिल्ली।

कच्चे तेल की कीमत में गिरावट और पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों की वजह से शेयर बाजार के साथ मुद्रा बाजार में भी सकारात्मक माहौल बना रहा। मुद्रा बाजार में बने सकारात्मक माहौल और मुद्रा बाजार में डॉलर की आवक बढ़ने के कारण रुपया मंगलवार को लगातार दूसरे दिन डॉलर की तुलना में मजबूत होकर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा मंगलवार को डॉलर की तुलना में 26 पैसे उछल कर 87.81 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय मुद्रा ने 88.07 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर कारोबार का अंत किया था। रुपये ने मंगलवार को कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने मंगलवार को सुबह डॉलर के मुकाबले 24 पैसे की बढ़त के साथ 87.83 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। मंगलवार को कारोबार शुरू होने के बाद कुछ देर के लिए रुपया 36 पैसे की मजबूती के साथ 87.71 के स्तर तक भी पहुंचा, लेकिन इसके बाद डॉलर की मांग में तेज आने के कारण रुपया ऊपरी स्तर से फिसल कर 87.86 के स्तर तक आ गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 26 पैसे की मजबूती के साथ 87.81 के स्तर पर मंगलवार को कारोबार का अंत किया। मुद्रा बाजार के मंगलवार को कारोबार में रुपये ने डॉलर की तुलना में तो मजबूत प्रदर्शन किया ही, ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी भारतीय मुद्रा ने मजबूती दिखाई। मंगलवार को कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 29.21 पैसे की तेजी के साथ 119.84 के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया मंगलवार को 1.43 पैसे की सांकेतिक उछाल के साथ 104.01 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ।

## गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का आईपीओ 22 सितंबर को खुलेगा, प्राइस बैंड 306-322 रुपये प्रति शेयर

नई दिल्ली।

गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 22 सितंबर 2025 को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए 24 सिंतबर तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 306-322 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ 22 सितंबर को खुलकर 24 सितंबर को बंद होगा। एंकर (प्रमुख) निवेशकों के लिए बोली 19 सितंबर को खुलेगी। गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने 10 रुपये अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा 306 रुपये से 322 रुपये प्रति शेयर तय किया है। रोजमर्रा के उपभोग का




सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का 408 करोड़ रुपये का आईपीओ नए शेयरों की बिक्री और प्रवर्तकों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस आईपीओ में 130 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जो 8,658,333 इक्विटी शेयरों के बिक्री प्रस्ताव का संयोजन है। कंपनी इस आईपीओ से प्राप्त होने वाली राशि में से 60 करोड़ रुपये का उपयोग कर्ज के पुनर्भुगतान के लिए करेगी, जबकि 45 करोड़ रुपये की राशि पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में विनिर्माण इकाई की स्थापना में लगाएगी। इसके अलावा शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉरपोरेट प्रयोजनों के लिए किया जाएगा। निवेशक न्यूनतम 46 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 46 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं।

गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी एक एफएमसीजी कंपनी है, जिसका मुख्यालय पश्चिम बंगाल के कोलकाता में है।

वित्त वर्ष 2024-25 में बेचे गए मूल्य के संदर्भ में यह पूर्वी भारत में पैकेज्ड होल व्हीट आटे (आटा) का तीसरा सबसे बड़ा और गेहूं-आधारित डेरिवेटिव (मैदा, सूजी, दलिया) का सबसे बड़ा ब्रांड है। कंपनी के प्रमुख उत्पाद गणेश ब्रांड के तहत बेचे जाते हैं, जो बाजार में इसकी प्राथमिक पहचान के रूप में कार्य करता है।

## सेल ने मिजोरम की बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना के लिए 15 हजार मी. टन स्टील आपूर्ति की

नई दिल्ली।

सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने मिजोरम में 51 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना के लिए लगभग 15 हजार मीट्रिक टन (एमटी) उच्च-गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों की आपूर्ति की है।

पूर्वोत्तर भारत में रेलवे कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने वाले इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 सितंबर को किया था। इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि इस परियोजना के लिए सेल ने अपने भिलाई इस्पात संयंत्र से लगभग 10 हजार मीट्रिक टन उच्च-श्रेणी के आर-260 प्राइम रेल की आपूर्ति की है।

इसके अलावा सेल ने अपने बोकारो, राउरकेला, भिलाई, दुर्गापुर और बर्नपुर इस्पात संयंत्रों से प्लेट, टीएमटी और स्ट्रक्चरल स्टील सहित लगभग 5,000 मीट्रिक टन अन्य आवश्यक इस्पात उत्पादों की आपूर्ति की है। मंत्रालय के मुताबिक सेल बुनियादी ढांचे, रेलवे, बिजली, जलविद्युत परियोजनाओं और सीमा संपर्क जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए इस्पात की आपूर्ति करके पूर्वोत्तर भारत के विकास में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस्पात मंत्रालय ने भारत की ऐतिहासिक बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं चिनाब रेलवे पुल, जिरीबाम-तुपुल-इम्फाल ब्रॉड गेज परियोजना, अटल सुरंग, बांद्रा-वर्ली सी लिंक, और ढोला सादिया एवं बोगीबील पुल आदि परियोजनाओं में भी स्टील की आपूर्ति करके योगदान दिया है।

## इंडिगो ने सुरक्षा मंजूरी के बाद अमिताभ कांत को अतिरिक्त निदेशक किया नियुक्त

नई दिल्ली।



इंडिगो एयरलाइंस ने अमिताभ कांत को 15 सितंबर से कंपनी के बोर्ड में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने नागर विमानन मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद उनकी नियुक्ति की है। इंडिगो एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि कंपनी को नागरिक उड्डयन मंत्रालय से आवश्यक सुरक्षा मंजूरी मिल गई है। अमिताभ कांत की नियुक्ति 15 सितंबर से प्रभावी होगी। कंपनी ने बताया कि कांत को नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) से सुरक्षा मंजूरी प्राप्त होने की तिथि से गैर-कार्यकारी गैर-स्वतंत्र निदेशक के रूप में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। एयरलाइन इंडिगो ने 3 जुलाई को नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत को बोर्ड में नियुक्त करने की घोषणा की थी। अमिताभ कांत को नीति निर्माण, आर्थिक योजना और अंतरराष्ट्रीय संबंधों का व्यापक अनुभव है, जो इंडिगो को भारतीय विमानन बाजार में अपनी रणनीतिक दिशा तय करने में अमूल्य साबित हो सकता है।

## आयकर विभाग ने मुंबई में मैरिको के कार्यालयों और कारखानों का किया सर्वेक्षण

मुंबई।

आयकर विभाग की मुंबई जांच शाखा ने बुधवार को कर चोरी के आरोप में मैरिको लिमिटेड के विभिन्न कार्यालयों, प्रमुख डीलरों और कारखानों का सर्वेक्षण किया है। यह सर्वेक्षण कार्रवाई कुछ विदेशी फंडिंग लेनदेन की जांच से जुड़ी है। हालांकि, मैरिको ने अभी तक इस मामले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग की टीमें कर चोरी की जांच के तहत कंपनी के वित्तीय दस्तावेज और लेनदेन की जांच कर रही हैं। सर्वेक्षण अभियान के तहत आयकर विभाग जांच के दायरे में आई इकाई के व्यावसायिक परिसरों का औचक निरीक्षण करता है। जांच के बारे में अधिक जानकारी का इंतजार है। मुंबई स्थित मैरिको लिमिटेड एक प्रमुख भारतीय उपभोक्ता वस्तु कंपनी है, जो पैराशूट, सफोला और सेट वेट जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के तहत हेयर केयर, स्किन केयर, खाद्य तेल, हेल्दी फूड और पुरुषों के सौंदर्य प्रसाधन जैसी श्रेणियों में उत्पाद पेश करती है। कंपनी इनका निर्माण, विपणन और बिक्री करती है।

# नि:शुल्क थैलेसीमिया माइनर जांच शिविर 20 सितंबर को




# एयरटेल की धोखाधड़ी विरोधी मुहिम से ग्राहकों को होने वाले वित्तीय नुकसान में आई लगभग 70 फीसदी की कमी

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

भारती एयरटेल ने घोषणा की है कि उसके द्वारा शुरू की गई एंटी-फ्रॉड पहलों के चलते साइबर अपराध की शिकायतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इस प्रभाव की पुष्टि हाल ही में गृह मंत्रालय (एमएचए) के भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई 4 सी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से भी हुई है।

गृह मंत्रालय-आई 4 सी के अनुसार, एयरटेल नेटवर्क पर वित्तीय नुकसान के मूल्य में 68.7त्न की भारी गिरावट और कुल साइबर अपराध मामलों में 14.3त्न की कमी दर्ज की गई है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि साइबर अपराधों पर रोक लगाने और ग्राहकों के लिए सुरक्षित नेटवर्क उपलब्ध कराने में एयरटेल का फ्रॉड डिटेक्शन समाधान बेहद असरदार साबित हुआ है। गृह मंत्रालय-आई4सी द्वारा किए गए विश्लेषण में सितंबर 2024 (जब एयरटेल




का फ्रॉड और स्पैम डिटेक्शन समाधान लॉन्च नहीं हुआ था) और जून 2025 के बीच साइबर अपराध से जुड़े प्रमुख संकेतकों की तुलना की गई है।

इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन व प्रबंध निदेशक गोपाल विट्टल ने कहा, ङ्घहमारा मिशन अपने ग्राहकों को स्पैम और वित्तीय धोखाधड़ी से पूरी तरह मुक्त करना है। पिछले एक वर्ष में, हमारे एआई-आधारित नेटवर्क सॉल्यूशंस ने 48.3 बिलियन से अधिक स्पैम कॉल्स की पहचान की और 3.2 लाख धोखाधड़ी वाले संदिग्ध लिंक्स को ब्लॉक किया। हालांकि, हम इसे एक बड़े संघर्ष की दिशा में बढ़ता हुआ एक छोटा सा कदम मानते हैं। जब तक हमारे नेटवर्क डिजिटल स्पैम और स्कैम से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाते, तब तक हम इस क्षेत्र में नवाचार और निवेश करते रहेंगे।

उन्होंने कहा, भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) - गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा साझा किया गया यह प्रभाव हमें अत्यधिक प्रोत्साहित करता है और हमारे इस मिशन में किए गए प्रयासों को सही ठहराता है। मैं स्पैम और धोखाधड़ी पर नियंत्रण लगाने के लिए एमएचए-आई4सी और दूरसंचार विभाग (डीओटी) की पहलों की सराहना करता हूँ। हम साइबर अपराध और धोखाधड़ी के ख़तरों को समाप्त करने के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करते रहेंगे।

# ऑनलाइन खरीदी को रोकने के लिए व्यापारी संघ का ऐतिहासिक कदम

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

महादेव घाट रोड व्यापारी कल्याण संघ के द्वारा लोकल का वोकल स्थानीय बाजार बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन खरीदी को रोकने के लिए विशेष उपहार योजना लागू की गई है जो सिर्फ महादेव घाट रोड व्यापारी कल्याण संघ के दुकानदारों के लिए योजना बनाई गई है यह योजना छत्तीसगढ़ में पहली बार लाई गई है, जिसमें ग्राहक के साथ-साथ व्यापार में वृद्धि भी होगी साथ ही ग्राहक अपने मनपसंद सामानों को प्रत्यक्ष देखकर खरीदी कर सकता है और उसका उपहार कूपन के द्वारा प्राप्त कर सकता है इस उपहार योजना का निश्चित ड्रा 5 नवंबर को किया जाएगा जो व्यापारी संघ की शर्तें नियम लागू होगी।




## ग्राहकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा

ग्राहकों से विनम्र अपील है अपने क्षेत्र के व्यापारियों से खरीदारी करें ताकि उनका परिवार भी आपके मदद से खुशियों का त्यौहार दिवाली अच्छे से मना सके क्षेत्र का व्यापार भी अच्छा चलेगा।

अब बाजार में रौनक बढ़ेगी व्यापारियों के चेहरे पर खुशी आएगी।

छोटा सा खरीदी के सहयोग से व्यापारी के परिवार की खुशी में मददगार होगा।

दीवाली त्यौहार की खरीदी अपने नजदीकी दुकान से अवश्य खरीदी करें और सहभागी बने।

# पीसीओएस के बारे में सही जानकारी लेना ज़रूरी : डॉ. सोफिया सुल्ताना

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

डॉ. सोफिया सुल्ताना, सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट, अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर ने बताया पीसीओएस की शुरूआत अक्सर सूक्ष्म संकेतों के साथ होती है, जिन्हें सामान्य समस्याएं माना जा सकता है। इनमें अनियमित मासिक धर्म चक्र, किसी भी स्पष्ट कारण के बिना वज़न बढ़ना, मुहांसे या ऑयली त्वचा, चेहरे या शरीर पर अत्यधिक बाल उगना (हिर्सटिज़्म), और सिर पर बालों का पतला होना शामिल हैं। कई महिलाओं को प्रयासों के बावजूद वजन कम करने में कठिनाई या लगातार थकान भी महसूस होती है। ये लक्षण अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की तरह माने जा सकते हैं, इसलिए इन्हें अक्सर तब तक अनदेखा कर दिया जाता है। जब तक कि प्रजनन संबंधी समस्याएं या गंभीर चयापचय संबंधी समस्याएं न हो जाएं तब तक पीसीओएस का पता नहीं चलता है।

**पीसीओएस का निदान अक्सर कम क्यों किया जाता है, और मरीज़ों के लिए इसे पहचानना या समय पर मेडिकल सलाह लेना क्यों मुश्किल होता है?**




पीसीओएस का निदान मुख्य रूप से इसलिए कम किया जाता है क्योंकि इसके लक्षण एक महिला से दूसरी महिला में अलग-अलग होते हैं। कुछ महिलाओं को केवल मासिक धर्म अनियमित हो सकता है, जबकि कई महिलाओं को वज़न बढ़ने या त्वचा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ये लक्षण टीनएज और वयस्कता की शुरूआत में दिखना आम हैं, इसलिए इन्हें अक्सर सामान्य मानकर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। इसके अलावा, जागरूकता की कमी और प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी गलतफ्हमियां अक्सर महिलाओं को डॉक्टर से सलाह लेने में देरी कराती हैं। निदान के लिए गायनेकोलॉजिस्ट द्वारा मेडिकल इतिहास, शारीरिक परीक्षण और हार्मोनल परीक्षणों सहित एक व्यापक जांच आवश्यक है।

**जीवनशैली और खान-पान की आदतों को अक्सर पीसीओएस के लिए जिम्मेदार माना जाता है। क्या यह सच है और ये कारक इस स्थिति को कैसे प्रभावित करते हैं?**

पीसीओएस में जेनेटिक्स की एक भूमिका होती है, लेकिन जीवनशैली से जुड़ी बातें इसकी शुरूआत और बढ़ने को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। खान-पान के गलत विकल्प, शारीरिक गतिविधि की कमी और तनाव इंसुलिन प्रतिरोध को बदतर बना सकते हैं, जो पीसीओएस का मुख्य कारण है। इसके परिणामस्वरूप, वज़न बढ़ना, अनियमित ओव्यूलेशन और हार्मोनल असंतुलन होता है। सकारात्मक बात यह है कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और वज़न प्रबंधन अपनाने से लक्षणों में काफी सुधार हो सकता है और मधुमेह और हृदय रोग जैसी लंबी चलने वाली जटिलताओं को कम किया जा सकता है।

**जीवनशैली में बदलाव, मेडिकल उपचार या थेरेपी जैसी कौन सी निवारक या प्रबंधन रणनीतियां पीसीओएस के लक्षणों की गंभीरता को कम करने में मदद कर सकती हैं?**

पीसीओएस के प्रबंधन की पहली पंक्ति में आमतौर पर जीवनशैली में बदलाव शामिल होता है — वज़न को स्वस्थ बनाए रखना, हफ्ते के अधिकांश दिनों में कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि करना, और साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और सब्जियों से भरपूर आहार का पालन करना, जबकि प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और रिफाइंड शुगर का सेवन सीमित करना। लक्षणों की गंभीरता के आधार पर, मासिक धर्म को नियमित करने, मुहांसों और बालों के बढ़ने को नियंत्रित करने, या प्रजनन क्षमता को बढ़ाने के लिए दवाएं दी जा सकती हैं। कुछ मामलों में, इंसुलिन-सेन्सिटाइजिंग दवाओं का उपयोग किया जाता है। तनाव प्रबंधन तकनीकें, जैसे योग और माइंडफुलनेस, भी फायदेमंद साबित होती हैं।

# अमर गिदवानी ने सड़क पर झाड़ू लगाकर कचरा उठाकर सफाई श्रमदान कर दिया जन-जन को सकारात्मक स्वच्छता सन्देश



**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 के अंतर्गत शुभारम्भ दिवस अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग अध्यक्ष और पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के पार्षद श्री अमर गिदवानी ने सड़क पर झाड़ू लगाकर कचरा उठाकर सफाई श्रमदान करते हुए जन -जन को स्वच्छ राजधानी शहर रायपुर का सकारात्मक स्वच्छता सन्देश दिया और सभी नगरवासियों से रायपुर को देश का स्वच्छ शहर नम्बर 1 शहर बनाने स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा में सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने की विनम्र अपील नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से की.इस दौरान मण्डल अध्यक्ष श्री सतीश छुगानी सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, आमजनों, स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों ने सड़क की झाड़ू से सफाई करके स्वच्छता श्रमदान किया।



## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन- 2223699, 2539578, 94252-11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजयंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, बेबीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100263

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विजेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252-04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268-77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर-I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बाटल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222. 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

**प्रेम प्रकाश मध्यानी एड एजेंसी**
लक्ष्मी ड्रेसेस - कपूर होटल के सामने, श्याम नगर, रायपुर
मो. 9329407988

# क्रेड इंडसइंड बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड: ई-कॉमर्स पर बिना किसी सीमा के रिवाड्‌र्स अनुभव डिजिटल नोमैड्‌स के लिए लाइफस्टाइल एक्सेसरी के रूप में तैयार

**एजेंसी, मुंबई।** क्रेड ने नया क्रेडिट कार्ड प्रोग्राम लॉन्च किया है, जो सभी ई-कॉमर्स खर्चों पर रिवाड्‌र्स देता है और फ्लाइट्स, होटलों, सैकड़ों मर्चेंट्स और हज़ारों प्रोडक्ट्स पर तुरंत और लचीला रिडेम्पशन उपलब्ध कराता है। इस प्रोग्राम के तहत पहला लॉन्च है ङ्क क्रेड इंडसइंड बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड।

क्रेड सदस्य डिजिटल रूप से पूरी तरह जानकार उपभोक्ता हैं, जिनके पास कई क्रेडिट कार्ड होते हैं और जिनकी जीवनशैली ऑनलाइन शॉपिंग पर आधारित है। लेकिन अब तक उन्हें सीमित रिवार्ड विकल्पों और जटिल रिडेम्पशन शर्तों से समझौता करना पड़ता था। पहली बार, क्रेड ने ऐसा अनुभव लॉन्च किया है जिसमें ऑनलाइन शॉपिंग पर अधिक रिवाड्‌र्स मिलते हैं और क्रेड इकोसिस्टम पर बिना किसी परेशानी के रिडेम्पशन किया जा सकता है।

जहाँ अधिकांश क्रेडिट कार्ड धारक जटिल नियमों के कारण सीमित दुकानों और शर्तों में बंधे रहते हैं, वहीं क्रेड इंडसइंड बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड धारक अपनी पसंद से कहीं भी खर्च, अर्जित

IndusInd Bank

और रिडीम कर सकते हैं। कार्डधारकों को सभी ई-कॉमर्स लेनदेन पर 5 प्रतिशत और ऑफ्लाइन लेनदेन (क्रेड स्कैन एंड पे सहित) पर 1 प्रतिशत रिवार्ड पॉइंट्स मिलेंगे। ये पॉइंट्स फ्लाइट्स और होटलों सहित पूरे क्रेड इकोसिस्टम पर रिडीम किए जा सकते हैं।

**लाभ:**

* ऑनलाइन पर 5 प्रतिशत वैल्यू: सभी ऑनलाइन शॉपिंग, सभी मर्चेंट्स पर

* ऑफ्लाइन पर रिवाड्‌र्स: ऑफ्लाइन मर्चेंट्स और UPI के ज़रिए क्रेड स्कैन एंड पे पर 1 प्रतिशत

* अपने अनुसार रिडेम्पशन: 500 से अधिक क्रेड पे मर्चेंट्स, 2,000 से ज्यादा प्रोडक्ट्स क्रेड स्टोर पर, फ्लाइट्स और 8,00,000+ होटल्स - हर पॉइंट = 1 रुपया

* आसान उपयोग: जहाँ ज़रूरी हो, पॉइंट्स का ऑटोमैटिक प्रयोग

* आसान जॉइनिंग: शून्य जॉइनिंग शुल्क, सिर्फ 2 मिनट में आवेदन

क्रेड के संस्थापक कुणाल शाह ने कहा, ङ्घक्रेडिट योग्य लोगों को स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। नया क्रेड क्रेडिट कार्ड प्रोग्राम हर ऑनलाइन खर्च को आत्म-अभिव्यक्ति का साधन बनाता है, जहाँ रिवाड्‌र्स आपकी पसंद के अनुसार मिलते हैं, न कि शर्तों के अनुसार। तुरंत रिडेम्पशन हर लेनदेन को अपग्रेड कर देता है और प्रोडक्ट, प्लेटफ़ॉर्म और प्रिविलेज को एक सहज जीवनशैली अनुभव में बदल देता है।

इंडसइंड बैंक के कंट्री हेड - कंज्यूमर बैंकिंग और मार्केटिंग, सौमित्र सेन ने कहा, इंडसइंड-क्रेड साझेदारी एकदम सही है - दोनों ब्रांड नवाचार, विशिष्टता और प्रीमियम अनुभवों का डीएनए साझा करते हैं।

# रजत जयंती महोत्सव पर आयुष विभाग की पहल -जागरूकता रैली, औषधि वितरण और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**रायगढ़, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जिलेभर में स्वास्थ्य जागरूकता और निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य आमजन को आयुर्वेद, होमियोपैथी एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व से जोडऩा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

इसी कड़ी में प्राथमिक शाला बर्रा में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी के साथ आयुष विभाग ने जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान बच्चों को शतावरी, ब्राह्मी और धृतकुमारी जैसे औषधीय पौधों की पहचान कराई गई और उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। इससे विद्यार्थियों में आयुर्वेदिक औषधियों के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ी। खरसिया में आयुष विभाग द्वारा नागरिकों को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की विशेषताओं से अवगत कराने हेतु पाम्पलेट वितरित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि होम्योपैथी सरल, किफायती और प्रभावी उपचार पद्धति है, जो आम नागरिकों के लिए उपयोगी साबित हो रही है। दरोगापारा बुढ़ी माई में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर में मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक औषधियों का वितरण और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाते हैं बल्कि ग्रामीण अंचलों तक पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को पहुँचाने में भी सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

**अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा होंगी आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष, कलेक्टर ने जारी किया आदेश**

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कार्यालयीन आदेश जारी करते हुए अपर कलेक्टर डॉ.प्रियंका वर्मा को कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीडऩ निवारण हेतु गठित आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष नियुक्त किया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धांतों एवं उच्च न्यायालय के आदेश के तहत यह समिति गठित की गई है। पूर्व में उक्त गठित समिति के अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा को बनाया गया था, चूंकि उनका जिले से अन्यत्र स्थानांतरण हो जाने के कारण उनके स्थान पर अपर कलेक्टर डॉ.प्रियंका वर्मा को आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष के रूप में नामांकित किया गया है। समिति के शेष सदस्य/शर्तें यथावत रहेगी।

**राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 17 सितम्बर से**

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में रायगढ़ जिले में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य पोषण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य और पोषण संबंधित व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2018 से चल रहे पोषण अभियान के अंतर्गत यह माह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य लोगों को सही पोषण, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना तथा उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोडऩा है। इस वर्ष जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा, जिसमें आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

इस वर्ष की मुख्य थीम एवं गतिविधियां

राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के दौरान निम्नलिखित प्रमुख विषयों पर आधारित गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। जिसमें मोटापे का समाधान-चीनी एवं तेल की खपत कम करना, स्थानीयता को बढ़ावा देना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा ष्टश्ठ1द्गह्लद्दद्गठ्ठह्ल ्रष्द्धश्ठ ड्डठ्ठस्त्र (आईवाईसीएफ)की प्रथाएं एवं मेन-स्ट्रीमिंग थीम शामिल है।

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करें, पोषण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और पात्रतानुसार लाभ उठाएं।

# विकास चौहान एवं श्याम गोरख को एक साल के लिए किया गया जिला बदर

**रायगढ़, प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने आदेश जारी कर विकास चौहान, पिता-कुंजबिहारी चौहान, उम्र-26 वर्ष, निवासी-बजरंगपारा, निगम कालोनी, जे-ब्लॉक क्वार्टर नंबर 19, वार्ड नंबर 42 थाना-जूटमिल, रायगढ़ एवं श्याम गोरख, आ.जगदीश गोरख, उम्र-27 वर्ष, निवासी-सोनिया नगर, रायगढ़, थाना-सिटी कोतवाली रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख)के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है।

आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा विकास चौहान एवं श्याम गोरख को चौबीस घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। विकास चौहान एवं श्याम गोरख को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर विकास चौहान एवं श्याम गोरख के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार विकास चौहान द्वारा वर्ष 2018 से लगातार चोरी, लूट, मारपीट एवं आर्म्स एक्ट के अपराध करते आ रहे है। उनके विरूद्ध थाना जूटमिल में 11 प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरणों में विकास चौहान को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए उन पर 7 बार प्रतिबंधतात्मक कार्यवाही कर इस्तगाशा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाहियों के बावजूद विकास चौहान के आचरण पर कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ। विकास चौहान के आपराधिक आचरण के कारण आमजनता में भय, असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। इसी तरह श्याम गोरख वर्ष 2014 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर अपने साथियों के साथ मिलकर गुण्डागर्दी, गाली-गलौच, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना, अपहरण करना, जुआ खेलना जैसे अपराध करते आ रहे है।

# चांद चतुर्वेदी की सफलता पर बनी डॉक्यूमेंट्री से छात्राओं को मिलेगा हौसला

**बेमेतरा, प्रतिदिन राजधानी**

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा चांद चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। विपरीत परिस्थिति को चुनौती देते हुए चांद ने गतका खेल को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाई और संघर्ष को सफलता में बदल दिया। आज शिक्षकों के मार्गदर्शन से वह अनगिनत छात्राओं के लिए प्रेरणा और सफलता की मिसाल बन चुकी है। उसकी इस सफलता की कहानी पर शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म खेल एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा बनाई गई है, जिससे देश की अन्य बेटियां अपनी परिस्थितियों से संघर्ष कर आगे बढ़ें। उनके लिए चांद की कहानी प्रेरणादायक बन उनके हौसलों को नई उड़ान अवश्य प्रदान करेगी।



**कस्तूरबा स्कूल की बनीं पहली छात्रा**

बालिका चांद छत्तीसगढ़ के गतका खेल में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड में पदक जीतने के साथ ही खुद के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनी। ऐसी कस्तूरबा की प्रथम बालिका में अपना नाम दर्ज किया। चांद चतुर्वेदी ने शाला परिवार, गांव, बेमेतरा जिले व प्रदेश को अपने इस कार्य से गौरवान्वित किया है।

इस सफलता के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा की अधीक्षिका भारती घृतलहरे, शिक्षिक ममता गुरुपंच, राजकिरण मिश्रा, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिया, दीप्ति, सावित्री, नेहा वर्मा आदि ने बधाई दी।

**घर की विपरीत परिस्थितियों के बीच हुआ दाखिला**

घर की विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष कर उसका दाखिला कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बेमेतरा में हुआ। यहीं से उसके निखरने का सिलसिला चल पड़ा। यहां शिक्षा के अलावा व्यावसायिक शिक्षा जैसे कराटे, खेल, नृत्य चांद जैसी बच्चियों के लिए वरदान साबित हुआ। विपरीत परिस्थिति को चुनौती देते हुए चांद ने गतका खेल को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया और संघर्ष को सफलता में बदल दिया।

# कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक

**बलौदाबाजार, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी ने सोमवार को सर्किट हॉउस बलौदाबाजार में कृषि एवं संवर्गीय विभागों के अधिकारियों का समीक्षा बैठक ली।



उन्होंने कृषकों के कल्याण हेतु कृषको से प्राप्त आवश्यक सुझाव शासन स्तर पर प्रस्तुत करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

अध्यक्ष चंद्रवंशी ने कहा कि किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड का लाभ लेने हेतु विभागीय अधिकारियों के उपस्थिति में मृदा नमूना लिया जाना चाहिए। कृषि व्यवसाय में स्वदेशी निर्माता कंपनियां को प्राथमिकता दिया जाए।कृषकों को अन्य फसल जैसे कि सरसों, मक्का एवं लघु धान्य फसले उगाने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। एनएफएसएम योजना अंतर्गत गोदाम निर्माण का लक्ष्य बढ़ाया जावे तथा लागत का आकलन वर्तमान समय के हिसाब से किया जाना चाहिए, तदानुसार अनुदान का भी निर्धारण किया जाना चाहिए। किसान समृद्धि योजना अंतर्गत बोर से बोर की दूरी जो की कई वर्षों से 300 मी निर्धारित है, उसे वर्तमान में संशोधित कर दूरी कम करने की आवश्यकता है। जिले में कृषि यंत्र वितरण हेतु लक्ष्य बढ़ाया जाना चाहिए।बड़े किसान जो वर्तमान में पानी एवं अन्य संसाधनों के कारण खेती नहीं कर पा रहे हैं उन्हें ऑइल पाल्म की खेती की ओर प्रोत्साहित करने हेतु सुझाव दिया गया।

अध्यक्ष ने कहा कि नैनो यूरिया को बढ़ावा देने हेतु ड्रोन के माध्यम से छिड़काव हेतु कृषकों को प्रोत्साहित करें। कुकुट पालन को युवाओं के मध्य प्रोत्साहित किया जाए।मतस्य पालन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए। नहरों के माध्यम से पानीसभी खेतों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए तथा आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक में पूर्व विधायक प्रमोद

# जिपं अध्यक्ष बनीं स्वच्छता अभियान जिला प्रभारी

**बेमेतरा, प्रतिदिन राजधानी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ पूरे देश में हो रहा है। इसी कड़ी में जिले में भी बड़े पैमाने पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान और स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी को जिले का प्रभारी बनाया गया है।

इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक गाँव में 100 पौधे लगाए जाएँगे, जिन्हें नागरिक अपनी माँ के नाम से समर्पित करेंगे। इसके साथ ही हर पंचायत में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर प्रधानमंत्री जी के संकल्प 'स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत' को आगे बढ़ाया जाएगा। पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान जिन ग्राम पंचायतों में कल आयोजित होंगे वह भिंभौरी, हरदी, भालेसर , तिलई, मोवली, नेवनारा , बोरसी, गुधेली , चण्डी ,करेली, कोहरिया, देवसरा और खुडमुड़ी।

इस अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी ने कहा की यह अभियान केवल पौधा लगाने का नहीं, बल्कि माँ के प्रति कृतज्ञता और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वच्छता को आदत और वृक्षारोपण को परंपरा बनाएँ। यह न सिर्फ पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हरित और स्वच्छ भविष्य देने का एक संकल्प है।

इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण इस महाअभियान में शामिल होंगे। आयोजन के दौरान

# जेंडर इक्वलिटी के बिना नारी सशक्तिकरण की बात बेमानी है-अजय चंद्राकर

**कुरुद, प्रतिदिन राजधानी**

स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सिविल हॉस्पिटल कुरुद में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ विधायक अजय चन्द्राकर ने भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ किया। इस मौके पर उन्होंने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए दिर्घायु जीवन एवं उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने सृजन के देवता विश्वकर्मा जयंती की सभी को बधाई दी।



बुधवार को सिविल हॉस्पिटल में आयोजित एक दिवसीय विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन की बधाई देते हुए बताया कि मोदी जी ने देश के मुखिया के तौर पर जो काम किया है उसे देश याद रखेगा, लेकिन उन्होंने प्राचीन भारतीय योग, ध्यान जैसी विधाओं का वैश्विक पटल पर स्थापित कर हमें औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होकर अपनी सभ्यता और परम्परा पर गर्व करना सिखाया है। इस मौके पर विधायक श्री चन्द्राकर ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र हासिल उपल्बधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जेंडर इक्वलिटी (लैंगिक समानता) के बिना नारी सशक्तिकरण की बात बेमानी है।हमेंइस दिशा में काम करना होगा। क्योंकि देश और समाज के लिए है।नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने सेवा पखवाड़ा एवं कही। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार एवं सौ बिस्तर अस्पताल के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उपलब्ध सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। इसके लिए डाक्टरों एवं चिकित्सा कर्मियों को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने की जरूरत है। एम्स की वरिष्ठ महिला चिकित्सक मनीषा रुईकर ने कुरुद में एम्स युनिट खोलने का श्रेय क्षेत्रिय विधायक को देते हुए बताया कि 2018 में हुए एमओयू के बाद से एम्स स्टाफ़ लगातार लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रहा है। इसके पूर्व बीएओ हेमराज देवांगन ने अपने स्वागत भाषण में सेवा पखवाड़ा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


# देवपुर-तुरतुरिया मार्ग वन विभाग ने बंद किया

## मार्ग बंद करने का कारण विभागीय अफसर अलग-अलग बताते हैं...

**पिथौरा, प्रतिदिन राजधानी**

तुरतुरिया पहुंच मार्ग वन विभाग द्वारा देवपुर से ही बन्द कर दिया गया है। ज्ञात हो कि बलौदाबाजार जिले के तुरतुरिया को लव-कुश की जन्मस्थली माना जाता है, उक्त पर्यटन स्थल में वाल्मीकि आश्रम, बौद्ध विहार एवं रामसीता मंदिर के दर्शन कर संतान की कामना लेकर लगातार पर्यटक आते रहते हैं। परन्तु वर्तमान में नए डीएफओ के आने के बाद तुरतुरिया पहुंच मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया गया है। दूर-दूर से दर्शन के लिए आने वाले पर्यटकों को अब 20 किलोमीटर के स्थान पर 120 किलोमीटर का सफर तय कर तुरतुरिया पहुंचना पड़ रहा है। उक्त सम्बन्ध में डीएफओ एवं रेंजर ने सड़क बन्द करने के अलग-अलग कारण बताए।

अभ्यारण्य क्षेत्र में नए जिला वन अधिकारी के आने के बाद नए नए प्रयोग प्रारम्भ कर दिए जाते हैं। कभी पर्यटकों को बार आने से रोकते है तो कभी तुरतुरिया के लिए रास्ता बंद कर देते है। विगत करीब माह पूर्व वन विभाग द्वारा देवपुर जांच चौकी में एक फ्लैक्स लगाया गया, जिसमें तुरतुरिया मार्ग बंद होने की सूचना लिखी है। दूर क्षेत्र से तुरतुरिया दर्शन के लिए जाने निकले एक पर्यटक परिवार देवपुर से बगैर दर्शन के ही वापस लौट गया। क्योंकि वह देवपुर कसडोल की जर्जर सड़क से नहीं जाना चाहता था।




ग्रामीण सूत्र बताते हैं कि तुरतुरिया रामवन गमन पथ से भी जुड़ा है। महासमुंद जिला एवं ओडिशा, महाराष्ट्र, प. बंगाल की ओर से पर्यटन एवं लव-कुश जन्म स्थली के दर्शन करने काफी संख्या में पर्यटक इसी मार्ग से आते जाते हैं, परन्तु अब यह मार्ग बन्द होने से तुरतुरिया पर्यटन को खासा धक्का लगने की संभावना है।

ज्ञात हो कि पहले अभ्यारण्य को 15 जून को ही बन्द कर दिया गया, जबकि नियमतः 30 जून तक अभ्यारण्य खुला रहना चाहिए। इस निर्णय से पर्यटक रेस्टोरेंट जिप्सी संचालकों सहित उन सभी का नुकसान हुआ, जो पर्यटकों के भरोसे 30 जून तक अपनी रोजी रोटी चलाते हैं। इसके अलावा अब गांव के हाट बाजार में समान लेकर दुपहिया में आने जाने वालों से भी 30 रुपये का चालान शुल्क वसूला जा रहा है।

इस संबंध में बलौदाबाजार डीएफओ ने मीडिया को बताया कि शुल्क अभ्यारण्य से बाहर के लोगों से वसूला जा रहा है। ज्ञात हो कि 2 से 4 हजार तक के खाद्य या माता श्रृंगार सामग्री बेचने छोटे दुकानदार बार क्षेत्र के गांव में बेचने जाते हैं, उनसे यह शुल्क वसूला जा रहा है।

**संदिग्धों के लिए शुल्क के नाम पर उन पर नजर रखना जरूरी**

अभ्यारण्य अधीक्षक कृशानु चंद्राकर ने उक्त सम्बन्ध में बताया कि अभ्यारण्य के भीतर कुछ युवक तुरतुरिया जाने या किसी रिश्तेदार के नाम अंदर घुस रहे हैं और जंगल में स्टंट करते रील बना रहे हैं, जो कि अभ्यारण्य एवम वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। लिहाजा सभी उन्हें समझाइश दी जा रही है यदि अभी भी नहीं माने तो उनके मोबाइल नम्बर एवं पते के आधार पर कार्रवाई की जा सकेगी।

**अगले सप्ताह नवरात्र, नहीं जा सकेंगे श्रद्धालु**

ज्ञात हो कि अगले सप्ताह से ही 9 दिनों की नवरात्रि प्रारम्भ हो रही है। तुरतुरिया में मातागढ़ मंदिर का नवरात्रि में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, इसके अलावा जंगल के अंदर ही एक गुफा में विराजित चांदा दाई मंदिर में भी कोई सैकड़ा भर ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती है।यहां भी बरबसपुर की ओर से आने जाने के लिए रास्ता बंद कर दिया गया है जिससे ग्रामीण एवम माता भक्तों को निराश हो रही है।

**रेंजर ने वन्यप्राणी सुरक्षा एवं डीएफओ ने हाथी मूवमेंट को कारण बताया**

उक्त मामले में बलौदाबाजार वन मण्डल अधिकारी रणवीर धम्मशील ने मोबाइल पर 'छत्तीसगढ़' को बताया कि हाथियों के मूवमेंट के कारण अभी देवपुर दूसरी ओर देवपुर के रेंजर संतोष पैकरा ने वन्यप्राणियो की सुरक्षा के लिए मार्ग बंद कराने की बात कही है। ज्ञात हो कि पिथौरा से कसडोल मार्ग पर पड़ने वाले देवगढ़ घाट के ऊपर हाथी का मूवमेंट सबसे खतरनाक माना जाता है

# जिला जेल बलौदाबाजार का निरीक्षण

**बलौदाबाजार, प्रतिदिन राजधानी**

आज संयुक्त रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जेल विजिटर्स बोर्ड के सदस्यों के द्वारा जिला जेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया गयाअब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सचिव अमिता जायसवाल एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरीश पाल सिंह, विजिटर्स बोर्ड के सदस्य, जिला प्रशासन की ओर से प्रतिनिधि अपर कलेक्टर अबंध राम टण्डन, पुलिस प्रशासन की ओर से निधि नाग, डॉ. राजेश अवस्थी मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, रोजगार विभाग, कृषि विभाग, औद्योगिक विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में किसी प्रकार का जातिगत भेदभाव तो नहीं हो रहा है एवं बंदियों के चिकित्सा, स्वास्थ्य भोजन विधिक सहायता से अधिवक्ता, जेल के अभिलेखों का निरिक्षण किया जाना था। निरीक्षण में जेल के अंदर जातिगत भेदभाय की प्रथा नहीं होना पाया गया है। जेल के समस्त



बैरकों में जाकर उपस्थित बंदियों एवं जेल के कर्मचारी एवं अधिकारियों से चर्चा की गई तथा भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य परीक्षण एवं समय-समय पर चिकित्सा प्राप्त होने के संबंध में पूछा गया जो जेल नियमावली के अनुसार उचित होना पाया गया। अध्यक्ष के द्वारा स्वयं भोजन की गुणवत्ता एव खाद्य सामाग्री की जाच की गई साथ ही बंदियों को प्रदान की जाने वाली दवाईयों का निरीक्षण किया गया। बंदियों को विधिक सहायता के लिये जेल में लीगल एड क्लिनिक की स्थापना प्राधिकरण के द्वारा की गई है।

लीगल एड डिफेंस कॉसिल के सदस्य, पेनल अधिवक्ता पैरालीगल वालंटियर नियमित रूप से जेल विजिट कर बंदियों से मुलाकात कर उनके प्रकरणों की जानकारी प्रदान की जा रही है। वदियों की सुनवाई तिथि पर उपस्थिति विडियों कान्फंसिग के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है।

जेल में यह भी प्रयास किया जा रहा है कि जो वदी पढ़ना लिखना नही जानते है उन्हें साक्षर बनाया जा सके, जिससे वह अपना नाम लिख सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यलौदाबाजार के द्वारा समय-समय पर जिला जेल बलौदाबाजार में विधिक सेवा साक्षरता का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाचाजार के मार्गदर्शन में सचिव जिल्ला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा प्रत्येक बुधवार को जेल समीक्षा की जाती है जिसमें सदियों को प्ली वामेनिंग के प्रावधान, जगानत विचारण की प्रकिया वो संबंध में जानकारी दी जाती है। प्राधिकरण के द्वारा निरतर जेल समीक्षा के दौरान बंदियों के पास अधिवक्ता है या नहीं? की जांच की जाती है।

18 sept 25_Layout 1 9/17/2025 7:33 PM Page 1



# जापान के साथ फुटबॉल मैच खेलने पहुंची फर्जी पाकिस्तानी टीम, अफसरों ने एयरपोर्ट से वापस लौटाया

**लाहौर।** पाकिस्तान की फर्जी फुटबॉल टीम का भंडाफोड़ हुआ है। पाकिस्तान की एक फर्जी फुटबॉल टीम मैच खेलने के लिए जापान पहुंच गई। जांच के दौरान अधिकारियों को शक हुआ तो पूरी टीम के लोगों को जापान के एयरपोर्ट से ही वापस लौटा दिया। बाद में सामने आया कि टीम में असली खिलाड़ी नहीं बल्कि मानव तस्करी के जरिये लोगों को भेजा गया था।

संघीय जांच एजेंसी ने बताया कि 22 सदस्यीय फर्जी फुटबॉल टीम जून 2025 में जापान के एयरपोर्ट पर पहुंची। सभी लोग खिलाड़ियों की तरह फुटबॉल किट पहने थे। उन्होंने दावा किया कि वे पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन (PFF) में पंजीकृत हैं और जापान के एक क्लब के साथ उनका फुटबॉल मैच होना है।

उन्होंने यह भी कहा कि उनको 15 दिन का जापान का वीजा भी इसी आधार पर मिला है। टीम को लेकर जापान एयरपोर्ट पर मौजूद आव्रजन अधिकारियों को कुछ शक हुआ। अफसरों ने जांच की तो सच सामने आया और सभी 22 लोगों को एयरपोर्ट से ही वापस भेज दिया गया। मामला पाकिस्तान के पास पहुंचा जो उसने जांच एफआईए को सौंप दी।

### 2024 में भी गई थी फर्जी फुटबॉल टीम

एफआईए ने जांच के दौरान मंगलवार को मुख्य आरोपी वकास अली को पकड़ा। उसने बताया कि वह एक मानव तस्करी नेटवर्क से जुड़ा है। उसने 2024 में भी 17 लोगों को फर्जी फुटबॉल टीम के नाम पर जापान भेजा था। वे लोग कभी वापस नहीं लौटे।

फर्जी पत्र और एनओसी बनाई गई

जांच में पता लगा कि आरोपियों ने लोगों को जापान भेजने के लिए पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन और विदेश मंत्रालय के फर्जी पत्र व अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) बनाए थे। हर व्यक्ति से लगभग 45 लाख पाकिस्तानी रुपये वसूले गए। एफआईए इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और जल्द ही बड़े खुलासे हो सकते हैं।




# 'बालाकोट में बैठकर मसूद अजहर ने बनाई संसद और मुंबई हमलों की योजना'





## जैश कमांडर का बड़ा कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पाले हुए आतंकी ही पूरी दुनिया के सामने उसकी पोल-पट्टी खोलने में जुटे हैं। जैश ए मोहम्मद के शीर्ष कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने एक और बड़ा खुलासा किया है और कहा है कि दिल्ली और मुंबई पर हमलों के पीछे मसूद अजहर है और उसने बालाकोट में बैठकर इन हमलों की योजना बनाई। माना जा रहा है कि उसका आशय दिल्ली में संसद भवन पर हमले और मुंबई हमले से है। इससे साफ है कि भारत पर हमलों की योजना पाकिस्तान में बैठे आतंकियों ने बनाई, लेकिन दुनिया के सामने पाकिस्तान मसूद अजहर की उनके देश में मौजूदगी से साफ इनकार करता है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर भी किया खुलासा

मसूद इलियास कश्मीरी ने ये भी बताया कि किस तरह से भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जैश ए मोहम्मद के ठिकानों को निशाना बनाया और उन्हें तबाह कर दिया। वीडियो में मसूद इलियास कहते हुए सुनाई दे रहा है कि 'अपने देश की सीमाओं की हिफाजत के लिए हम दिल्ली में लड़े, काबुल और कांधार में लड़े। सबकुछ कुर्बान करने के बाद 7 मई को मौलाना मसूद अजहर के परिवार को तबाह कर दिया गया। भारतीय सुरक्षा बलों ने बहावलपुर में उन्हें टुकड़े-टुकड़े कर दिया।'

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की निर्मम तरीके से हत्या के बाद भारत ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस दौरान पाकिस्तान के बहावलपुर, कोटली और मुरीदके जैसे आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों को भी निशाना बनाया गया। बहावलपुर पाकिस्तान का 12वां सबसे बड़ा शहर है और इसे जैश ए मोहम्मद का गढ़ माना जाता है।

### जैश कमांडर का खुलासा- बालाकोट में बैठकर दिल्ली-मुंबई में हमले कराए

वीडियो में मसूद इलियास कश्मीरी कहता सुनाई दिया कि 'दिल्ली की तिहाड़ जेल से निकलकर अमीर उल मुजाहिद्दीन मौलाना मसूद अजहर पाकिस्तान आए और बालाकोट की धरती ने उन्हें पनाह दी। यही से उन्होंने अपने मिशन को आगे बढ़ाया और दिल्ली और मुंबई को दहलाया।' इलियास कश्मीरी ने ओसामा बिन लादेन का भी जिक्र किया और कहा कि उसने भी पाकिस्तान की धरती से आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। जैश कमांडर के इस खुलासे से पाकिस्तान का वह झूठ बेनकाब हो गया, जिसमें पाकिस्तान अपने यहां आतंकी ढांचे की मौजूदगी से इनकार करता है।

## 'खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशी सा बर्ताव'

# पर्यटक ने बताया 56 भारतीयों का दर्द

**नई दिल्ली।** जॉर्जिया में हालात बेहद दयनीय हैं। ये कहना है एक भारतीय महिला पर्यटक का। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कड़वे अनुभवों को साझा करते हुए कहा है कि इस देश में न तो खाने-पीने के सामान उपलब्ध हो रहे हैं न शौचालय जैसी बुनियादी चीजें नसीब हो रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखे अपने इस पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय का आधिकारिक हैंडल, विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर, भारतीय दूतावास, पीएम मोदी के हाथों सम्मानित हो चुकीं सेलिब्रिटी कर्ली टेल्स समेत कई लोगों को टैग किया है। उन्होंने कहा है कि हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने और शौचालय के इंतजार कराया गया।



### '56 भारतीयों को सीमा पर अमानवीय हालात झेलने पड़े'

भारतीय पर्यटकों के साथ अपमानजनक व्यवहार के इस मामले में इंस्टाग्राम यूजर ध्रुवी पटेल(@pateldhruvee) ने आरोप लगाया कि 56 भारतीय यात्रियों को आर्मेनिया से जॉर्जिया प्रवेश करने के दौरान सीमा पर अमानवीय हालात झेलने पड़े। उन्होंने कहा कि वैध ई-वीजा और दस्तावेज दिखाने के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें सादाखलो बॉर्डर पर कई घंटें तक रोके रखा।

### जमा देने वाली ठंड में बिना भोजन और शौचालय के इंतजार

पटेल के मुताबिक भारतीय समूह को 5 घंटे से अधिक वक्त जमा देने वाली ठंड में बिना भोजन और शौचालय के इंतजार कराया गया। अधिकारियों ने पासपोर्ट दो घंटे से ज्यादा जब्त रखे। यात्रियों को सड़क किनारे 'मवेशियों' की तरह बैठा कर रखा गया।

### अधिकारियों ने वीजा को 'गलत' बताकर अपमानजनक व्यवहार किया

जॉर्जिया की इस चिंताजनक घटना को लेकर भारतीय महिला ध्रुवी यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने यात्रियों के वीडियो इस तरीके से रिकॉर्ड किए जैसा सलूक अपराधियों के साथ किया जाता है। जब पर्यटकों के समूह में शामिल किसी ने वीडियो बनाने की पहल की तो उन्हें रिकॉर्डिंग करने से रोका गया। उन्होंने कहा, दस्तावेजों की ठीक से जांच किए बिना वीजा को 'गलत' कहकर अपमानजनक व्यवहार किया गया।

### पीएम मोदी और विदेश मंत्री डॉ जयशंकर से कड़ा एक्शन लेने की मांग

जॉर्जिया में मिले दर्दनाक अनुभवों को अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा करने वाली भारतीय महिला ध्रुवी पटेल ने इंसाफ की आस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाते हुए कहा, भारत को इस मामले में कड़ा रुख अपनाना चाहिए। जॉर्जिया में भारतीय लोगों के साथ किया गया व्यवहार। शर्मनाक और अस्वीकार्य है।

### इस मामले पर सोशल मीडिया पर यूजर्स ने किए ऐसे कमेंट्स

बता दें कि सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आए ये चौंकाने वाले दावे और जॉर्जिया की यह घटना उस समय चर्चा का विषय बनी जब कई अन्य यूजर्स ने भी पटेल के पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी। जिन लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, उनमें से एक यूजर ने लिखा, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जॉर्जिया में लंबे समय से भारतीयों के साथ ऐसा बर्ताव हो रहा है। एक अन्य ने सवाल पूछा कि जब यह समस्या लगातार बनी हुई है, तो भारतीय पर्यटक ऐसे देश में लगातार क्यों जा रहे हैं?

### कई मौकों पर भारतीय लोगों के साथ हुआ है अपमानजनक सलूक

कई कमेंट्स में इस देश में कथित नस्लीय भेदभाव की तरफ भी संकेत किया गया। लोगों का कहना है कि जॉर्जिया की सरकार भारतीयों के साथ भेदभाव करती रही है। एक अन्य यूजर के मुताबिक करीब छह वर्ष पहले साल 2019 में रूस से प्रवेश के समय भी उन्होंने ऐसी कहानियां सुनी थीं। उन्हें आसानी से प्रवेश मिला और यात्रा सुखद रही। हालांकि, उन्होंने ये भी स्वीकार किया कि बीते कई वर्षों में भारतीयों को कई बार परेशान किया गया है।



# यमन के बंदरगाह पर इस्राइल का हमला, हूती विद्रोहियों का एयर डिफेंस भेदने को की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** यमन के हुदेदा बंदरगाह पर इस्राइल ने हमला किया है। हूती विद्रोहियों का एयर डिफेंस भेदने को की गई इस कार्रवाई में सैन्य ढांचे को निशाना बनाए जाने का दावा किया गया है। हूती विद्रोहियों के प्रवक्तायहया सारी ने बताया कि उनकी वायु-रक्षा प्रणाली के कारण इस्राइली विमानों को पीछे हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि एयर डिफेंस सिस्टम से मिली चुनौती के कारण इस्राइली सेना के कुछ विमानों को यमन की वायुसीमा से पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

इस्राइली सेना ने दावा किया कि उसने मंगलवार को हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले बंदरगाह पर 'सैन्य ढांचे' को निशाना बनाया। इस्राइल के मुताबिक यमन की इस जगह का इस्तेमाल ईरान से हथियारों की आपूर्ति और इस्राइल के अलावा उसके सहयोगियों पर हमले की योजना बनाने के लिए होता है।

### पिछले हफ्ते भी इस्राइल ने हमला किया था, 31 लोगों की हुई थी मौत

बंदरगाह हमला ऐसे समय में हुआ जब यमन की राजधानी सना में पिछले हफ्ते इस्राइली हमले में 31 लोगों के मारे जाने के बाद उनके अंतिम संस्कार संबंधी गतिविधियां हो रही थीं। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइली हमलों में दर्जनों लोग मारे गए थे। हताहत होने वाले लोगों में पत्रकारों के अलावा आम नागरिक भी शामिल थे। बीते हफ्ते इस्राइल ने जो हमले किए इसमें यमन के सैन्य मुख्यालय, ईंधन स्टेशन और आवासीय इलाकों के अलावा राष्ट्रीय संग्रहालय और जव्फ प्रांत की राजधानी हज्म के कई सरकारी भवनों को भी भारी नुकसान हुआ।

### हूती विद्रोहियों के इन ठिकानों पर इस्राइल ने किए सटीक हमले

पिछले सप्ताह इस्राइल के हमले से पहले हूती विद्रोहियों ने इस्राइल की तरफ एक ड्रोन लॉन्च किया था। यह दक्षिणी हिस्से में एक हवाई अड्डे से टकरा गया था। इस हमले में खिड़कियों के शीशे टूटे थे, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ था। इसके बाद इस्राइल ने पलटवार किया। उसने दावा किया कि हूती विद्रोहियों के खुफिया केंद्र, ईंधन भंडार और मीडिया प्रचार विभाग पर सटीक निशाना साधा गया। अंतिम संस्कार से जुड़ी तस्वीरें यमन के अल-मसीरा टीवी पर दिखाई गईं। बारिश के बीच शवयात्रा और मस्जिद में नमाज-ए-जनाजा हुई। खराब मौसम के कारण लोग कम दिखे लेकिन अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद लोगों ने इस्राइली हमले में 31 लोगों की मौत को देश के लिए 'बहुत बड़ी क्षति' बताया।

हूती विद्रोही बीते लगभग दो वर्षों से इस्राइल और उसके सहयोगियों को निशाना बनाने के लिए मिसाइल और ड्रोन से हमले कर रहे हैं। कई मौकों पर लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर भी हमले किए गए हैं। उनका कहना है कि गाजा पट्टी में फलस्तीनि लोगों के खिलाफ इस्राइल के हमले और दमन की कार्रवाई के विरोध में वे इस्राइली ताकतों के खिलाफ हमले कर रहे हैं।

# कैनेडी के खिलाफ गवाही देंगी सीडीसी की बर्खास्त प्रमुख, बिना सबूत वैक्सीन को मंजूरी देने का आरोप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की बर्खास्त निदेशक सुजैन मोनारेज सीनेट के सामने गवाही देंगी। इस गवाही में मोनोरेज सीनेटरों को बताएंगी कि स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने उन पर वैज्ञानिक प्रमाण देखे बिना नई वैक्सीन सिफारिशों का समर्थन करने का दबाव डाला था। सीनेट के सामने यह सुनवाई बुधवार को होगी। गवाही की प्रति मीडिया में लीक हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोनोरेज गवाही में ये भी बताएंगी कि कैनेडी ने उन्हें अल्टीमेटम दिया था या तो वे वैक्सीन को मंजूरी दें या फिर उन्हें बर्खास्त कर दिया जाएगा। मोनोरेज ने कहा कि वैक्सीन की सुरक्षा पर संदेह भी है।

### सीनेट की स्वास्थ्य समिति के सामने पेश होंगी मोनोरेज

गौरतलब है कि मोनोरेज को कैनेडी ने ही सीडीसी प्रमुख के रूप में चुना था, जिन्हें बाद में ट्रंप ने नामित किया। हालांकि उनके पद ग्रहण करने के कुछ ही हफ्तों बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। अपनी बर्खास्तगी को लेकर मोनोरेज सीनेट की स्वास्थ्य समिति के सामने पेश होंगी। गवाही की प्रति के अनुसार, मोनारेज सीनेटरों के सामने अपनी शुरुआती गवाही में कहेंगी, 'दबाव में भी, मैं सबूतों की जगह विचारधारा नहीं ला सकती थी या अपनी ईमानदारी से समझौता नहीं कर सकती थी। टीकाकरण नीति विश्वसनीय आंकड़ों से चलनी चाहिए, न कि पूर्व निर्धारित परिणामों से।'



### जनता के लिए वैक्सीन की सिफारिश करती है सीडीसी

मोनारेज ने यह भी दावा किया कि कैनेडी ने उन्हें बिना किसी कारण के सीडीसी के कई उच्च पदस्थ अधिकारियों को नौकरी से निकालने का निर्देश दिया था। सीडीसी अमेरिका की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी है, जो जनता को टीकों की सिफारिशें करने के लिए जिम्मेदार है। सीनेट की सुनवाई वैक्सीन के बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर केंद्रित होगी। मोनारेज के अलावा पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डेबरा होउरी, भी समिति के सामने गवाही देंगी।

### स्वास्थ्य मंत्री ने आरोपों को खारिज किया

वहीं स्वास्थ्य मंत्री कैनेडी ने मोनारेज के उन आरोपों का खंडन किया है। हालांकि, उन्होंने इस महीने की शुरुआत में सीनेट की एक सुनवाई के दौरान स्वीकार किया था कि उन्होंने मोनारेज को सीडीसी के कई शीर्ष अधिकारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया था। सीनेट की यह सुनवाई अटलांटा में वैक्सीन पैनल के दो दिवसीय सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले हो रही है, जिसमें कोविड-19, हेपेटाइटिस बी और चिकनपॉक्स के टीकों पर चर्चा होगी।

# नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के मद्देनज़र चलाए जा रहे अभियान के दौरान सीमा पार के नार्को-आतंकी नेटवर्कों के विरुद्ध बड़ी सफलता दर्ज करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने मोगा निवासी जगप्रीत सिंह उर्फ जग्गा द्वारा चलाए जा रहे नशा तस्करी सिंडिकेट के मुख्य कार्यकर्ता को 7.1 किलोग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर इस नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बुधवार को यहां दी। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यासीन मुहम्मद (22) के रूप में हुई है, जो कि संभल, उत्तर प्रदेश (यू.पी.) के गाँव अटवा का निवासी है और इस समय मोहाली के गाँव लालड़ु में रह रहा था। आरोपी की आपराधिक पृष्टभूमि है और उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, चोरी और स्नैचिंग के मामले दर्ज हैं। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जगप्रीत सिंह उर्फ जग्गा पाकिस्तान-आधारित तस्करों के संपर्क में था और गिरफ्तार आरोपी यासीन मुहम्मद के साथ मिलकर नेटवर्क चला रहा था। डीजीपी ने कहा कि नेटवर्क के अगले-पिछले संबंधों की गहराई से जांच की जा रही है ताकि पूरे गठजोड़ का पर्दाफाश किया जा सके।



ऑपरेशन संबंधी विवरण साझा करते हुए, पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पुलिस टीमों को विश्वसनीय सूत्रों से पुख़्ता सूचना मिली थी कि आरोपी जगप्रीत के निर्देशों पर उसका साथी, अजनाला सेक्टर के एक निर्धारित क्षेत्र में, पाक-आधारित तस्करों द्वारा ड्रोन के ज़रिए गिराई गई हेरोइन की खेप प्राप्त कर चुका है।

# वैंकूवर दूतावास घेरने की खालिस्तानी साजिश, भारतीय उच्चायुक्त की आपत्तिजनक फोटो भी बनाई

**वैंकूवर (कनाडा)।** अमेरिका से संचालित होने वाले खालिस्तानी संगठन' 'सिख्स फॉर जस्टिस (SFJ)' ने एक बार फिर भारत का विरोध किया है। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के घेराव की साजिश रचने वाले इस संगठन के लोगों ने दूतावास के अधिकारी की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई है।

एसएफजे की धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत और कनाडा अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। संभावित विरोध की इस खबर के मुताबिक खालिस्तान समर्थक इस संगठन ने एलान किया है कि गुरुवार को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेंगे।

भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित रखने की अपील भी की गई है।



### भारतीय उच्चायुक्त की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई

इस संबंध में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक SFJ ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक के चेहरे पर निशाना साधते हुए दिखाया गया है।

संगठन ने आरोप लगाया है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की निगरानी कर रहा है। एसएफजे ने जासूसी नेटवर्क चलाने जैसे मनगढ़ंत, बेबुनियाद और बेतुके आरोप भी लगाए हैं।

### पूर्व पीएम ट्रूडो के बयान की आड़ में निज्जर की हत्या का उल्लेख

इस संगठन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक करीब दो साल पहले 18 सितंबर 2023 को तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने देश की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में 'भारतीय एजेंटों की कथित भूमिका' की जांच कराने की बात कही थी।

### कनाडा में विरोध की खबरों पर भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से फिलहाल कोई बयान नहीं

पूर्व प्रधानमंत्री के बयान के करीब दो साल बाद सितंबर माह में ही प्रस्तावित विरोध को लेकर भारत विरोधी संगठन- एसएफजे ने कहा, दो साल बाद भी भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान चलाने वालों को निशाना बना रहे हैं। खतरा इतना गंभीर था कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (RCMP) को निज्जर की मौत के बाद संगठन के अभियान का नेतृत्व कर रहे इंदरजीत सिंह गोसल को गवाह बनाकर सुरक्षा देनी पड़ी। SFJ का कहना है कि वैंकूवर वाणिज्य दूतावास का घेराव कर वे भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे। वे उनसे कनाडा में कथित 'जासूसी और डराने-धमकाने' के मामले में जवाब भी मांगेंगे। खबर लिखे जाने तक इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय और वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

### आतंकी संगठन खालिस्तान का कर रहे समर्थन, आर्थिक मदद की बात सरकार ने खुद मानी

यह भी रोचक है कि हाल ही में कनाडाई सरकार ने एक आंतरिक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें स्वीकार किया गया है कि चरमपंथी खालिस्तानी समूहों को कनाडा में रहने वाले कुछ लोगों और नेटवर्क से आर्थिक मदद मिल रही है। 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' और 'इंटरनेशनल एसवाईएफ' जैसे संगठनों का नाम शामिल है। कनाडाई कानून के तहत इन्हें आतंकी संगठन घोषित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने 1.84 लाख श्रमिकों को 65 करोड़ से अधिक की सहायता राशि प्रदान की

# श्रमवीर समाज की रीढ़ हैं, उनके योगदान से ही विकसित छग का सपना होगा साकार : सीएम साय

**दीदी ई-रिक्शा योजना की सहायता राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की घोषणा**

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित श्रमिक महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माण और विकास में श्रमवीरों की भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि श्रमवीर समाज की रीढ़ हैं और उनके योगदान से ही विकसित छत्तीसगढ़ तथा विकसित भारत का सपना साकार होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रमिकों के परिश्रम और योगदान की सराहना करते हुए कहा कि श्रमवीरों के उत्साह और भागीदारी से प्रदेशवासियों के सपने पूरे होंगे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएँ दीं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशभर के मेहनतकश श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया। उन्होंने घोषणा की कि दीदी ई–रिक्शा योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की जाएगी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना के अंतर्गत श्रमिकों को मकान निर्माण के लिए दी जाने वाली सहायता राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की जाएगी। साथ ही, पंजीकृत श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज का संपूर्ण खर्च अब श्रम विभाग द्वारा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और बीते 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनहितैषी कार्यों से प्रदेश के विकास को नई गति दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर हम सभी श्रमवीरों के परिश्रम को नमन करते हैं।

## भाजपा सिविल लाइन मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कालीमाता मंदिर में की पूजा अर्चना



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



भाजपा सिविल लाइन मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कालीमाता मंदिर में पूजा अर्चना कर लंबी आयु की कामना की गई।

बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने मोदी जी दीर्घायु हो और लंबी आयु की कामना की। बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने मोदी के जन्मदिन पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर , जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा पार्षद अमर गिदवानी स्वप्निल मिश्रा तेजकुमार बजाज सुनील शर्मा धनेश मटलानी शैलेंद्र सिंह सोमवंशी सुनीता तिवारी शिव यादव गायत्री देवांगन पंडित मनोज शर्मा सभी ने जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मुख्यमंत्री साय आज रायपुर-राजिम-रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन का करेंगे शुभारंभ

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज गुरुवार को रायपुर–राजिम–रायपुर मेमू पैसेंजर नई सेवा का शुभारंभ राजिम रेलवे स्टेशन से प्रातः 10:30 बजे करेंगे। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं रूपकुमारी चौधरी, विधायक इन्द्रकुमार साहू और रोहित साहू की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

रायपुर–राजिम–रायपुर मेमू पैसेंजर नई सेवा से यात्रियों को सुगम, सुलभ और किफ़ायती यात्रा का विकल्प उपलब्ध होगा। ग्रामीण अंचलों से राजधानी रायपुर का आवागमन अधिक सुविधाजनक बनेगा। राजधानी आने वाले विद्यार्थी, नौकरीपेशा वर्ग और व्यापारी वर्ग के लिए यह ट्रेन विशेष रूप से उपयोगी होगी। इसके साथ ही इस नई सेवा से छत्तीसगढ़ के प्रयाग–राजिम तक सीधी रेल पहुँच सुनिश्चित होगी, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर और अभनपुर के मध्य संचालित रायपुर–अभनपुर–रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन अब राजिम तक विस्तार किया जा रहा है। 19 सितम्बर 2025 से नियमित समय–सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 68766/68767 रायपुर–राजिम–रायपुर मेमू पैसेंजर प्रतिदिन दोनों छोर से–राजिम और रायपुर से–संचालित होगी।

## परोपकार फाउंडेशन द्वारा एक पेड मां के नाम के तहत रोपे 6000 पौधे





रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम के तहत परोपकार फाउंडेशन के द्वारा नया रायपुर में 6000 पेड़ लगाकर ऐतिहासिक कार्य किया गया। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, परोपकार फ़ाउंडेशन के चेयरमैन नितिन अग्रवाल, आशीष जैन, धनेश मटलानी एवं रितेश वाधवा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री साय से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की सौजन्य भेंट



रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण तथा बच्चों के पोषण और शिक्षा से संबंधित चल रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर इन क्षेत्रों में और अधिक प्रभावी कार्य करेंगे।

## सोनी कारीगरों का विश्वकर्मा जयंती पर सम्मान





रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



आज विश्वकर्मा जयंती के पर्व पर राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीति भागीदारी मंच के राष्ट्रीय सचिव श्री संजीव कुमार सोनी ने रायपुर सदर बाजार स्थित हलवाई लाइन में सोना चांदी आभूषण के काम करने वाले कई पीढियां से सोनी परिवार के कारीगरों से मुलाकात कर उन्हें विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी एवं उन सभी से उनके परिवार का हाल–चाल जाना तथा आगे उन सभी को संगठित होने का आवाहन किया एवं आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर तथा स्वदेशी अपना व्यवसाय ।

का जो कर रहे हैं लंबे समय से उनके लिए शुभकामनाएं प्रेषित की राष्ट्रीय सचिव संजीव सोनी ने निम्न लोगों को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया जिसमें शत्रुघ्न सोनी रामसागर सोनी रामसागर सोनी प्रकाश सोनी प्रेम सिंह सोनी रविंद्र सोनी कैलाश सोनी रामू सोनी विनोद सोनी देवी प्रसाद सोनी ऐसे गणमान्य और भी आभूषण के काम करने वाले लोगों ने राष्ट्रीय सचिव संजीव सोनी का आभार माना एवं सभी कारीगरों ने एक सूत्र में स्वर्ण कला रजत कला बोर्ड के निर्माण हेतु शासन से शीघ्र करने की मांग की।

## देवताओं के इंजीनियर 'भगवान विश्वकर्मा' की जयंती पर निकाली गई जोरदार शोभायात्रा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)





देवताओं के इंजीनियर माने जाने वाले 'भगवान विश्वकर्मा' की जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर के विश्वकर्मा समाज द्वारा दुलार धर्म शाला बढ़ईपारा से देर शाम भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान विश्वकर्मा जी की मनमोहक झाकी बना कर नगर भ्रमण करवाया गया। विश्वकर्मा जयंती के कार्यक्रम में विश्वकर्मा समाज के लोग बढ़ चढ़कर पिछले कई वर्षों से नगर में मना रहे हैं। एवं भव्य शोभा यात्रा निकल कर भगवान विश्वकर्मा को नगर भ्रमण करवाते है । साथ ही अन्य समाज के लोग भी इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हैं। विश्वकर्मा पूजन समिति 2025 के अध्यक्ष सन्नी शर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती शोभायात्रा आरंभ हुई तो एक भव्य रथ पर विराजमान भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का पूजन अर्चन विधिविधान से किया गया।

देवताओं के इंजीनियर भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर निकाली गई जोरदार शोभायात्रा में जगह–जगह आरती और स्वागत किया गया। लोगों ने घरों पर भी की विश्वकर्मा भगवान की पूजा, उपकरणों को भी हुई पूजा भी की गई। जवाहर नगर मंडल द्वारा भी राठौड़ चौंक में भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। इस अवसर पर जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप जंघेल के साथ अन्य पदाधिकारीगण उपस्थिति थे।

यह शोभा यात्रा बढ़ई पारा स्थित श्री दुलार धर्मशाला से प्रारंभ होकर रामसागर पारा होते हुए राठौड़ चौक,तेलघानी नाका,अग्रसेन चौक, आमापारा चौक होते हुए आजाद चौक तात्यापारा चौक, से ललिता चौक होते हुए वापस दुलार धर्मशाला मे धार्मिक वातावरण में समापन किया गया। शोभा यात्रा ने पूरे नगर में भ्रमण किया। जगह–जगह लोगों ने पुष्प वर्षा करके और आरती उतार कर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। जयंती को लेकर आज विश्वकर्मा समाज के प्रतिष्ठान सवेरे से ही बंद थे। भगवान विश्वकर्मा की पूजा के लिए जगह–जगह पूजा पाठ के आयोजन किए गए।

शोभा यात्रा में विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ सदस्य,महिला मंडल,नवयुवक मंडल,बालिका मंडल एवं शोभा यात्रा में विशेष रूप से लौह एवं शिल्पकला बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व सभापति श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा जी, तात्यापारा वार्ड की पार्षद जोन 7 की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा जी,मंडल महामंत्री रमेश शर्मा,पूजन समिति के अध्यक्ष सन्नी शर्मा,अश्वनी विश्वकर्मा,प्रमोद विश्वकर्मा,सूरज शर्मा,शंकर शर्मा,संतोष विश्वकर्मा,अमित शर्मा,राहुल विश्वकर्मा,राजेंद्र विश्वकर्मा,शैलेश शर्मा, विशेष रूप से उपस्थित थे। शोभा यात्रा में बराबर भगवान विश्वकर्मा की जय जय कर के नारे गूंजते रहे।

# छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं परोपकार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर एक पेड़ माँ के नाम किया वृक्षारोपण

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

17 सितम्बर 2025 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर, गोल्फफेडरेशन ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, और परोपकार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन नवा रायपुर के सेक्टर 24 में दोपहर 1 बजे संपन्न हुआ। इस अवसर पर, चेंबर पदाधिकरिगण और कार्यक्रम की चेयरपर्सन शानवी मित्तल की गरिमामयी उपस्थिति में, सभी ने न केवल पेड़ लगाए बल्कि उन्हें बड़ा और सुरक्षित करने का संकल्प भी लिया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देना है।





चेंबर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी ने कहा कि आज, हम सब मिलकर न केवल पेड़ लगा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहरा रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी ने 'स्वच्छ भारत' और 'फिट इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से देश को नई दिशा दी है। आज का यह आयोजन उनकी दूरदर्शिता और पर्यावरण के प्रति उनके समर्पण को समर्पित है।

पेड़ लगाना केवल एक पौधा रोपना नहीं है, बल्कि यह भविष्य के लिए एक निवेश है। यह हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण देने का संकल्प है। मैं गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया और परोपकार फ़ाउंडेशन का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इस नेक पहल के लिए हमारे साथ हाथ मिलाया।

आइए, हम सब मिलकर इस संकल्प को पूरा करें और अपने शहर, अपने राज्य और अपने देश को हरा–भरा बनाने में योगदान दें। जय हिंद!

इस शानदार आयोजन में चेंबर के कई पदाधिकारी और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने अपने हाथों से पौधे रोपकर 'स्वस्थ पर्यावरण' मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। यह कार्यक्रम पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के संयोजक चेंबर उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन, दिलीप इसरानी एवं चेंबर सदस्य प्रसून दीक्षित रहे।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, चेंबर सलाहकार सरल मोदी, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, उपाध्यक्ष संतोष जैन, राज कुमार तारवानी, कन्हैया महतो, विनय कुमार साहू, प्रकाश लालवानी, सोनिया साहू, हरिराम तलरेजा, महेंद्र बागरोड़िया, दिलीप इसरानी, मंत्री प्रशांत गुप्ता, आलोक शर्मा, राजेंद्र पारख, पंकज छिजवानी, सतीश बागडी, परोपकार फ़ाउंडेशन चेयरपर्सन शानवी मित्तल, नितिन अग्रवाल, चेंबर सदस्य प्रसून दीक्षित, आनंद साहू, धर्मदास दासनि, सुप्तान्शु बाजपेई, मनोज तिवारी, शास्वत महतो सहित बड़ी संख्या में व्यापारिगण उपस्थित रहे।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444